खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➛ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 25 नवम्बर 2023 । वर्ष –68 । अंक –16 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ इतिहास को जानबूझकर...
■ पूंजी के लिए कमाया... 04
■ आईडीएफ ने अल-शिफा अस्पताल के...
■ इंडोनेशिया में लगा 4 दिवसीय मिलेट मेला 09
■ महंगाई की मार! भारत में 14 फीसदी तक...
■ आरबीआई ने 5 को-ऑपरेटिव बैंक पर लगाया... 11
■ मैं कप्तानी के बोझ को...
■ विश्वकप के दौरान... 10

सार संक्षेप

## मुंबई हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा-टर्मिनल 2 को उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है तथा इसे रोकने के एवज में बिटकॉइन में 10 लाख डॉलर दिए जाने की मांग की गई है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्थानीय सहार पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज करने के साथ ही मुंबई पुलिस के साइबर क्राइम सेल को भी सूचित किया गया। हवाई अड्डे के फीडबैक इनबॉक्स में गुरुवार को धमकी भरा ईमेल मिला जिसमें प्रेषक ने हवाई अड्डे के टर्मिनल दो पर विस्फोट को रोकने के लिए 48 घंटों के भीतर बिटकॉइन में 10 लाख डॉलर की मांग की।

## बॉलीवुड फिल्मकार राज कुमार कोहली का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने



फिल्मकार राज कुमार कोहली का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि राजकुमार कोहली शुक्रवार सुबह नहाने केलिए बाथरूम गए थे, लेकिन बहुत देर तक वह बाहर नहीं निकले। इसके बाद उनके बेटे अरमान कोहली ने बाथरूम का दरवाजा तोड़ दिया और फिर पिता को बाहर निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। राजकुमार कोहली का जन्म वर्ष 1930 में लाहौर में हुआ था। राजकुमार कोहली ने अपने सिने करियर की शुरुआत बतौर निर्माता वर्ष 1963 में प्रदर्शित पंजाबी फिल्म सपनी से की।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** शहीद की मां के विलाप के बीच मंत्री को फोटो खिचवाने की पड़ी रही।
**चुहिया- हां प्रिये-** खुद के प्रचार का लालच अक्सर सरोकारों को रौंदकर रख देता है।

### सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

# राज्यपाल राज्य में नाममात्र के प्रमुख, विधेयक अनिश्चितकाल तक रोककर नहीं रख सकते

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** देश की शीर्ष अदालत ने राज्यपालों द्वारा विधेयकों को रोककर रखने की प्रवृत्ति को गलत बताते हुए कहा है कि- 'लोकतंत्र के संसदीय स्वरूप में वास्तविक शक्ति जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों में निहित होती है, जो राज्यों और केंद्र दोनों में सरकारों में राज्य विधानमंडल और संसद के सदस्य शामिल होते हैं।' सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए कहा है कि राज्यपाल राज्य के निर्वाचित प्रमुख नहीं हैं, बल्कि राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त राज्य के नाममात्र के प्रमुख हैं। शीर्ष अदालत ने कहा है कि कैबिनेट स्वरूप में सरकार के सदस्य विधायिका के प्रति जवाबदेह होते हैं। उनकी जांच के अधीन होते हैं।



मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ कहा है कि 'राज्य के एक अनिर्वाचित प्रमुख के रूप में राज्यपाल को कुछ संवैधानिक शक्तियां सौंपी गई हैं, लेकिन इन शक्तियों का इस्तेमाल राज्य विधानसभाओं द्वारा कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को विफल करने के लिए नहीं किया जा सकता है। पीठ ने साफ किया कि राज्यपाल विधेयक को मंजूरी रोककर विधानमंडल को वीटो नहीं कर सकते और मंजूरी देने से इनकार करने पर विधेयक को विधानसभा को वापस लौटाना होगा। पीठ ने पंजाब सरकार की याचिका पर यह फैसला दिया है।

# डीपफेक रोकने सरकार ने कसी कमर

## सख्त फरमान : 7 दिन में नियम तय करें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म

### सरकार तैयार कर रही नया प्लेटफार्म, आम नागरिक भी दर्ज करा सकेंगे सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ शिकायत



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार डीपफेक जैसी आपत्तिजनक सामग्री से पीड़ित होने पर आईटी नियमों के उल्लंघन के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में नागरिकों की सहायता करेगी। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को आईटी नियमों के अनुसार अपनी इस्तेमाल की शर्तों को तय करने के लिए सात दिन का समय दिया गया है।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करेगा, जिस पर यूजर्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा आईटी नियमों के उल्लंघन के बारे में सूचित कर सकेंगे। मंत्री ने कहा यह प्लेटफार्म यूजर्स को आईटी नियमों के उल्लंघन के बारे में बहुत आसानी से सूचित करने और एफआईआर दर्ज करने में सहायता करेगा। सोशल मीडिया मंचों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद चंद्रशेखर ने

`` इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि- आज से आईटी नियमों का उल्लंघन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं (जीरो टॉलरेंस) किया जाएगा।'' मध्यस्थ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और यदि वे यह जानकारी देते हैं कि सामग्री कहां से आई है, तो सामग्री साझा करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

पत्रकारों से कहा, उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मंचों को आईटी नियमों के मुताबिक बदलाव करने के लिए सात दिन का समय दिया गया है।

### शहादत पर मंत्री के पब्लिसिटी स्टंट को लेकर बवाल

# ये प्रदर्शनी मत लगाओ.., शहीद की मां का करूण विलाप, मंत्री को खिंचवानी थी चेक के साथ फोटो



*__आगरा।__ गहरे दुख की घड़ी में प्रचार की मानसिकता कैसे दुख को और बढ़ा देती है, इसकी एक बानगी आगरा में देखी गई जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।*

*आगरा के कैप्टन शुभम गुप्ता भी उन लोगों में शामिल हैं, जो जम्मू कश्मीर के राजौरी में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हो गए। शुभम गुप्ता के शहीद होने की जानकारी मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग इनके घर परिजनों से मिलने पहुंचने लगे। शुभम गुप्ता के परिजनों से मिलने और सहायता राशि देने उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय पहुंचे, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।*

*लोग इस वीडियो पर नाराजगी भी व्यक्त कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता की मां के हाथ में यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ तरफ से 50 लाख रुपए का चेक दिया। जिस वक्त मंत्री चेक सौंप रहे थे, उस वक्त कैप्टन शुभम गुप्ता की मां रो रही थीं और लोग फोटो खींच और खिंचवा रहे थे। लोगों को फोटो खिंचवाते और खींचते देख कैप्टन शुभम गुप्ता की मां ने कहा, मेरे लिए प्रदर्शनी मत लगाओ, मत करो. मत करो। मेरे प्यारे बेटे को बुला दो। मेरी दुनिया खत्म हो गई। मेरा सबकुछ खत्म हो गया। मेरे बेटू शुभम आ जा सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो रहा है, जिस पर लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।*

# राजस्थान में प्रत्याशियों की परीक्षा आज

## 200 विस सीटों में 199 सीटों पर डाले जाएंगे वोट

**जयपुर, ( एजेंसियां )।** राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए शनिवार को मतदान होगा, जिसके लिए सभी तैयारियों पूर्ण कर ली गई है और इस बार पांच करोड़ 26 लाख 90 हजार 146 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदान शनिवार को सुबह सात से शाम छह बजे तक कराया जाएगा। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और मतदान के लिए मतदान दल मतदान केंद्रों पर पहुंच गए हैं। इस चुनाव में राज्य की 200 विधानसभा सीटों में 199 सीटों के लिए 1860 से अधिक उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गंगानगर जिले में करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया।

# सुप्रीम कोर्ट ने गौतम अडानी को क्लीन चिट दी?

## कहा- हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को सही नहीं मान सकते

**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडानी की मुश्किलें हिंडनबर्ग की एक रिपोर्ट के सामने आने के बाद से काफी ज्यादा बढ़ चुकी है। पिछले कुछ महीनों पहले तक तो उस एक रिपोर्ट की वजह से अडानी की संपत्ति को तगड़ी चपत लगी थी और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस समय उसी रिपोर्ट के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में भी एक मामला चल रहा है जिस पर आज यानी कि शुक्रवार को अहम सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद सर्वोच्च अदालत ने भी अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।



सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि वर्तमान स्थिति में वे हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को सत्य नहीं मान सकते हैं। इस समय कोर्ट के पास उस रिपोर्ट की वास्तविकता चेक करने के लिए कोई साधन नहीं है, ऐसे में सेबी को मामले की जांच करने के लिए कहा गया है। ये अलग बात है कि याचिकाकर्ता इससे नाखुश हैं, उनकी तरफ से तो कोर्ट में यहां तक कहा गया है कि सेबी को इस पूरे मामले की जानकारी पहले से है, उसने जांच भी कर ली है, लेकिन कोई खुलासा नहीं किया जा रहा। इन दावों पर कोर्ट ने भी दो टूक कहा है कि अगर जांच हुई है तो उसका सबूत कहां है, क्या साक्ष्य है। किस आधार पर सेबी की जांच पर सवाल उठाए जा रहे हैं। वैसे सुनवाई के दौरान प्रशांत भूषण ने सेबी पर कई सवाल दागे, उनका कहना रहा कि गैर कानूनी तरीके से पैसों को दुबई और मॉरीशस भेजा गया था, बाद में वही पैसा अडानी के शेयर में इनवेस्ट भी हो गया। इन्हीं पहलुओं पर सेबी ने कोई जांच नहीं की। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी सवाल उठाया कि अगर ऐसा है भी तो सेबी के बजाय जांच तो डीआरआई को करनी चाहिए।

# उत्तरकाशी में कम नहीं हो रहीं बाधाएं, रास्ते में आया स्टील पाइप, काटकर बाहर निकाला

## सुरंग में फंसे मजदूरों के जल्द बाहर निकलने का सभी को इंतजार

**उत्तरकाशी, देशबन्धु।** उत्तराखंड में उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए ड्रिलिंग कर रही अमेरिकी ऑगर मशीन के सामने फिर बाधा आ गई।

शुक्रवार शाम साढ़े चार बजे मशीन से करीब 24 घंटे बाद फिर ड्रिलिंग शुरू की गई थी, लेकिन फिर ऑगर के आगे सरिया व लोहे के पाइप आ गए हैं। सुरंग के भीतर फंसे मजदूरों के बाहर निकलने का सभी को इंतजार है। काम लगातार जारी है, यह इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। एक छोटी सी बाधा ने इंतजार का समय और बढ़ाने का काम किया है। बताया जा रहा है कि 800 एमएम व्यास के ह्यूम पाइप्स मजदूरों तक पहुंचने के बेहद करीब थे, लेकिन मलबे में मोटी सरिया के ऑगर मशीन कटर पर अटकने से पुर्जे ही टूट गए। ऐसे में अंदर टेक्निकल दिक्कतों को दूर करने के लिए रातों रात दिल्ली से हेली की मदद लेकर एक्सपर्ट बुलाने पड़े और एनडीआरएफ, एसडीआरडीएफ सहित टीएचडीसी के इंजीनियरों की भी मदद ली गई। उम्मीद



जताई जा रही थी कि देर शाम या शुक्रवार तक सभी बाहर आ जाएंगे, लेकिन फिलहाल सुरंग के अंदर से रेस्क्यू कार्य को लेकर कोई खुशखबरी सामने अब तक नहीं आई है। ➢➢शेष पृष्ठ 2 पर

# दिल्ली के अस्पताल में बड़ा हादसा, करंट लगने से 3 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रणहौला इलाके में एक निजी अस्पताल में करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गई है। रणहौला के के विकास नगर में स्थित अस्पताल के वॉटर टैंक में करंट उतरा था। मरने वाले तीनों लोग अस्पताल के कर्मचारी थे। बताया जा रहा है कि अस्पताल में अंडरग्राउंड वॉटर टैंक बना हुआ है।

अस्पताल में इलेक्ट्रीशियन का काम करने वाले तीन लोग कुछ मरम्मत के लिए वॉटर टैंक में गए थे। लेकिन टैंक में पानी के संपर्क में बिजली का कोई तार आ जाने की वजह से करंट उतर आया था। करीब पौने तीन बजे फायर डिपार्टमेंट और दिल्ली पुलिस को घटना की सूचना दी गई थी। तीनों कर्मचारियों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एहतियात के तौर पर बिजली काट दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है कि आखिर किस स्तर पर इस तरह की लापरवाही हुई।

# 3 दिसम्बर के परिणाम को लेकर नौकरशाही भी बेचैन

### बड़े अधिकारी टटोल रहे- किसकी बनेगी सरकार !

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश मतदान के बाद अब चुनावी गुणा भाग में आम जनता के साथ राजनेता और आईएएस अधिकारी भी लगे हुए हैं। राजधानी में मंत्रालय के नौकरशाहों के बीच एक ही सवाल पर चर्चा हो रही है कि- 3 दिसंबर को प्रदेश में किसकी बनेगी सरकार?

भोपाल मंत्रालय में बाहर से आने वाले विश्लेषण, एजेंसियों, मीडिया कर्मियों और बाहर से मंत्रालय आने वालों से चर्चा के दौरान अब नौकरशाहों का उनसे एक ही सवाल जरूर होता है कि- 3 दिसंबर को किसकी सरकार बनेगी। मंत्रालय में सभी की निगाहें नई सरकार को लेकर है। भाजपा की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव बनने का मौका किसको मिलेगा और कांग्रेस की सरकार बनी तो कौन गद्दीनशीन होगा। ऐसे कई सवाल है, जिन पर मंत्रालय में खूब चर्चा हो रही है।

मंत्रालय में इस तरह के सवालों पर नौकरशाह मीडिया कर्मी और अन्य वरिष्ठ अफसरों से चर्चा कर रुझान लेने में लगे हुए। मंत्रालय में नौकरशाओं के बीच एक और सवाल सबसे अधिक चर्चाओं में है कि इस महीने के बाद प्रदेश का प्रशासनिक मुखिया कौन होगा। दरअसल, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस का कार्यकाल इसी महीने समाप्त हो रहा है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

### शर्मनाक — ड्रग्स खरीदने के लिए मां-बाप ने बच्चों की लगाई बोली

# लड़के का दाम 60 हजार, 14 हजार में लड़की

**मुंबई।** ड्रग्स खरीदने के लिए पैसे का इंतजाम नहीं हो पा रहा था, फिर मां-बाप ने अपने बच्चों को ही बेच दिया। इस तरह की वारदात को अंजाम देने के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी में बच्चों के माता-पिता शब्बीर और सानिया खान समेत शकील मकरानी नाम का शख्स भी शामिल है। ड्रग्स बेचने के बाद कमीशन लेने वाली कथित एजेंट उषा राठौड़ को भी क्राइम ब्रांच ने हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने बच्ची को बचा लिया, जबकि दूसरे दो साल के बेटे की तलाश जारी है।

पुलिस ने बताया, अंधेरी में नशे के आदी एक दंपत्ति ने पैसे जुटाने के लिए अपने ही दो बच्चों को बेच दिया। जैसे ही दंपत्ति के परिवार को घटना के बारे में पता चला, तो यह कहानी सामने आ गई। पुलिस ने आरोपी दंपत्ति और दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि दंपत्ति ने लड़के को साठ हजार रुपये में और एक महीने की लड़की को चौदह हजार रुपये में बेच दिया।



### बच्चों की बुआ ने दर्ज कराई शिकायत

**74 हजार रुपये लगाई कीमत**-पुलिस ने शब्बीर खान और उनकी पत्नी सानिया, उषा राठौड़ और शकील मकरानी के खिलाफ मामला दर्ज किया। शब्बीर और सानिया नशे के आदी थे। क्राइम ब्रांच ने कहा, वे नशीली दवाओं के बिना नहीं रह सकते थे और उसी समय आरोपी महिला राठौड़ उनके संपर्क में आई। दंपति ने अपने बेटे को 60,000 रुपये में एक व्यक्ति को बेच दिया। जिस व्यक्ति को बच्चे बेचे गए थे, उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस पता लगाने में जुटी है। दंपति को हाल ही में एक बेटी हुई है। उन्होंने लड़की को पिछले महीने आरोपी शकील मकरानी को 14,000 रुपये में बेच दिया।

जब आरोपी शब्बीर की बहन रूबीना खान को इस घटना के बारे में पता चला तो वह सदमे में आ गई. उसे अपने भाई पर गुस्सा आया और उसने तुरंत डीएन नगर पुलिस स्टेशन में घटना की सूचना दी। उसने भाई और भाभी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। रूबीना की शिकायत के आधार पर डीएन नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी है। जिसके बाद यह गिरफ्तारी हो पाई है।

# देश-विदेश

## भारत-नेपाल के बीच सूर्य किरण सैन्य अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली।** नेपाल के 334 सैन्यकर्मियों की एक टुकड़ी 17 वें संयुक्त सैन्यभ्यास सूर्य किरण में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को भारत पहुंची। अभ्यास सात दिसंबर तक उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में होगा। यह सैन्यभ्यास वार्षिक कार्यक्रम है और दोनों देशों में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। अभ्यास में हिस्सा लेने वाली 354 सैन्य कर्मियों की भारतीय टुकड़ी का नेतृत्व कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ नेपाल सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व तारा दल बटालियन कर रही है। सैन्यभ्यास का उद्देश्य शांति स्थापना अभियानों में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मुताबिक जंगल युद्ध, पर्वतीय इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों और मानवीय सहायता तथा आपदा राहत में संचालन प्रक्रिया में तालमेल को बढ़ाना है।

## कतर में मौत की सजा पाए 8 भारतीयों को राहत, जीवनदान की उम्मीद जागी

### मौत की सजा के खिलाफ अपील स्वीकार

**नई दिल्ली।** कतर में जासूसी के आरोप में मौत की सजा पाने वाले भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों को उम्मीद की किरण दिखी है। कतर की अदालत ने 8 पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को दी गई मौत की सजा के खिलाफ अपील स्वीकार कर ली है।

सूत्रों के मुताबिक इन आठों भारतीयों ने व्यक्तिगत तौर पर अदालत से यह अपील की है, मगर इसमें भारत सरकारने मदद जरूर की है। इन आठों भारतीयों को कथित तौर पर जासूसी के आरोप में पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, आठ भारतीयों को पिछले महीने 26 अक्टूबर को कतर की अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। हालांकि, कतर अदालत के इस फैसले को भारत ने फैसले को चौंकाने वाला बताया था और मामले में सभी कानूनी विकल्प तलाशने की बात कही थी। सरकार ने कहा था कि- कतर अदालत की ओर से सजायाफ्ता भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों को राहत दिलाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल, अब मौत की सज़ा के खिलाफ अपील दायर की गई है।

**कतर ने अभी तक आरोप नहीं किया सार्वजनिक**-विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत इस मामले पर कतर के अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है और सरकार भारतीय नागरिकों को सभी कानूनी और कांसुलर संबंधी सहायता देना जारी रखेगी। इस पूरी प्रक्रिया में फैसले को कतर सरकार द्वारा गोपनीय रखा गया है। न तो कतर के अधिकारियों और न ही नई दिल्ली ने भारतीय नागरिकों के खिलाफ आरोपों को सार्वजनिक किया है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन सभी भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारियों पर इजरायल के लिए जासूसी करने का आरोप है।

### जम्मू-कश्मीर में सेना के वरिष्ठ अधिकारी का दावा

## आतंकी बन घुसपैठ कर रहे पाकिस्तान के रिटायर्ड फौजी

### राजौरी मुठभेड़ में मारे गए आतंकी अफगानिस्तान व अन्य देशों से प्रशिक्षित : द्विवेदी

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** जम्मू-कश्मीर में सेना को आतंकवाद का सफाया करने में अब फिर से कड़ी मेहनत करनी होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि पाकिस्तान ने अब अपने रिटायर्ड फौजियों को आतंकी बना प्रदेश में भेजना आरंभ किया है। सेना मानती है कि ऐसा होने से आतंकवाद के खिलाफ भारत की जंग एक नए मोड़ पर पहुंच गई है। सेना की उत्तरी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र दिवेद्वी ने माना है कि प्रदेश में मारे गए कई विदेशी आतंकियों की पृष्ठभूमि की जांच के दौरान यह जानकारी मिली है कि वे पाक सेना में काम कर चुके हैं।

उनका कहना था कि इसलिए ऐसे आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान उन्हें कड़ा मुकाबला सहन करने के अतिरिक्त अपने जवानों व अफसरों को खोना पड़ा है। द्विवेदी ने कहा कि ऐसा लगाता है कि राजौरी मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों को अफगानिस्तान और अन्य देशों में प्रशिक्षित किया गया था और उनका मारा जाना राजौरी-पुंछ इलाके में 'आतंकवाद और उसके ईको-सिस्टम' के लिए एक बड़ा झटका है।

सेना कमांडर शुक्रवार सुबह जम्मू में राजौरी के कालाकोट में शहीद हुए सेना के जवानों व अफसरों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में सक्रिय सभी विदेशी आतंकियों को मार गिराएंगे। वे कहते थे कि आईएसआई पहले कई बार अपने फौजियों को भी इस ओर भेज चुकी है और अब उसने इस नए पैंतरे को चला कर कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को अहम मोड़ पर ला खड़ा किया है।

### मारे गए कई विदेशी आतंकियों की पृष्ठभूमि से मिली जानकारी

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा कि हमने मुठभेड़ में अपने पांच बहादुर सैनिकों को खो दिया, लेकिन दो खूंखार आतंकवादियों को भी मार गिराया है। हमारे जवानों ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। वे दावा करते थे कि दो खूंखार आतंकवादियों के मारे जाने से आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र और पाकिस्तान को एक बड़ा झटका लगा है। दोनों आतंकवादी ढांगरी, कंडी और राजौरी में निर्दोष नागरिकों की हत्या में शामिल थे। उनका खात्मा आप्रेशन में शामिल संयुक्त बल टीम के लिए प्राथमिकता थी।

सेना कमांडर ने जोर देकर कहा कि सेना प्रदेश में सक्रिय सभी आतंकियों को मार गिराएगी। उनके अनुमान के मुताबिक, राजौरी और पुंछ के साथ लगते इलाकों में अभी भी 20 से 25 आतंकवादी सक्रिय हो सकते हैं। वे कहते थे कि इनमें से कितने पाक सेना के रिटायर्ड फौजी हैं, इसके बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है। उनका कहना था कि प्रदेश में एक्टिव आतंकी संगठनों को जम्मू कश्मीर में स्थानीय आतंकी नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में वह विदेशी आतंकियों को भेजने की कोशिशें कर रहा है।

## अफगानिस्तान ने दिल्ली में स्थाई रूप से बंद किया अपना दूतावास

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान ने दिल्ली में स्थित अपने दूतावास को स्थायी तौर पर बंद करने की घोषणा की है। नई दिल्ली में अपने राजनयिक मिशन को बंद करने पर एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए अफगान दूतावास ने कहा, भारत सरकार की लगातार चुनौतियों के कारण दूतावास को बंद करने का फैसला लिया गया है।

ये फैसला अफगानिस्तान दूतावास की तरफ से 30 सितंबर को परिचालन बंद करने के बाद लिया गया है। ये कदम इस उम्मीद में उठाया गया कि मिशन को सामान्य रूप से संचालित करने के लिए भारत सरकार का रुख अनुकूल रूप से बदल जाएगा। अफगान दूतावास ने कहा कि यह संज्ञानात्मक है कि कुछ लोग इस कदम को आंतरिक संघर्ष के रूप में चित्रित करने का प्रयास कर सकते हैं। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक अफगान दूतावास ने अपने बयान में कहा कि भारत में अफगान नागरिकों के लिए दूतावास अफगान मिशन की समझ और समर्थन के लिए अपनी हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

हालांकि, हमने संसाधनों में कमी के बावजूद और काबुल में वैध सरकार की अनुपस्थिति में अफगानी लोगों के बेहतरी के लिए अथक प्रयास किया है। इसके बावजूद पिछले 2 सालों और 3 महीनों में भारत में अफगान समुदाय में छात्रों और व्यापारियों के देश छोड़ने के साथ उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है।

## 1.4 लाख करोड़ के रक्षा सौदे को जल्द मिलने वाली है मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत जल्द ही रक्षा क्षेत्र में तीन बड़ी स्वदेशी परियोजनाओं को प्रारंभिक मंजूरी देगा, जिनकी कुल लागत लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये होगी। इसके तहत एक और एयरक्राफ्ट कैरियर, 97 और तेजस लड़ाकू विमान और 156 प्रचंड हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर बनाने को मंजूरी दी जाएगी। सूत्रों ने बताया कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद की 30 नवंबर को होने वाली बैठक में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए,श्हह को स्वीकृति देने की संभावना है। यह खरीद प्रक्रिया की दिशा में पहला कदम होगा।

इन हथियार प्रणालियों और प्लेटफार्मों की सूची में 180 हल्के लड़ाकू विमान मार्क1शामिल हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इस परियोजना से घरेलू लड़ाकू विमान विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। अन्य 'मेड इन इंडिया' परियोजनाओं में स्ह्व-30स्ध्द्ध लड़ाकू विमानों के बेड़े को अपग्रेड करने का एक प्रमुख कार्यक्रम शामिल है, जिसकी लागत 60,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इस मेड इन इंडिया प्रोजेक्ट में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और भारतीय वायु सेना के संयुक्त प्रयास शामिल होंगे, जिसमें विमानों को स्वदेशी रडार, एवियोनिक्स और हथियारों से लैस किया जाएगा।

### बढ़ेगी सेना की ताकत

**अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट समिति को सौंपे जाएंगे**-एक बार,श्हह स्वीकृत हो जाने के बाद, तीन सौदों को अंतिम मंजूरी के लिए सुरक्षा पर कैबिनेट समिति को सौंपे जाने से पहले टेंडर और कमर्शियल मुद्दों पर बातचीत होगी। ये सभी परियोजनाएं जिन्हें क्रियान्वित होने में कई साल लगेंगे, भारत-चीन के बीच बढ़ते संघर्षों की पृष्ठभूमि में देश की सैन्य तैयारियों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस परियोजना पर जल्द ही रक्षा मंत्रालय के भीतर उच्च स्तर पर चर्चा होने वाली है, जिसमें पहले लगभग 90 विमान शामिल होंगे और फिर धीरे-धीरे शेष 160 से अधिक विमानों को कवर किया जाएगा, जिससे उन्हें पांचवीं पीढ़ी की क्षमताओं के करीब लाया जाएगा।

लगभग 55,000 करोड़ रुपये की लागत से 97 तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान, फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ किए गए 46,898 करोड़ रुपये के अनुबंध के तहत पहले से ही ऑर्डर किए गए 83 ऐसे जेट विमानों में शामिल हो जाएंगे। ये 180 तेजस जेट महत्वपूर्ण हैं। भारतीय वायुसेना अपने लड़ाकू स्क्वाड्रनों की संख्या को बढ़ाएगी, जो घटकर केवल 31 रह गई है जबकि चीन और पाकिस्तान से निपटने के लिए कम से कम 42 स्क्वाड्रनों की आवश्यकता होती है। पहले 83 मार्क-1 जेट की डिलीवरी फरवरी 2024-फरवरी 2028 की समयसीमा में होनी है।

## ईडी की शक्तियों की समीक्षा के लिए होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय की शक्तियों की समीक्षा के लिए अब सुप्रीम कोर्ट में नई पीठ का गठन होगा। मामले की सुनवाई कर रही मौजूदा पीठ में शामिल जस्टिस संजय किशन कौल के अगले माह सेवानिवृत्त होने के मद्देनजर खुद को भंग कर दिया है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को मामले में दाखिल संशोधित याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 8 सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।

जस्टिस संजय किशन कौल, संजीव खन्ना और बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने मामले की सुनवाई तब स्थगित कर दी, जब केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ताओं द्वारा पेश दलीलों पर विस्तार से ध्यान देने के लिए उन्हें वक्त चाहिए। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से दाखिल संशोधित याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए, केंद्र सरकार को चार सप्ताह में इस पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही याचिकाकर्ताओं से कहा है कि केंद्र द्वारा जवाब दाखिल करने के बाद चार सप्ताह के भीतर वे अपनी जवाबी रिपोर्ट दाखिल करे। पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई स्थगित किए जाने से इस पीठ के पास फैसला लिखने के लिए वास्तव में समय नहीं बचेगा। इसके साथ ही पीठ ने कहा कि 'हमारे एक साथी (जस्टिस कौल) के सेवानिवृत होने की स्थिति में मुख्य न्यायाधीश को मामले की सुनवाई के लिए पीठ का पुनर्गठन करना होगा। इस बारे में मुख्य न्यायाधीश से जरूरी आदेश प्राप्त करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। जस्टिस कौल 25 दिसंबर को सेवानिवृत्त होंगे। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बुधवार को मामले में दाखिल संशोधित याचिकाओं पर आपत्ति जाहिर की थी।

केंद्र सरकार की ओर से दलील पेश करने के लिए समय देने की मांग का याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने विरोध किया और कहा कि सरकार सुनवाई से बचने के लिए इस तरह की तकनीक का सहारा ले रही है।

### पश्चिम मध्य रेल

**विद्युत विभाग ( कर्षण-वितरण शाखा )**

**जबलपुर ई- निविदा सूचना**

**एन.आई.टी नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2023-21 दिनांक 22.11.2023**

वरि मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम**-एनटीपीसी साइडिंग गाडरवारा (बारांझ) के लिए 2 साल की अवधि के लिए ओएचई रखरखाव गतिविधि और ब्रेकडाउन गतिविधयों की आउटसोर्सिंग। **कार्य स्थल**-जबलपुर मण्डल। **कार्य की अवधि**-24 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू )**-रुपये 1,27,97,023.64/-(रुपये एक करोड़ सताईस लाख सतानवें हजार तेईस एवं चौसठ पैसे मात्र), **बयाना राशि**-रुपए 2,14,000.00/-, **निविदा जमा करने / खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**-18.12.2023 को 15:00 बजे /18.12.2023 को 15:30 बजे। **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईट**-https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आईआरईपीएस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS, की वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म अनुसार और ज्वाइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

**मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण-वितरण**
**कृते वरि.मं.वि.इंजी./क.वि./जबल**
**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल **अखण्ड भारत जनलोक पार्टी** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय का पता-लालमणि कुशवाहा मकान नं. 620, ग्राम उमरी जनपद पंचायत सिरमौर तह. सिरमौर जिला रीवा 486448 (म.प्र.) में स्थित है इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के आधीन राजनीतिक दल के रुप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है पारट्री के पदाधिकारी के नाम / पता नीचे दिए गए हैं।

1. सभापति / अध्यक्ष - योगेश सिंह कुशवाहा पता ग्राम डेडवारा कौरव किराना स्टोर के सामने झिरना रोड नरसिंहपुर म.प्र.। 2. महासचिवः - देशराज कुशवाहा पता ग्राम कोकलपुर, तह. बेगमगंज जिला रायसेन म.प्र.। 3. कोषाध्यक्ष - गुंजन कुशवाहा पता ग्राम डेडवारा कौरव किराना स्टोर के सामने झिरना रोड नरसिंहपुर म.प्र.। 4. उपाध्यक्ष - लालमणि कुशवाहा पता मकान नं 620 ग्राम उमरी सिरमोर रीवा म.प्र.।

यदि किसी को अखण्ड भारत जनलोक पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों और साक्ष्यों सहित सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड नई दिल्ली 110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

**भवदीय**
**योगेश सिंह कुशवाहा**
**पता ग्राम डेडवारा कौरव किराना के सामने,**
**झिरना रोड जिला नरसिंहपुर (म.प्र.). मो. 8085408211**

### सार्वजनिक आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे तीन लड़के अंकित जैन अंशुल जैन व अभिषेक जैन एवं एक लड़की ग्रीष्मा जैन है। मेरा बड़ा पुत्र अंकित जैन जो पिछले दिनों दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें पूरे परिवार द्वारा एक जुट होकर उसका इलाज कराया गया। आज वह स्वस्थ हो चुका है लेकिन वह (अंकित जैन) एवं उसकी पत्नी श्वेता जैन हमसे अच्छे संबंध नहीं रखते हैं। व अनावश्यक झगड़े एवं दोषारोपण करते हैं। इन परिस्थितियों में मैं जिनेश कुमार जैन एवं मेरा उपरोक्त परिवार मेरे बड़े पुत्र एवं उसकी पत्नी श्वेता जैन से संबंध समाप्त करते हैं तथा मैं मेरी स्व अर्जित संपत्ति से बड़े पुत्र अंकित जैन को बेदखल करता हूं व मेरे बाद के धार्मिक क्रिया कर्म से मुक्त करता हूं । मैं यह सब अपने बड़े पुत्र की मर्जी से व दुखित होकर कर रहा हूं। इस हेतु में न्यायालयीन कार्यवाही के लिए स्वतंत्र व तत्पर हूं। मेरे बड़े पुत्र अंकित जैन के द्वारा किए गए किसी भी संव्यवहार के लिए मैं जिम्मेदार नहीं हूं और न होऊँगा।

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

**रा.प्र.क्रं/0758/अ-6/2023-2024**

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहित जेम्स/स्व. डेविड जेम्स प्लाट नं. 103 ग्रीन गेट्स पेरी रोड जॉगर्स मुंबई वांदे पश्चित महाराष्ट्र ने नजूल ब्लाक नं. 04 प्लाट नं. 27/1 निर्मित/रकवा 2170 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा .... व.फु./हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/वानसान हक/ दिनांक .... मृत्यु दिनांक 01/11/2012, 07/10/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 04 प्लाट नं. 27/1 निर्मित/रकवा 2170 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा .... व.फु./हे. श्रीमती उषा जेम्स/ स्व. डेविड जेम्स के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 31/10/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 06/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 31/10/2023
पेशी दिनांक 08/12/2023

**तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

र.नं. 1635

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर

**रा.प्र.क्रं/1444/अ-6/2023-24**

**जबलपुर, दिनांक 19/07/2023**

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्चना सूर पति श्री विश्वपाथ सूर निवासी- प्लाट नं. 35, गौतम नगर जबलपुर के द्वारा मौजा महाराजपुर स्थिति भूमि खसरा नं. 170/43 में से रकवा 0.022 है. पर पति स्व. विश्वनाथ सूर के नाम से दर्ज है जिनकी मृत्यु हो जाने के कारण राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया जिसमें विश्वनाथ सूर की मृत्यु दिनांक 05/04/2020 को हो जाने के उपरांत राजस्व अभिलेखों में वारसान हक में अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो वह अपनी लिखित आपत्ति न्यायालय में पेशी दिनांक 06/12/2023 तक उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-21/12/2023
पेशी दिनांक-06/12/2023

**अतिरिक्त तहसीलदार, अधारताल, जबलपुर**

### न्यायालय तहसीलदार (ग्रामीण) जबलपुर जिला जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक- 1079/अ-6 /2023-24

**आम इश्तहार**

ग्राम मंगेली तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक डॉ. विनोद असरानी पिता स्व. परसराम असरानी निवासी 49/1 आदर्श नगर नर्मदा रोड जिला जबलपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम मंगेली प.ह.नं. 30 तह. व जिला जबलपुर स्थित भूमि ख.नं. 146 रकवा 0.360 है. भूमि पर वसीयतनामा दिनांक 28/01/2019 के आधार पर स्वंय का नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 06/12/2023 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक-22/11/2023
पेशी दिनांक-06/12/2023

**तहसीलदार जबलपुर**

र.नं. 1640

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला-जबलपुर (म.प्र.)

**रा.प्र.क्र./..../अ-6/2021-2022**

**जबलपुर, दिनांक 28/10/2023**

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता नजूल ब्लाक नं. 13 तहसील अधारताल जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक राकेश कुमार साहू पिता स्व. गनेश प्रसाद साहू (बगैरह) जाति तेली निवासी मदन महल रोड राइट टाउन जबलपुर के द्वारा ग्राम/ब्लॉक नं. 13 बंदोबस्त नं.... प.ह.नं..... नजूल प्लाट नं. 14 में स्थित भूमि नंबर .... रकवा 1655 वर्ग. फौती नामांतरण के माध्यम से नामांतरण हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, खसरा नकल सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-28/10/2023
पेशी दिनांक-28/11/2023

**तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

र.नं. 1637

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला-जबलपुर (म.प्र.)

**रा.प्र.क्र./..../अ-6/2023-2024**

**जबलपुर, दिनांक 21/11/2023**

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जबलपुर तहसील अधारताल जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक संजय जैन पिता स्व. विजय कुमार जैन जाति जैन निवासी 62, श्याम बैण्ड की गली, लार्डगंज थाना जबलपुर के द्वारा ग्राम जबलपुर बंदोबस्त नं. 264 प.ह.नं. 30 नजूल प्लाट नं. ... में स्थित भूमि सर्वे नंबर 231 शीट नं. 69, प्लाट नं. 1/1 रकवा क्रमशः 520 वर्ग./ भूमि पंजीकृत/ विक्रय पत्र नामांतरण/ फौती नामांतरण पत्र क्रमांक 7085 दिनांक 19/01/1990 के माध्यम से रजिस्ट्री बैनामा/ मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, खसरा नकल सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-21/11/2023
पेशी दिनांक-07/12/2023

**तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

र.नं. 1638

### न्यायालय तहसीलदार (ग्रामीण) जबलपुर जिला जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक- 1077/अ-6 /2023-24

**आम इश्तहार**

ग्राम समदपिपरिया तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री दीपक असरानी पिता स्व.डॉ. घनश्याम असरानी एवं अन्य-1 निवासी 49/1 आदर्श नगर नर्मदा रोड जिला जबलपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम समदपिपरिया प.ह.नं. 29 तह. व जिला जबलपुर स्थित भूमि ख.नं. 52. 92/2, 93, 94/1. 94/3 रकवा 0.370, 0.650, 0.660, 1.100, 1.420 हे. भूमि पर वसीयतनामा दिनांक 12/07/2019 के आधार पर स्वंय का नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 06/12/2023 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक-22/11/2023
पेशी दिनांक-06/12/2023

**तहसीलदार जबलपुर**

र.नं. 1639

### कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर

क्र/सम्पत्ति/जविप्रा/9950 जबलपुर, दिनांक 24/11/2023

**मृत्यु उपरांत नामांकन किये जाने हेतु जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के निम्नलिखित सम्पत्ति धारकों द्वारा मृत्यु उपरांत नामांकन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन प्रकाशन तिथि के 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय-जबलपुर विकास प्राधिकरण ब्लाक क्र. 7 अ सिविक सेंटर मढाताल, जबलपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति में वांछित कार्यवाही कर दी जावेगी, जिसके बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

**मृत्यु उपरांत नामांकन की जाने वाली संपत्ति का विवरण**

| क्र. | यो.क्रं. | भू./भ./दु.क्रं. | आवेदक का नाम पता | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 213 | भूखण्ड क्र. 230 | श्री स्वप्निल पाण्डे पिता स्व. श्री श्यामलाल पाण्डे पता- 227, जेडीए कालोनी, बाजनामठ, जबलपुर | श्रीमती उमा पाण्डे की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 2. | 2 बी | भूखण्ड क्र. 227 | श्री स्वप्निल पाण्डे पिता स्व. श्री श्यामलाल पाण्डे पता- 227, जेडीए कालोनी, बाजनामठ, जबलपुर | श्रीमती उमा पाण्डे की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 3. | 2 ए | भूखण्ड क्र. 28 | श्रीमति एकता शर्मा, श्रीमति रिचा शर्मा एवं श्रीमति रेश्मा विश्वकर्मा पिता स्व. श्री अजय कुमार विश्वकर्मा पता- 375, विक्टोरिया अस्पताल रोड, जबलपुर | श्री अजय कुमार विश्वकर्मा की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 4. | 06 | भूखण्ड क्र. 304 | श्रीमति गीता राजक, भावना बुंदेल, कीर्ति रजक, श्री राजेश रजक पति/पिता स्व. श्री किशनलाल रजक पता- 304, संजीवनी नगर, वीर सावरकर वार्ड, गढ़ा, जबलपुर | श्री किशनलाल रजक की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 5. | 11 | भूखण्ड क्र. 77/3 | श्री परेश नाथ मुकर्जी पिता स्व. श्री चितरंजन मुकर्जी पता- म.नं. 77/3/1180, दया नगर, गढ़ा रोड, जबलपुर | श्रीमती सरमा मुकर्जी की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 6. | 11 | भूखण्ड क्र. 77/2 | श्रीमति उमा शुक्ला, श्रीमति कीर्ति सिंह, श्रीमति रीना शुक्ला एवं श्री वेदांग शुक्ला पति/पिता स्व.श्री रविन्द्र कुमार शुक्ला पता बी-103, गोल्डेन पैलेस, बालेवाडी रोड, पूना | श्री रविन्द्र कुमार शुक्ला की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 7. | 11 | भूखण्ड क्र. 77/1 | श्रीमति जयश्री चांसरकर, श्री अश्विनी दाते, जमिता देवधरे पति/पिता स्व. श्री अशोक पुरुषोत्तम चांसरकर पता- 77/1, दया नगर, यादव कालोनी, जबलपुर | श्री अशोक पुरूषोत्तम चांसरकर की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |

**संपदाधिकारी**
**जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### उत्तरकाशी में कम नहीं हो रही....

हालांकि, अधिकारियों और विशेषज्ञों का दावा है कि फिर से छोटी बाधाएं नहीं आती आती है, तो मजदूरों की निकासी किसी भी पल संभव है। इसी पल के इंतजार में सीएम पुष्कर सिंह धामी मातली में कैंप बनाकर डेरा जमाए हुए हैं। साथ ही केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह भी बीते रोज से इसी क्षेत्र में जमे हैं। आखिरी वक्त पत्रकारों को जानकारी देते हुए रेस्क्यू नोडल अफसर व उत्तराखंड शासन के सचिव डॉ नीरज खैरवाल ने बताया कि 45 मीटर तक ह्यूम पाइप पुश किए जाने के बाद बाधा उत्पन्न हो गई थी और रेस्क्यू निरंतर जारी है। हालांकि इसके बाद से कोई आधिकारिक बयान अब तक रेस्क्यू को लेकर सामने नहीं आया है। देखा जाए तो मजदूरों की चिंता इस वक्त परिजनों ही नहीं, बल्कि देश और दुनिया को भी है। यही वजह है कि यहां विदेशी मीडिया भी डेरा डालकर सुरंग में चल रहे रेस्क्यू के पल पल की अपडेट ले रहा है।

**श्रमिकों को लेकर प्रधानमंत्री ने ली जानकारी**-उत्तरकाशी। सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के स्वास्थ्य को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेहद संवेदनशील हैं। मोदी रोजाना सिलक्यारा टनल में फंसे 41 श्रमिकों एवं उनके परिजनों के बारे में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को फोन कर अपडेट ले रहे हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बातचीत में प्रधानमंत्री ने बचाव कार्य में उत्पन्न होने वाली बाधा और रुकावट के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें अवगत कराया कि न्यू ऑस्ट्रियन टनल मेथड से इस सुरंग का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस्पात से बनी वस्तुओं के ऑगर मशीन के सामने आने पर कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। ऐसे में ऑगर मशीन को रोककर और फिर उसे बाहर निकालकर सभी अवरोधों को श्रमिकों द्वारा दूर किया जा रहा है, जिसके कारण इस प्रक्रिया में समय लग रहा है। धामी को इस दौरान प्रधानमंत्री ने विशेष निर्देश दिए कि जब श्रमिक टनल से बाहर निकलेंगे तो उनके स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

# देश-प्रदेश

उवाच

## राहुल योद्धा हैं, किसी से नहीं डरेंगे : सुप्रिया

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार की बेटी व लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक योद्धा हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपनी टिप्पणी के संबंध में चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा जारी नोटिस का ईमानदार और सम्मानजनक जवाब देंगे। इससे पहले, राहुल गांधी ने राजस्थान के बाड़मेर में एक रैली को संबोधित करते हुए कथिततौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पनौती कहा था और दावा किया था कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम में उनकी उपस्थिति रविवार को भारत की विश्व कप फाइनल हार का कारण थी।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सीहोर, देवास, इंदौर में मतगणना स्थल और स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं को परखा, दी हिदायत

# कभी बिजली गुल न हो, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रहें



### डाक मतपत्र से शुरू होगी वोटों की गिनती

विधानसभा चुनाव की मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी। इसके पहले सुबह 8.30 बजे से ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी।

**भोपाल, देशबन्धु।** आगामी 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के मददेनजर मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज सीहोर, देवास, इंदौर में मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंनें मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं को परखा, श्री राजन को कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया।

श्री राजन ने मतगणना के दिन विद्युत की सतत् आपूर्ति और किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री राजन ने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू तरीके से उपलब्ध रहें। मतगणना स्थल के निरीक्षण के पश्चात कलेक्ट्रेट के कोषालय के स्ट्रांग रूम का अवलोकन कर डाक मतपत्र की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ईवीएम के लिए बनाए गए वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया तथा निर्वाचन के पश्चात ईवीएम के रखने के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

श्री राजन को सीहोर कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। श्री राजन ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। वहीं श्री राजन ने केन्द्रीय विद्यालय बैंक नोट प्रेस देवास में बनाए गए, कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। मतगणना स्थल परिसर में रुके हुए निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की तथा सीसीटीवी के माध्यम से कक्ष से ही स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को देखा। उन्होंने देवास जिले में मतगणना स्थल केंद्रीय विद्यालय, बैंक नोट प्रेस देवास में जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया।

श्री राजन ने इंदौर के नेहरू स्टेडियम में मतगणना स्थल पहुंचकर तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंदौर डॉ. इलैयाराजा टी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन को मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में अवगत कराया। श्री राजन ने इंदौर के 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं को भी देखा।

उन्होंने मतगणना टेबलों, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, डाक मतपत्रों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। श्री राजन ने मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी के लिए बनाई गई व्यवस्था को देखा। मतगणना स्थल परिसर में स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए मौजूद अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों से चर्चा भी की। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त इंदौर मालसिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा-कांग्रेस ने विभूतियों को अर्पित किए श्रद्धासुमन

# स्व. कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर हुआ सुंदरकांड का आयोजन



### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर उनके निवास पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद पर विष्णुदत्त शर्मा ने भोपाल के 74 बंगला स्थित बी-30 निवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए और सुंदरकांड में भी शामिल हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर उनके निवास पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व नागरिकों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, पूर्व सांसद आलोक संजर, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, विजय अटवाल और गिरीश शर्मा सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### प्रदेश कार्यालय में भी जोशी को किया याद

भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। इसके पहले सांसद श्री शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. जोशी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्य स्मरण किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय जोशी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान प्रदेश कार्यालय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर और प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# गुरू तेग बहादुर, स्व. जोशी का किया पुण्य स्मरण



### पं. सीतारमैया को जयंती पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**भोपाल, देशबन्धु।** सिख समाज के गुरु तेग बहादुर, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश जोशी की पुण्य तिथि पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जहां पुण्य स्मरण किया, वहीं पंडित सीतारमैया को भी जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कांग्रेसजनों ने यहां तीनों विभूतियों को याद करते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी सिखों के नौवें गुरु थे। विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धान्त की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेग बहादुर साहब का स्थान अद्वितीय है। देवास जिले की बागली विधानसभा के विधायक रहे कांग्रेस नेता दीपक जोशी के पिता पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने पुण्य स्मरण किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष गांधीवादी, प्रख्यात आचार्य एवं मध्यप्रदेश के प्रथम राज्यपाल आधुनिक भारत के विचारक डॉ. पंडित सीता रमैया ने देश और प्रदेश में अनेकों सराहनीय कार्य किए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान, जे.पी. धनोपिया, महामंत्री चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, पूर्व मंत्री मुकेश नायक, संतोष सिंह परिहार, जितेन्द्र मिश्रा, राजकुमार सिंह, हाकिम सिंह प्रताप भानु सिंह, डॉ. ज्योत्सा खरे, धर्मेन्द्र विजयवर्गीय, सतपाल सिंह, कसान सिंह, ओमकार सिंह तोमर, जतिन्दर पाल सिंह राजा, आशीष चौबे सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की शिकायत

# पन्ना जिला निर्वाचन अधिकारी को हटाने की मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की है। इस संबंध में पूर्व मंत्री मुकेश नायक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन दिया है।

श्री नायक ने कहा कि पन्ना जिले में 260 यात्री बसें अधिग्रहित की गई थी, साथ ही 208 चार पहिया वाहन भी चुनाव ड्यूटी में लगाए गए थे। इसी अलावा 3 सौ से ज्यादा अतिथि शिक्षकों की निर्वाचन कार्य में सहयोग के लिए, एकाएक ड्यूटी लगाई गई थी। पन्ना जिले में जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा यात्री बसों के लगभग 5 सौ से अधिक चालक, परिचालक और 3 सौ से ज्यादा अतिथि शिक्षकों को मतदान करने की कोई प्रबंध नहीं किए गए, वे मतदान से वंचित रहे। चालक, परिचालक और अतिथि शिक्षकों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों से मतदान करने की मांग करने के बावजूद उनके साथ अनदेखी की गई। जिससे लगभग 8 सौ से ज्यादा व्यक्ति मताधिकार से वंचित हो गए। ज्ञापन देते समय प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, जे.पी. धनोपिया सहित अन्य कांग्रेसजन भी उपस्थित थे।



# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिशेल मार्श के खिलाफ मामला दर्ज

**अलीगढ़, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिशेल मार्श के हाथों में बियर और पैर के नीचे विश्व कप ट्रॉफी रखे जाने से आहत होकर एक आरटीआई कार्यकर्ता ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मिशेल मार्श ने ट्रॉफी पर पैर रखकर उसका अपमान किया है।

आरटीआई कार्यकर्ता पंडित केशव देव ने अपनी शिकायत में लिखा है कि इंटरनेट पर उन्होंने एक फोटो देखी थी। जिसमें आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिशेल मार्श का विश्व कप की ट्रॉफी के ऊपर पैर रखे हुए दिखाई दे रहे हैं। इससे देश के 140 करोड़ लोगों के सम्मान को ठेस पहुंची है। जिसके बाद उन्होंने थाना देहली गेट में मिशेल मार्श के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। साथ ही भारत के साथ उनके मैच पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गई है। विश्व कप का फाइनल मुकाबला जीतने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया था। मगर मिशेल मार्श ने इसका अपमान कर दिया। यह देखकर हर किसी को बहुत पीड़ा हुई यह अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में मिशेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।

# संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली शराब घोटाला केस में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह 4 दिसम्बर तक जेल में ही रहेंगे। स्पेशल जज एमके नागपाल ने उनकी ज्यूडिशियल कस्टडी चार दिसंबर तक बढ़ा दी है। वहीं, संजय के वकील मोहम्मद इरशाद ने बताया कि संजय की जमानत के लिए याचिका राऊज एवेन्यू कोर्ट में लगाई गई है, जिस पर शनिवार को सुनवाई हो सकती है। इससे पहले संजय को 10 नवम्बर को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। जहां उनकी कस्टडी 24 नवम्बर तक बढ़ाई गई थी। दिल्ली शराब घोटाला मामले में संजय सिंह 52 दिन से हिरासत में हैं।


**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/222 दिनांक 24.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विनीता पिता श्री द्वारका प्रसाद दीक्षित ने मकान नं. 862/2 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल.. भूतल 1856+480 व.फु. मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा/ खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/122 दिनांक 24.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभिषेक ताम्रकार पिता श्री अरूण ताम्रकार ने मकान नं. 135 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल ... व.फु. भूतल 280.5 व.फु. प्रथम तल 280.5 व.फु. टीन शेड विक्रय पत्र/ खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/221 दिनांक 24.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री जितेन्द्र खत्री 2. श्री रवि कुमार खत्री दोनों के पिता स्व. लक्ष्मन दास खत्री 3. श्रीमती मधु खत्री उर्फ माधुरी खत्री पति श्री रवि कुमार खत्री ने मकान नं. 631 नया 1104 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी खुली भूमि 1703 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि, मेरे पक्षकार विद्याबाई यादव पति पूरन लाल यादव की संपत्ति खसरा नं. 480/14 जी रकवा 600 वर्गफीट मौजा दमोह नं. बं. 356 तहसील व जिला दमोह की संपत्ति हमारे पक्षकार गण ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 15.10.1990 ग्रन्थ नं. 2557 दस्तावेज नं. 3347 के जरिये कय की थी उक्त विक्रय पत्र में मेरे पक्षकार का नाम विद्या बाई पति पूरन लाल यादव लिखा है तथा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 08.04.1993 ग्रन्थ नं. 2863 दस्तावेज नं. 52 में विद्या यादस पति पूरनलाल यादव लिखा है जबकि KYC में मेरे पक्षकार का नाम चन्द्र रानी यादव पति पूरन लाल लिखा हुआ है यह दोनो मेरे पक्षकार के ही नाम है उक्त संपत्ति को हमारे पक्षकारगण एक्टिटास स्माल फायनेन्स बैंक में बंधक कर ऋण प्राप्त कर रहे हैं उक्त संपत्ति के संबंध में यदि आम जनता, व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी / गैर सरकारी, प्राधिकरण या अन्य को ऋण सुरक्षा में बंधक / रहन/गिरवी में किसी प्रकार की आपत्ति हो या किसी का कोई हक्क, हिस्सा, दावा उक्त जायदाद पर हो, तो इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 03 दिनों के अन्दर मेरे समक्ष / मेरे पक्षकार के समक्ष मय दस्तावेजों के, लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरा पक्षकार उपरोक्त बैंक में ऋण सुरक्षा में बंधक कर ऋण प्राप्त करेगें, तत्पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

जबलपुर, दिनांक 24/11/2023

**प्रवेश गिदरोनिया (एडवोकेट)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय**
**कार्या/निवास-823, शाहीनाका गढ़ा**
**जबलपुर, मो.नं. 9300122264**

र.नं. 1641

**PUBLIC NOTICE**

It is general Information that I, KHAGESH KUMAR AHIRWAR S/o Late. JARAILAL AHIRWAR residing at Indra Nagar, Bilpura, Ravidas Mandir Ward 78, Ranjhi, Jabalpur Madhya Pradesh- 482009 declare that name of mine has been wrongly written as K.K. Ahirwar in Aadhar Card No. 6931 9714 5406. The Actual name of mine is KHAGESH KUMAR AHIRWAR respectively which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

KHAGESH KUMAR AHIRWAR
Signature (in existing new name)

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्रं/1593/अ-6/2023-24
जबलपुर, दिनांक 23/11/2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शेख अनवर पिता श्री शेख रहीमुददीन, निवासी - न्यू राम नगर महर्षि महेश योगी वार्ड, अधारताल, जबलपुर तहसील अधारताल जिला जबलपुर मप्र के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 491 दिनांक 24/05/2005 के माध्यम से ग्राम गोहलपुर न.ब. 601 प.ह.न 24/2 नया 17 रा.नि.मं. जबलपुर-1 तहसील अधारताल जिला जबलपुर के खसरा नम्बर 226/2/44/1/1/1/1/1/1/1/1 में से प्लाट नम्बर 26 रकवा 1500 वर्गफुट भूमि विक्रेता खलील अहमद पिता स्व. श्री मुनीर अहमद निवासी 249 नालबंद मोहल्ला जबलपुर वालों से क्रय की गई भूमि पर अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र, खसरा नकल एवं अन्य दस्तावेज की सत्यापित छायाप्रति संलग्न कर इस न्यायालय में नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि पर विक्रेता श्री प्रेम सिंह पिता मूलचंद यादव का नाम (अंश रकवा 506/1258) पर भूमिस्वामी के रूप में दर्ज है। अतः उपरोक्त नामान्तरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 05/12/2023 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 23-11-2023 को इश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक-23/11/2023
पेशी दिनांक-05/12/2023

र.नं. 1634

**नायब तहसीलदार,**
**तहसील अधारताल जबलपुर**


# बकाया वेतन मांगा तो दलित की पिटाई की, मुंह से चप्पल उठवाई

**मोरबी, एजेंसी।** गुजरात के मोरबी शहर में सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक महिला व्यवसायी ने अपने एक पूर्व कर्मचारी के साथ बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। कर्मचारी महिला के पास अपना बकाया वेतन मांगने गया था, जिस पर महिला इतना भड़क गई कि उसने अपने दूसरे कर्मचारियों के साथ मिलकर युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, उसने युवक को अपनी चप्पल मुंह से उठाने के लिये मजबूर भी किया। पीड़ित युवक दलित समुदाय से ताल्लुक रखता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपी महिला का नाम विभूति पटेल उर्फ रानीबा है। पुलिस की दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पीड़ित नीलेश दलसानिया पहले रानीबा इंडस्ट्रीज प्रा.लि. में काम करता था। उसकी 16 दिन की तनख्वाह बकाया थी, जिसे लेने वह अपने बड़े भाई मेहुल और पड़ोसी भावेश मकवाना के साथ कंपनी में गया था। इसी दौरान उसके साथ मारपीट की गई। नीलेश की उम्र 21 साल बताई जा रही है।

### पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

मोरबी के पुलिस उप अधीक्षक प्रतिपाल सिंह के मुताबिक, पीड़ित युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, नीलेश ने 2 अक्टूबर को कंपनी की सेवा में आया था, वहां उसे 12,000 रुपये महीने का वेतन दिये जाने की बात कही गई। लेकिन 18 अक्टूबर को उसे कंपनी से निकाल दिया गया और कहा गया कि उसकी अब ज़रूरत नहीं है। इसके बाद वह दूसरी कंपनी में काम करने लगा। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को धारा 323, 504, 506 (2) सहित अन्य धाराओं में आरोपी के खिलाफ़ मामला दर्ज किया गया है। साथ ही अनुसूचित जाति / जनजाति कानून की धाराएं भी लगाई गई हैं।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO- 2705425F RANK- HAV NAME- NARESH, UNIT- 15 GRENADIERS निवासी VILLAGE- KALALI, POST MANDHOLI KHURD, TEH- SIWANI DISTT- BHIWANI, STATE- (HARYANA), PIN- 127046 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम HAVA KOR दर्ज है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम HAWAKAUR है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम HAWAKAUR को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- HAVA KOR
सही नाम- HAWAKAUR


जम्मू-कश्मीर समेत सात राज्यों में बारिश की संभावना

# देशभर में अगले हफ्ते तक बढ़ेगी ठंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर समेत 7 राज्यों में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश हो सकती है। बीते 5 दिनों में पहली बार गुरुवार को कश्मीर का पारा 0.9 डिग्री से ऊपर रहा। पहलगाम और अंनतनाग में माइनस 3.3 डिग्री के साथ सबसे ज्यादा ठंड रिकार्ड की गई। आईएमडी ने अगले हफ्ते से उत्तर भारत में ठंड बढ़ने की संभावना जताई है।

वहीं गुलमर्ग में तापमान माइनस 2 डिग्री रिकार्ड किया गया। बांदीपुरा, बारामूला, गांदरबल, कोकरनाग, कुलगाम, कुपवाड़ा जैसे इलाकों में तापमान जीरो से 1.7 डिग्री के बीच रहा। स्काईमेट के मुताबिक, जम्मू कश्मीर, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद के ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना के कुछ हिस्सों, कर्नाटक और लक्षद्वीप में हल्की मध्यम बारिश की संभावना है। पूर्वोत्तर भारत में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश संभव है।

दिल्ली-एनसीआर का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स गंभीर श्रेणी में रहेगा। आईएमडी साइंटिस्ट सोमा सेन रॉय ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से जम्मू-कश्मीर में जल्द ही हल्की बर्फबारी हो सकती है। वहां 26- 27 नवंबर को तूफान आने और ओले गिरने की भी आशंका है। वहीं, सेंट्रल इंडिया में भी इस दौरान ओले गिर सकते हैं। दिल्ली में भी ठंड के साथ अब धुंध बढ़ने लगी है। राजधानी दिल्ली की हवा शुक्रवार को एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। राजधानी का ओवर ऑल एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 388 रहा। कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार रिकॉर्ड किया गया। पूसा में एक्यूआई 403, आईआईटी दिल्ली में 579, लोधी रोड क्षेत्र में 359 दर्ज किया गया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एरिया और एयरपोर्ट (टर्मिनल-3) क्षेत्र में एक्यूआई 386 और 398 दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 411 था। अलीपुर, वजीरपुर और आरकेपुरम में 432, 443 और 422 के साथ एक्यूआई गंभीर कैटेगरी में दर्ज किया गया। तमिलनाडु में पिछले दो दिन से रुक-रुककर बारिश हो रही है। कई जगह लैंडस्लाइड भी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार व शुक्रवार को कोयम्बटूर जिले के मेट्टुपालयम इलाके में 373 एमएम और नीलगिरी में 369.9 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। ये अब तक सीजन की सबसे ज्यादा बारिश है। कई जिलों में सरकारी और निजी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दो तीन दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में मध्यम से भारी बारिश हुई। इसके अलावा कर्नाटक, लक्षद्वीप और आंध्र प्रदेश के तटीय भागों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सिक्किम में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश हुई।

# तेलंगाना चुनाव : 6 सौ करोड़ से अधिक की नकदी, सोना, शराब और मुफ्त उपहार जब्त

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना और केंद्र की प्रवर्तन एजेंसियों ने विधानसभा चुनाव कार्यक्रम जारी होने के बाद से राज्य में 603 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक की नकदी, सोना, शराब, नशीले पदार्थ एवं मुफ्त उपहार जब्त किए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 214 करोड़ रुपये की नकद राशि, कुल 179 करोड़ रुपये मूल्य का सोना एवं अन्य कीमती धातुएं, 96 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की शराब, 34 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ और 78 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अन्य वस्तुएं/मुफ्त वस्तुएं जब्त की गईं। उन्होंने ने बताया कि विधानसभा चुनावों के लिए कार्यक्रम जारी होने के बाद से हेल्पलाइन पर 1,987 फोन कॉल प्राप्त हुईं। उन्होंने बताया कि जहां तक राष्ट्रीय शिकायत निवारण सेवा में दर्ज शिकायतों की बात है तो कुल 20,670 शिकायतें प्राप्त हुईं और इनमें से 20,301 का समाधान कर दिया गया।



बताया गया है कि जिला कॉल सेंटर के माध्यम से 4,673 शिकायतें प्राप्त हुईं और 4,543 का समाधान किया गया। उसमें कहा गया है कि सी-विजिल के माध्यम से 5,183 शिकायत प्राप्त हुईं और उन पर कार्रवाई की गई। इसमें बताया गया है कि अब तक जिला/निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर सुविधा पोर्टल के माध्यम से उम्मीदवारों/राजनीतिक दलों को 22,254 अनुमति दी गई हैं।

# अभिमत

*भारत के सांस्कृतिक अनुभव के आधार पर टैगोर और गांधी दोनों ही एक विशिष्ट स्वदेशी पहचान के साथ शिक्षा के लिए उत्सुक और प्रकृति के अनुरूप शिक्षा से प्रेरित थे। इसे ध्यान में रखते हुए टैगोर ने 1901 में एक प्रकार के आश्रम स्कूल की शुरुआत की थी जहां बच्चे कक्षाओं की बंद दीवारों से दूर खुले में, पेड़ों की छाया के नीचे खेलते हुए सीख सकते थे। उनके पिता देबेंद्रनाथ टैगोर ने 1863 में जमीन खरीदी थी, जहां उन्होंने एक आश्रम बनाया और आध्यात्मिक मूल्यों के अनुसार वहां रहते थे।*

## इतिहास को जान-बूझकर भूलने की साजिश



लेखा रत्तनानी

**नए ढांचे में टैगोर की दृष्टि और विचार भले ही आकर्षण खो रहे हों लेकिन विदेशों में भारत के सबसे प्रसिद्ध कवि नोबेल पुरस्कार विजेता के लिए अभी भी मोमबत्तियां जलाई जा रही हैं। टैगोर की 'सीमाहीन दुनिया के संदेश' को फैलाने के लिए टैगोर मेमोरियल ग्रोव एंड वॉकिंग म्यूजियम काम कर रहा है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित केन्द्रों में से एक है जिसका उद्घाटन इस फरवरी में ह्यूस्टन, टेक्सास के रे मिलर पार्क में किया गया था।**

पिछले महीने विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वियतनाम के बाक निन्ह प्रांत में अंतरराष्ट्रीय मैत्री पार्क में रवीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा का अनावरण किया था। वियतनाम ने टैगोर के साथ अपने संबंधों को संजोया है और 1929 में हो ची मिन्ह शहर की उनकी तीन दिवसीय यात्रा को कई मायनों में पुनर्जीवित किया है जिसमें उनकी 'गीतांजलि' का अनुवाद शामिल है जिसे वियतनामी में 'लोई डांग' कहा जाता है। वियतनामी सरकार ने टैगोर के सम्मान में 80 के दशक में एक स्मारक डाक टिकट भी निकाला है। यूनेस्को ने सितंबर में शांति निकेतन में टैगोर द्वारा स्थापित आध्यात्मिक केंद्र और इसके भीतर विश्व भारती विश्वविद्यालय को विश्व धरोहर का दर्जा दिया है। विश्व धरोहर स्थल घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में विश्व भारती विश्वविद्यालय में लगाई गई पट्टिकाओं पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुलपति बिद्युत चक्रवर्ती का नाम है लेकिन संस्थापक और पहले एशियाई नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर का कोई उल्लेख नहीं है।

जब सवाल उठे तो विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि पट्टिकाएं अस्थायी हैं जिन्हें बदल दिया जाएगा। यह ठीक नहीं है क्योंकि यह ऐसे समय में आया है जब विश्व भारती एक और विवाद में फंसा है क्योंकि यह शांति निकेतन से नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन को बेदखल करने की कोशिश कर रहा है। विश्वविद्यालय के उप रजिस्ट्रार द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र में कहा गया है कि अमर्त्य सेन का घर विश्वविद्यालय से संबंधित भूमि पर बनाया गया है। पीठ ने कहा, 'रिकॉर्ड और भौतिक सर्वेक्षण/सीमांकन से यह पाया गया है कि आपने विश्व भारती की 13 डिसमिल जमीन पर अनधिकृत कब्जा कर रखा है।' एक डिसमिल मतलब 435.6 वर्ग फुट। नोटिस मिलने के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने स्पष्ट किया कि उनके पिता आशुतोष सेन ने 1943 में विश्वविद्यालय से 125 डिसमिल जमीन लीज़ पर ली थी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि अमर्त्य सेन को भाजपा की नीतियों की आलोचना करने की वजह से परेशान किया जा रहा है। ऐसा हो या न हो, लेकिन इस विवाद ने मई में टैगोर की 162वीं जयंती के समारोह और शांति निकेतन के उत्सव, इसकी ऐतिहासिक इमारतों, परिदृश्यों, उद्यानों, मंडपों, शैक्षिक और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल घोषित किए जाने की गरिमा को कम कर दिया है। कच्छ के हड़प्पाकालीन शहर धोलावीरा के बाद यह 41वां भारतीय स्थल है जिसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस तरह की चूक को आसानी से ठीक किया जा सकता है। यह विवाद अपने आप में लोगों, आवाजों, विचारों, विचारधाराओं और दृष्टिकोणों की आलोचना करने, अवहेलना करने या अनदेखा करने की बढ़ती प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है जो 'उनके सांचे' में फिट नहीं होते हैं। थोड़ा इतिहास गायब है, एक संस्थापक का नाम एक स्मारक स्तंभ या पट्टिका पर छोड़ दिया गया है, पाठ्य पुस्तकों से नाम और युग छूट गए हैं। इस साल की शुरुआत में, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा-12 के इतिहास के पाठ्यक्रम से मुगल काल से संबंधित कुछ हिस्सों को हटाने के अपने फैसले की घोषणा की थी। इस कदम की काफी आलोचना हुई थी और जवाब में एनसीईआरटी ने कहा था कि 'पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने' के लिए ऐसा किया तथा 'अतिव्यापी' और 'अप्रासंगिक' हिस्सों को हटा दिया गया।

हालांकि इनमें से कुछ उदाहरणों को जल्दबाजी या निरीक्षण के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है उनमें से ज्यादातर 'जान-बूझकर' चयनात्मक भूलने की बीमारी के मामले प्रतीत होते हैं। खास तौर पर जब लोगों, विचारों और तर्कों की बात आती है जो वर्तमान सोच और मानसिकता के साथ फिट नहीं होते हैं। यह विशेष रूप से गुरुदेव टैगोर और महात्मा गांधी के साथ लगता है जिनके विचार और जीवन जीने का तरीका आज की धारणाओं के विपरीत है। विश्व भारती टैगोर की सोच का प्रतिनिधित्व करता है। विश्व भारती की स्थापना दिसंबर 1921 में की गई थी और 1951 में संसद के एक अधिनियम द्वारा इसे राष्ट्रीय महत्व का एक केंद्रीय विश्वविद्यालय और संस्थान घोषित किया गया। यह प्राचीन भारतीय परंपराओं पर आधारित एक आवासीय विद्यालय और कला का केंद्र है जो उस समय प्रचलित ब्रिटिश औपनिवेशिक शैक्षिक प्रणाली से अलग और उससे असहमत था। इसके बजाय विश्व भारती पूरे क्षेत्र के प्राचीन, मध्ययुगीन और लोक परंपराओं को चित्रित करते हुए एक एशियाई आधुनिकता को अधिक स्पष्ट देखता था।

भारत के सांस्कृतिक अनुभव के आधार पर टैगोर और गांधी दोनों ही एक विशिष्ट स्वदेशी पहचान के साथ शिक्षा के लिए उत्सुक और प्रकृति के अनुरूप शिक्षा से प्रेरित थे। इसे ध्यान में रखते हुए टैगोर ने 1901 में एक प्रकार के आश्रम स्कूल की शुरुआत की थी जहां बच्चे कक्षाओं की बंद दीवारों से दूर खुले में, पेड़ों की छाया के नीचे खेलते हुए सीख सकते थे। उनके पिता देबेंद्रनाथ टैगोर ने 1863 में जमीन खरीदी थी, जहां उन्होंने एक आश्रम बनाया और आध्यात्मिक मूल्यों के अनुसार वहां रहते थे। रवीन्द्रनाथ टैगोर बाद में साहित्य सृजन करने के लिए यहां बस गए।

आज टैगोर और गांधी की दृष्टि तथा जीवन शैली एवं वर्तमान दृष्टिकोण के बीच की दूरी बढ़ रही है। हालांकि उनके नाम पर उत्साह के साथ किए गए प्रयास और कार्य जारी हैं लेकिन उस ऊर्जा का अधिकांश हिस्सा भारत के बाहर है। उदाहरण के लिए, 1920 में महात्मा गांधी द्वारा स्थापित गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद द्वारा पेश किए गए 'गांधीवादी अहिंसा पर अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम: सिद्धांत और अनुप्रयोग' पढ़ाने वाले प्रोफेसरों ने पाया है कि पाठ्यक्रम ने यूरोप, उत्तर, मध्य और दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका और एशिया के देशों के छात्रों को आकर्षित किया है। इसी तरह ब्रुकिंग्स, एस डकोटा स्थित सत्याग्रह संस्थान द्वारा मेक्सिको और नाइजीरिया, घाना, गाम्बिया, सेनेगल जैसे अफ्रीकी देशों में आयोजित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वालों की संख्या उल्लेखनीय है। कई प्रतिभागी ऐसे थे जिनके देशों में आन्तरिक संघर्ष और गृह युद्ध जैसे हालात हैं और वे अपने स्वयं के समाजों में बढ़ती हिंसा के बारे में एक आम चिंता साझा करते थे और महसूस करते थे कि इस समस्या को सुलझाना उनका कर्तव्य है। इनमें से अधिकांश लोग पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षण से गहराई से प्रभावित हुए और अधिकतर लोग अब गैर सरकारी संगठनों के साथ काम कर रहे हैं या अपने स्वयं के संगठन स्थापित कर चुके हैं। वे गांधीवादी परंपरा के अनुरूप रचनात्मक कार्य, अन्याय का प्रतिरोध और सभी प्रकार की हिंसा के उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

यहां भारत के नए ढांचे में टैगोर की दृष्टि और विचार भले ही आकर्षण खो रहे हों लेकिन विदेशों में भारत के सबसे प्रसिद्ध कवि नोबेल पुरस्कार विजेता के लिए अभी भी मोमबत्तियां जलाई जा रही हैं। टैगोर की 'सीमाहीन दुनिया के संदेश' को फैलाने के लिए टैगोर मेमोरियल ग्रोव एंड वॉकिंग म्यूजियम काम कर रहा है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित केन्द्रों में से एक है जिसका उद्घाटन इस फरवरी में ह्यूस्टन, टेक्सास के रे मिलर पार्क में किया गया था। उत्साह और जोश से भरी भीड़, जिनमें ज्यादातर प्रवासी थे, वैदिक मंत्र, टैगोर की संगीत रचनाओं का पाठ कर रहे थे। ये लोग उम्मीद जगाते हैं कि टैगोर की स्मृति और वे जिस चीज के लिए खड़े थे, वह ऐसे समय में जीवित रहेगी जब सीमाओं को मजबूत किया जा रहा है और बड़े संघर्ष चल रहे हैं। टैगोर और गांधी को पट्टिकाओं पर वापस लाने और इन दोनों को हमारे जीवन में वापस लाने का यह एक अच्छा समय हो सकता है।

*(लेखिका दी बिलियन प्रेस की मैनेजिंग एडिटर हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस)*

### बीता सप्ताह

**18 नवंबर**
- मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान किया गया।
- जम्मू-कश्मीर कुलगाम में आतंकी और सेना के बीच हुए मुठभेड़ में 9 आतंकी मारे गए।
- बंगाल की खाड़ी में चक्रवात तूफान मिधिली को लेकर बंगाल ओडिशा सहित आठ राज्यों को अलर्ट जारी किया गया।
- केरल के एर्नाकुलम में ईसाई प्रार्थना सभा में हुए ब्लास्ट में मृतकों की संख्या छ: हो गई।

**19 नवंबर**
- लोकसभा में बहस के लिए लंबित पड़े हैं 713 निजी विधेयक।
- मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
- फिलीपींस ने रूसी सीमा पर 4 क्रासिंग प्वाइंट बंद किए।
- डीफेक मामले में प्रधानमंत्री की चिंता के बाद सरकार ने सोशल मीडिया को चेताया।

**20 नवंबर**
- गुजरात के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर विश्व क्रिकेट का सिरमौर बना।
- अर्जेंटीना के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान हुए।
- पाकिस्तान के सैन्य कार्रवाई में पश्चिमी कबायली जिले में 4 आतंकी मारे गए।
- प्रसिद्ध उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के रॉकेट स्टारशिप का दूसरा परीक्षण विफल हो गया।

**21 नवंबर**
- एक याचिका की सुनावई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंग ठीक नहीं।
- चुनाव आयोग ने चुनाव वाले राज्यों में 1760 करोड़ की शराब व नकदी जब्त की गई।
- गोवा में देश का 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरु हुआ।
- ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइल का अनावरण किया।

**22 नवंबर**
- नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने यंग इंडिया की 751.9 करोड़ की संपत्ति जब्त की।
- झीरम नक्सल हमले की जांच पर एनआईए की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है इसके साथ मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए जांच का रास्ता खुल गया।

**23 नवंबर**
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीशचंद्र मुर्मू का वर्ष 2024 के लिए संयुक्त राष्ट्र लेखा परीक्षक पैनल का उपाध्यक्ष चुना गया।
- इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालकू में 6.6 तीव्रता का भूकम्प आया।
- इजरायल ने चार दिवसीय युद्ध विराम पर सहमति दी।
- टीडीपी की पूर्व नेता एवं अभिनेत्री दिव्यवांगी कांग्रेस में शामिल हुईं।

**24 नवंबर**
- सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज फातिमा बीबी का निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री पर एक विवादित बयान के मामले में चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को नोटिस दिया।
- जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना और आतंकी के बीच हुए मुठभेड़ में पांच सैनिक शहीद हुए एवं दो आतंकी मारे गए।
- रूसी सैन्य अवकाश के मौके पर कार्यक्रम पेश कर रही अभिनेत्री पोलिना मेक्सिख की यूक्रेन हमले में मौत हो गई।

## म्यांमार सैन्य शासकों के खिलाफ लड़ाई तेज होने से चीन और भारत पर असर

■ गिरीश लिंगन्ना

जब शनिवार को उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर में भीड़भाड़ वाले संयुक्त राष्ट्र आश्रय स्थलों पर इजरायली हवाई हमले में 80 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, तो दुनिया असमंजस में दिख रही थी, क्योंकि वह अपने दक्षिण आक्रामक विस्तार की तैयारी कर रहा था, जिससे वहां मौजूद सैकड़ों हजारों नागरिक शरणार्थियों के लिए भय पैदा हो गया।

हालांकि, यह दुनिया के ध्यान से बच गया, जब पिछले सप्ताह पड़ोसी म्यांमार के चीन राज्य के पहाड़ी क्षेत्र के सुदूर गांव वुइलू में एक सैन्य जेट द्वारा एक स्कूल के बहुत करीब बमबारी में 11 लोगों की हत्या कर दी गई, जिनमें से आठ बच्चे थे- सभी की उम्र सात से 11 साल के बीच थी। इसी तरह दुनिया का ध्यान इस साल अक्टूबर की शुरुआत में चीनी सीमा के पास उत्तरी म्यांमार के काचिन राज्य में लाईज़ा शहर के पास आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के लिए एक शिविर में बच्चों सहित कम से कम 29 नागरिक एक सैन्य हमले में मारे गए थे, तब भी नहीं गया था।

म्यांमार, 540 लाख लोगों का एक दक्षिण-पूर्व एशियाई देश है, जो वर्तमान में कई सशस्त्र जातीय और लोकतंत्र समर्थक गुटों के साथ एक गृह युद्ध में उलझा हुआ है, जो सैन्य शासन से लड़ रहा है, और जिसने 2021 में अचानक तख्तापलट में एक निर्वाचित सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। मिजोरम में ज़ोखथार के सामने भारत की सीमा के करीब, सैन्य शासकों के खिलाफ लगातार प्रतिरोध हो रहा है, जिसे पिछले तीन हफ्तों में देश भर में विपक्षी ताकतों के हमलों में कई झटके लगे हैं। जवाबी कार्रवाई के लिए वह इस पर बहुत अधिक भरोसा वायु शक्ति पर कर रहा है, जबकि जातीय चीन राज्य के विद्रोहियों ने हाल ही में सीमावर्ती शहर रिखावदार पर कब्जा कर लिया है।

> **म्यांमार में संकट कई आयामों को समाहित करता है, जिसमें चल रही अशांति, दमन, रोहिंग्या अल्पसंख्यक की दुर्दशा और क्षेत्रीय शक्ति चीन का हस्तक्षेप शामिल है। भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इन चुनौतियों से निपटने, लोकतंत्र को बहाल करने और म्यांमार में मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। रोहिंग्याओं की दुर्दशा पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य उनके उत्पीड़न को समाप्त करना।**

शान राज्य में तीन जातीय सशस्त्र समूहों के गठबंधन की जबरदस्त सफलता ने म्यांमार के आसपास अन्य विपक्षी ताकतों को प्रोत्साहित किया है। म्यांमार के सैन्य शासन ने तख्तापलट विरोधी ताकतों द्वारा 'भारी हमलों' का सामना करने की बात स्वीकार की है, जिन्होंने पिछले महीने के अंत में एक समन्वित आक्रमण शुरू किया था, जिसमें कई सीमावर्ती कस्बों और दर्जनों सेना चौकियों पर नियंत्रण करने का दावा किया गया था। सेना ने देश की अधिकांश भारतीय सीमा पर भी नियंत्रण खो दिया है।

सरकार ने स्वीकार किया है कि उसके सैनिकों को पूर्व में काया राज्य, पश्चिम में राखीन राज्य और विशेष रूप से उत्तर में शान राज्य में सशस्त्र विद्रोही बलों से भारी हमलों का सामना करना पड़ रहा है। लोकतंत्र समर्थक लड़ाकों ने गिराने के लिए 'सैकड़ों ड्रोन' तैनात किये हैं और सैन्य चौकियों पर बम मार रहे हैं। म्यांमार के सैन्य समर्थित राष्ट्रपति विनम्यिंट ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार शान राज्य में संघर्ष पर लगाम नहीं कस सकती तो देश को टूटने का वास्तविक और प्रबल खतरा है।

फिर से, इजराइल-हमास संघर्ष के समान, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने म्यांमार में बढ़ती हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, जहां हाल की लड़ाई से करीब 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं और कम से कम 75 नागरिक मारे गये हैं जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। गुटेरस ने सभी पक्षों से गैर-लड़ाकों और नागरिकों की रक्षा करने और मानवीय सहायता को प्रवेश की अनुमति देने की अपील की है।

म्यांमार तब से अराजकता और हिंसा में डूब गया है, जब सेना, जिसे तातमाडॉ के नाम से जाना जाता है, ने 1 फरवरी, 2021 को तख्तापलट किया और नागरिक नेता आंग सान सूकी और उनकी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) की लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार से सत्ता छीन ली।

तख्तापलट ने सेना और नागरिक सरकार के बीच एक दशक से चले आ रहे सत्ता संघर्ष के चरमोत्कर्ष को चिह्नित किया, जो 2008 में सेना द्वारा तैयार किए गये संविधान के तहत सत्ता साझा कर रही थी। इस संविधान ने सेना को एक चौथाई संसदीय सीटें, तथा प्रमुख मंत्रालयों पर नियंत्रण प्रदान किया है। संवैधानिक संशोधनों पर सेना ने वीटो लगा दिया और सू की को उनके विदेशी पारिवारिक संबंधों के कारण राष्ट्रपति बनने से रोक दिया।

सैन्य जुंटा ने तख्तापलट को सही ठहराने के लिए नवंबर 2020 के आम चुनाव में व्यापक धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। हालांकि, चुनाव आयोग और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने उनके दावों का खंडन किया, जिन्होंने चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष माना। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने तख्तापलट की निंदा की, सेना पर प्रतिबंध लगाये और चीन और रूस जैसे प्रमुख सहयोगियों से संकट को समाप्त करने में मदद करने का आग्रह किया।

तख्तापलट के जवाब में, म्यांमार के लोगों ने बड़े पैमाने पर विद्रोह की और मांग की उनकी चुनी हुई सरकार की वापसी और उनके मानवाधिकारों का सम्मान किया जाये। जातीय अल्पसंख्यकों, महिलाओं, युवाओं और सिविल सेवकों सहित समाज के विविध वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए, प्रदर्शनकारियों ने अपनी असहमति व्यक्त करने के लिए रचनात्मक और शांतिपूर्ण तरीकों का इस्तेमाल किया। हालांकि, सेना ने क्रूर बल के साथ जवाब दिया, अशांति को तीव्र कुचला और मानवाधिकारों का उस्लंघन किया।

सैन्य जुंटा ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए घातक और गैर-घातक बल का इस्तेमाल किया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों की जानें चली गई। बच्चों, पत्रकारों, डॉक्टरों, शिक्षकों और राजनेताओं सहित हजारों लोगों को हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और मार दिया गया। सेना ने जातीय सशस्त्र संगठनों को भी निशाना बनाया, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ, जिससे मानवीय संकट पैदा हो गया। क्रूरता के बावजूद, प्रतिरोध आंदोलन जारी है। अपदस्थ सांसदों और विभिन्न समूहों के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) नामक एक समानांतर सरकार बनाई है। जुंटा को उखाड़ फेंकने और संघीय लोकतंत्र स्थापित करने के लिए वे दृढ़ संकल्पित हैं, और उन्होंने सेना के दमन का मुकाबला करने के लिए एक गुरिल्ला सेना, पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) की स्थापना की है। एनयूजीम्यांमार के लोगों की सुरक्षा और शांति बहाल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता और समर्थन चाहता है।

जहां एक ओर म्यांमार उथल-पुथल का अनुभव कर रहा है, रोहिंग्या जातीय अल्पसंख्यक, मुख्य रूप से मुसलमानों का उत्पीड़न जारी है। मुख्य रूप से राखीन राज्य में रहने वाले रोहिंग्याओं को भेदभाव, नागरिकता से इनकार और उनके बुनियादी अधिकारों पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ा है। हिंसा और सैन्य कार्रवाई ने कई रोहिंग्याओं को पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर किया है, जिनमें से एक बड़ी संख्या बांग्लादेश और भारत में सुरक्षा की तलाश में है - मुख्य रूप से असम और पश्चिम बंगाल में।

चीन म्यांमार के मुख्य सहयोगियों में से एक है। कुछ लोग अनुमान लगाते हैं कि चीन की मंशा म्यांमार में उसके आर्थिक और रणनीतिक हितों में निहित है, जिसमें संसाधनों तक पहुंच, बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और प्रमुख व्यापार मार्गों पर नियंत्रण शामिल है। तख्तापलट के लिए चीन के समर्थन ने लोकतंत्र समर्थक नेताओं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ उसके संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है, जो उसके रुख को सेना के दमन को सक्षम करने वाला मानते हैं।

पिछले सप्ताह भारत को म्यांमार की सेना की अप्रत्याशित सहायता मिली जब उसने अपने 46 सैनिकों को मिजोरम में प्रवेश करने की अनुमति दे दी। सैनिक चीन राज्य में लोकतंत्र समर्थक लड़ाकों से बचने की कोशिश कर रहे थे जिन्होंने मिजोरम सीमा से परे उनके शिविरों पर कब्ज़ा कर लिया था। यह, शायद, पहली बार था कि भारत ने अपनी धरती पर लड़ाई से भाग रहे किसी अन्य देश की सेना के सैनिकों को बचाया है, जो अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए म्यांमार में सैन्य शासन के साथ सहयोग करने की नई दिल्ली की बढ़ती इच्छा को दर्शाता है।

म्यांमार के पड़ोसी के रूप में, भारत ने संकट और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की है। भारत के पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों में शरणार्थियों की आमद ने स्थानीय संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर भारी दबाव डाला है, जिससे मानवीय सहायता की आवश्यकता हुई है। म्यांमार तख्तापलट का कड़वा प्रभाव भारत में महसूस किया गया है क्योंकि फरवरी 2021 तख्तापलट के बाद से म्यांमार के 40,000 से अधिक चीन राज्य के शरणार्थियों ने मिजोरम में शरण ली है।

म्यांमार में संकट कई आयामों को समाहित करता है, जिसमें चल रही अशांति, दमन, रोहिंग्या अल्पसंख्यक की दुर्दशा और क्षेत्रीय शक्ति चीन का हस्तक्षेप शामिल है। भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इन चुनौतियों से निपटने, लोकतंत्र को बहाल करने और म्यांमार में मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। रोहिंग्याओं की दुर्दशा पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य उनके उत्पीड़न को समाप्त करना और उनके अधिकारों और सुरक्षा को सुरक्षित करना है। इन मुद्दों को सामूहिक रूप से संबोधित करके ही, म्यांमार और क्षेत्र के लिए शांतिपूर्ण और स्थिर भविष्य की आशा की जा सकती है।

## पूंजी के लिए कमाया जाता पुण्य

■ डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल

त्यौहारों के आनंद, हर्षोल्लास और आमोद-प्रमोद के बीच कुछ देर ठहरकर यह विचार करना रोचक हो सकता है कि आखिर हम त्यौहार मनाते क्यों हैं? इसलिए कि परम्परागत रूप से ऐसा चला आ रहा है? हमारे मां-बाप को हमने ऐसा ही करते देखा है और उन्होंने भी अपने मां-बाप को ऐसा ही करते देखा था। अगर मां-बाप को याद न भी करें तो आस-पास वाले मना रहे हैं इसलिए हम भी मना लेते हैं। अनुकरण सहज मानवीय प्रकृति है और जो अच्छा है, सुखद है, उसका अनुकरण करने में कुछ सोचने की ज़रूरत ही कहां है?

जो लोग पढ़े-लिखे हैं या जिज्ञासु वृति के विचारवान हैं, वे शास्त्रों और किताबों को खंगालते हैं और त्यौहारों के उद्गम और उनकी परम्परा तक जा पहुंचते हैं। वे इस बात की पड़ताल करते हैं कि किसी त्यौहार की शुरुआत कब और कैसे हुई तथा कालांतर में उसके स्वरूप में क्या परिवर्तन हुए। इन सब में बहुत सारे लोग ऐसे हैं जो बग़ैर किसी ना-नुकर के खुश होकर त्यौहार मनाते हैं, अपनी खुशियों में औरों को शामिल करते हैं, औरों की खुशी में खुद शामिल होते हैं। खुशी मनाने के मामले में ये तनिक भी कृपण नहीं होते और किसी को अलग रखने की बजाय सबको शामिल करने में और सबके साथ जुड़ जाने में विश्वास करते हैं।

> **त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों में समय के साथ बदलाव अपने आप आते हैं और कुछ बदलाव बाकायदा, योजनाबद्ध रूप से लाए जाते हैं। पिछले कुछ बरसों में हमारे संचार माध्यम हमें यह बताने लगे हैं कि अमुक पर्व के अवसर पर ख़रीदारी का ख़ास मुहूर्त है। क्या आज से तीस-चालीस बरस पहले यह मुहूर्त नहीं आता था? अब बाज़ार की तो इसके पीछे बड़ी भूमिका है।**

ऐसे लोगों को इस बात से कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि यह त्यौहार इसका है और यह त्यौहार उसका है। ये लोग सही अर्थों में वसुधैव कुटुम्बकम के समर्थक होते हैं। त्यौहार हमारे जीवन की एकरसता को तोड़ते हैं और हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करते हैं, लेकिन सारी दुनिया तो एक जैसी नहीं होती। बहुत सारे लोग ऐसे भी हमारे चारों तरफ़ हैं जो 'उनकी' खुशी और 'हमारी' खुशी में अंतर करते हैं। 'उनका' त्यौहार हम क्यों मनाएं और 'हमारे' त्यौहार में वे क्यों शामिल हों? ऐसे लोग बहुत बारीकी से पड़ताल करते हैं और हर बात में मीन-मेख निकालते हैं।

यह बात और भी आगे बढ़ती है। त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों पर भी खूब विवाद होते हैं, बहसें होती हैं। अब यह तो बहुत सामान्य बात है कि दुनिया में चीज़ें हमेशा एक जैसी नहीं रहतीं। बदलाव होते हैं। आज से सौ बरस पहले कोई त्यौहार जैसे मनाया जाता था, आज वैसे नहीं मनाया जाता। पहले दिवाली पर घी या तेल के दिये जलाए जाते थे, आज यह काम प्रतीक रूप में करके बिजली के बल्बों से रोशनी की जाती है। पहले बड़े बल्बों से रोशनी की जाती थी, अब छोटे और बहुत कम ऊर्जा खाने वाले बल्ब चलन में आ गए हैं।

हमने सहज भाव से इन बदलावों को स्वीकार कर लिया है, लेकिन जिन्हें विवाद प्रिय हैं वे इन बातों में भी विवाद के मौके तलाश लेते हैं। अगर बल्ब का प्रयोग किया जा रहा है तो यह देखना ज़रूरी होने लगा है कि उसका उत्पादन किस देश में हुआ है। आपकी खुशी को आपकी देशभक्ति के साथ नत्थी कर दिया जाता है। वैसे यह नत्थीकरण भी बहुत सेलेक्टिव होता है। सरकारी स्तर पर और बहुत बड़े पैमाने पर भले ही इस तरह की देशभक्ति की पड़ताल न की जाती हो, छोटे लोगों को इस खुर्दबीन के नीचे रखकर परखा जाता है।

यह सब अकारण होता हो ऐसा भी नहीं है। इस सबके पीछे बड़ी ताकतें बहुत चालाकी से अपना खेल खेलती हैं। इस बात को ऐसे समझें - त्यौहारों पर हमारे यहां मिठाई खाने और खिलाने की परम्परा है। हम सबको इसमें आनंद मिलता है। मिठाइयों के स्वरूप में बहुत बदलाव आए हैं। कल तक जो मिठाइयां चलन में थीं वे आहिस्ता-आहिस्ता लुप्त हो गई हैं और उनकी जगह नई, चमकदार और महंगी मिठाइयों से बाज़ार पट गया है। मिठाइयों को विस्थापित करने के प्रयत्न भी कम नहीं हुए हैं। आपकी सेहत की फ़िक्र को आगे करके मिठाइयों की लड़ाई मेवों से करवा कर उनके बाज़ार को मज़बूत किया गया है।

मिठाइयों के कच्चे माल में मिलावट की बात को रेखांकित करके चॉकलेट को प्रचारित और स्थापित किया गया है। इस बात को समझने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए कि मिठाइयों के विस्थापन और चॉकलेट के प्रतिस्थापन में किसका और कैसा हित निहित रहा होगा। जो संगठित हैं और शक्तिशाली हैं, वे असंगठित और अपेक्षाकृत कमज़ोर को पराजित करेंगे ही। हमारे देखते-ही-देखते पारम्परिक हलवाई के पेट पर लात मारकर मेवों और चॉकलेट को उनकी जगह स्थापित कर दिया गया है।

ऐसा ग़रीब-नवाज़ मिठाइयों को लेकर भी किया गया। एक ताज़ा उदाहरण सोन पापड़ी का है। उसे लेकर जितने लतीफ़े बने, उसका जितना उपहास किया गया, क्या वह सब आकस्मिक था? क्या उसके पीछे कोई बड़ा खेल नहीं था? बेशक हमारे यहां मिलावट का कारोबार खूब होता है और कोई भी उसका समर्थन नहीं करेगा, लेकिन समझने की बात यह है कि यह हल्ला केवल उसी समय किया जाता है जब ऐसा करने से किसी का लाभ होता हो।

त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों में समय के साथ बदलाव अपने आप आते हैं और कुछ बदलाव बाकायदा, योजनाबद्ध रूप से लाए जाते हैं। पिछले कुछ बरसों में हमारे संचार माध्यम हमें यह बताने लगे हैं कि अमुक पर्व के अवसर पर ख़रीदारी का ख़ास मुहूर्त है। क्या आज से तीस-चालीस बरस पहले यह मुहूर्त नहीं आता था? अब बाज़ार की तो इसके पीछे बड़ी भूमिका है। देखने की बात यह भी है कि बाज़ार हमारे पूरे सोच और हमारी जीवन-शैली पर इतना हावी हो गया है कि कभी-कभी तो हमें लगता है कि त्यौहार के लिए बाज़ार नहीं है, बाज़ार के लिए ही त्यौहार है।

इधर जैसे-जैसे हमारी समझ और संवेदनशीलता में वृद्धि हुई है हम बहुत सारी बातों पर विचार करने लगे हैं। कोई त्यौहार मनाने का तरीका अगर अनुचित है तो उसकी तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाने लगा है। इसमें कोई हर्ज़ भी नहीं है। आपको कहीं जाना है तो आप रास्ता बदलकर भी जा सकते हैं। पर्यावरण के प्रति हमारी जागरूकता बढ़ती जा रही है, हम वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के बारे में सोचने लगे हैं। अगर जलस्रोत छीजते जा रहे हैं तो हम पानी बचाने के बारे में सोचने लगे हैं। यह सब समय की मांग और हमारी विवेकशीलता का परिचायक है, लेकिन यह देखकर बहुत दुख होता है कि समाज का एक तबका परम्परा निर्वाह के नाम पर इन चिंताओं का कटु और साम्प्रदायिक विरोध करने लगता है।

इतना तो स्वीकार्य है कि कोई किसी की बात से सहमत न हो, लेकिन इससे किसी की नीयत पर ही संदेह करें और उसे धार्मिक-साम्प्रदायिक चश्मे से देखने लगें, यह बहुत पीड़ादायक है। दुर्भाग्य से हमारे समय में ऐसा बहुत हो रहा है। जब हवाओं में पहले से इतना ज़हर घुला हो कि सामान्य रूप से सांस भी लेना दूभर हो गया हो तब पटाखे चलाकर त्यौहार मनाना कहां की समझदारी है? जब लोगों को पीने के लिए पानी मिलना भी कठिन होता जा रहा हो तब अगर कोई पानी बचाने की गुहार लगाए तो उसका बुरा क्यों माना जाना चाहिए? किसी विवेक-सम्मत बात के विरोध में धर्म का झण्डा बुलंद करना और फिर बीच में किसी और धर्म को ले आना किस तरह की धार्मिकता है?

इधर एक और प्रवृत्ति देखने में आने लगी है जो बहुत चिंताजनक है। हम अपने धर्म, अपनी परम्पराओं को छोड़कर दूसरों के धर्म, उनकी परम्पराओं पर प्रतिकूल, बल्कि कटु टिप्पणियां करने में खुशी का अनुभव करने लगे हैं। 'वे' ऐसा क्यों करते हैं? आप अपनी बात नहीं करेंगे, नहीं करने देंगे, लेकिन दूसरों की बात बहुत बढ़-चढ़कर करेंगे। यह प्रवृति निंदनीय और घातक है। इससे बचा जाना चाहिए।

*(वरिष्ठ लेखक और स्तंभकार हैं।)*

# विधानसभा चुनाव : कलेक्टर ने मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय पहुँचकर यहाँ चल रही मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया । इस दौरान सुमन ने मतगणना में इस्तेमाल किये जाने वाले प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण किया । उन्होंने मतगणना हाल में उम्मीदवारों के गणना अभिकर्ताओं की बैठक व्यवस्था, मतगणना के चक्रवार परिणामों की डाटा एंट्री, मतगणना के राउंडवार परिणामों के सारणीयन, मतगणना की समूची प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के बारे में जरूरी दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, स्मार्ट सिटी के सीईओ चन्द्र प्रताप गोहिल एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण शिवेंद्र सिंह भी मौजूद थे ।

**स्ट्राँग रूम की सुरक्षा व्यवस्था भी देखी** -मतगणना की चल रही तैयारियों के निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया । इस मौके पर उन्होंने स्ट्रॉग रूम के प्रवेश द्वार पर रखे निरीक्षण रजिस्टर पर भी अपने हस्ताक्षर किये । ज्ञात हो कि मतदान में इस्तेमाल की गई ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में बने स्ट्रॉग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। स्ट्राँग रूम के प्रवेश द्वार पर केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल के जवानों को पहरे पर लगाया गया है । जबकि तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था के तहत स्ट्रॉग रूम के बाहरी सर्किल पर जिला पुलिस बल के अधिकारी और जवानों को तैनात किया गया है।

स्ट्रांग रूम के भीतर और बाहर सीसीटीव्ही कैमरों से लगातार निगरानी रखी जा रही है । उम्मीदवारों द्वारा स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए नियुक्त प्रतिनिधियों को इन सीसीटीव्ही कैमरे की तस्वीरों को देखने के लिए एलईडी टीव्ही की व्यवस्था भी की गई है।

# प्रकाश और ध्वनि की अवधारणा है तरंगे : वर्मा

**जबलपुर, देशबन्धु।** कमिश्नर अभय वर्मा ने कहा है कि तरंगें, प्रकाश और ध्वनि की अवधारणा है, जिसके माध्यम से विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक और मानव रहित घटनाओं का पता लगाया जाता है।

वे पंडित लज्जा शंकर मॉडल स्कूल जबलपुर में संचालित ज्ञानाश्रय नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस के छात्र छात्राओं को तरंगदैर्ध्य, तीव्रता, ध्वनि, परावर्तन, अपवर्तन वर्णक्रम, उत्तल और अवतल लैंस आदि के बारे में समझा रहे थे।



इस दौरान सहायक संचालक ज्ञान आश्रय नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस संतोष सेंगर एवं शिक्षक अंकित योगी और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

आयुक्त श्री वर्मा ने कहा कि अनुदैर्घ्य तरंगें वे तरंगें हैं जिनमें माध्यम के कणों का विस्थापन तरंग की गति की दिशा या उसके विपरीत दिशा में ही होता है। ध्वनि एक स्थान से दूसरे स्थान तक तरंगों के रूप में गमन करती हैं । उन्होंने कहा कि ध्वनि तरंगे, अनुदैर्ध्य यांत्रिक तरंगे होती हैं। ध्वनि एक प्रकार का कम्पन या विक्षोभ है जो किसी ठोस, द्रव या गैस से होकर संचारित होती है। उन्होंने कहा कि भूकंप की तीव्रता को मापने के लिए मर्कल्ली स्केल का उपयोग किया जाता है, जबकि भूकम्प का परिमाण मापने के लिए रिक्टर स्केल का उपयोग किया जाता है। रिक्टर स्केल की माप 0-10 से निरूपित की जाती है। सबसे तेज भूकंप 10 तीव्रता का होता है। उन्होंने कहा जब प्रकाश की किरण किसी चमकीली सतह से टकराकर उसी माध्यम में बापस लौट जाती है। उसे प्रकाश का परावर्तन कहते है, जबकि अपवर्तन में प्रकाश की किरण अपने मार्ग से विचलित हो जाती है। उन्होंने कहा लाल, नीला और हरा यह प्राथमिक रंग होते है। इनके मिश्रण से ही अन्य रंग बनते है। लाल रंग का तरंगधैर्य सबसे अधिक और बैंगनी रंग का सबसे कम होता है। उन्होंने कहा दूर दृष्टिदोष वाले व्यक्ति के चश्मे में उत्तल और निकट दृष्टिदोष वाले व्यक्ति के चस्मे में अवतल लेंस का प्रयोग किया जाता है एवं दाढ़ी बनाने के लिए अवतल दर्पण का प्रयोग किया जाता है।

उल्लेखनीय हैं कि कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की पहल और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से जबलपुर में 01 मार्च से यूपीएससी एवं एमपीपीएससी की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग क्लासेज नियमित संचालित की जा रही है।



# पमरे महाप्रबंधक ने भोपाल-बीना रेल खंड में निरीक्षण किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने शुक्रवार 24 नवम्बर 2023 को भोपाल-बीना रेल खंड में रेल विकास कार्यों संरक्षा सम्बन्धी कार्यों, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक के साथ प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर, मण्डल रेल प्रबंधक भोपाल, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक सहित मण्डल के अन्य अधिकारी एवं पर्यवेक्षक मौजूद रहे। महाप्रबंधक ने परख निरीक्षण यान द्वारा भोपाल-साँची-विदिशा-गंजबासौदा-बीना रेल खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने इस खंड पर स्थित साँची रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा की, विदिशा एवं गंजबासौदा स्टेशनों के सरंक्षा सम्बन्धी विकास कार्यो और बीना स्टेशन पर वहाँ पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, खानपान यूनिटों, आरक्षण कार्यालयों, बुकिंग कार्यालयों, यात्री प्रतीक्षालयों, प्लेटफॉर्मों एवं सर्कुलेटिंग एरिया का सघन निरीक्षण किया एवं कार्य क्षमता को परखा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किये जा रहे साँची स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, विकास कार्यों का जायजा लिया साथ ही स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली एवं कार्य की प्रगति की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने साँची स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों के मॉडल एवं ले-आउट प्लान का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा स्टेशन पर हो रहे आधारभूत संरचनाओं के कार्यो से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया।

विधानसभा चुनाव

# गणना कर्मियों को दिये जायेंगे अलग-अलग रंग के परिचय पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में जिले के आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में डाले गये मतों की गणना के लिए नियुक्त गणना कर्मियों को अलग-अलग रंग के फोटो पहचान पत्र जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी किये जायेंगे।

विधानसभावार नियुक्त मतगणना कर्मियों को दिये जाने वाले पहचान पत्र का रंग भी वही होगा जिस रंग के पहचान पत्र मतदान कराने नियुक्त मतदान कर्मियों को दिये गये थे ।

जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक पाटन विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को नारंगी रंग के, बरगी विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को पीले रंग के, जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को नीले रंग के, जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को लाल रंग के, जबलपुर कैंट विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को हरे रंग के, जबलपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को सफेद रंग के, पनागर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को सफेद रंग के तथा सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को जामुनी रंग के पहचान पत्र दिये जायेंगे ।

# अब सस्ती दर पर आटा बिक्री के खुलेंगे विशेष काउंटर

**जबलपुर/ देशबन्धु।** अब आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोगों को रोजमर्रा की उपयोग वाले बढ़ती आटा की कीमतों से निजात दिलाने के लिये सरकार ने विशेष किस्म के काउंटर खोलने की कवायद शुरू की है। जबलपुर में भी इसी तरह के काउंटर खुलने वाले हैं जहां पर लोगों को सस्ती दर पर आटा मिलेगा।

## लोगों को महंगाई से निजात दिलाने केंद्र सरकार की कवायद का दिखेगा असर

केन्द्र सरकार मंहगाई पर काबू पाने के लिए देशभर में 27.50 रुपए प्रति की कीमत पर भारत आटा बेच रही है। भोपाल के एमपी नगर में रिटेल काउंटर खोला गया। वहीं तीन जगहों पर मोबाइल वैन के जरिए आटा बेचा जा रहा है।

नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनसीसीएफ) ने भारत आटा बेचने की शुरुआत की है। एक-दो दिन में जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन सहित प्रदेश के दूसरे जिलों में इसकी शुरुआत हो सकती है। इस संबंध में फील्ड अधिकारी ने बताया कि प्रति व्यक्ति 10 किलो पैक्ड आटा दिया जा रहा है, जिसका रेट 27.50 रुपए प्रति किलो दिया जा रहा है। भारत सरकार की भारत आटा योजना के तहत यह व्यवस्था की गई है, एफसीआई से गेहूं लिया गया है। फिर मिलर के जरिए आटे के रूप में यह आम उपभोक्ताओं को कम रेट पर दे रहे हैं।

जबलपुर, इंदौर, उज्जैन के अलावा मुरैना, हरदा, बैतूल में भी जल्द ही आटा वितरण काउंटर खोले जाएंगे। जहां उपभोक्ताओं को रियायती भाव में आटा दिया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि सरकार ने गेंहू की बढ़ती हुई कीमतों को देखते हुए यह निर्णय लिया है।

बाजार में नॉन-ब्रांडेड आटे की खुदरा कीमत 30.40 रुपए किलो है तो ब्रांडेड आटा 40-50 रुपए प्रति किलोग्राम पर बिक रहा है।

गेहूं की लगातार बढ़ती कीमत की वजह से त्योहारी सीजन में आटे की कीमत में तेजी को देखते हुए सरकार ने सस्ते दाम पर आटा बेचने का फैसला किया है।

इस योजना के लिए ढाई लाख मीट्रिक टन गेहूं का अलोकेशन विभिन्न सरकारी एजेंसियों को किया गया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के अनुसार अभी देश में आटे की औसत कीमत 35 रुपए किलो है।

# जनेकृविवि के एमबीए छात्रों को अंतरराष्ट्रीय बिजनेस से कनेक्ट करायेंगे : पार्थ



**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान के संचालक डॉ. मोनी थॉमस के मार्गदर्शन में एम. बी. ए. एग्री बिसनेस मैनेजमेंट के छात्रों को उद्यमिता एवं अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा समय-समय पर प्रदान की जा रही है। इसी श्रृंखला में शुक्रवार को एम. बी. ए. एग्री बिसनेस मैनेजमेंट के छात्रों को उद्यमिता एवं अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस से अवगत कराने कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान में दो सीनियर, आई.आई.टी. खरगपुर के पूर्व छात्र एवं रीजनल बिजनेस टेक्नॉलॉजी मैनेजर, कॉनेल कैल्डिक, बैंकॉक पार्थ सारथि पचौरी एवं स्टाफ डाटा साइंटिस्ट, परेश वर्क, बंगलौर स्थित कंपनी में कार्यरत श्री दुष्यंत राय ने अपने अनुभव साझा किये। दोनों एक्सपर्ट जबलपुर से सम्बन्ध रखते है और जिले के युवाओं को उद्यमिता में प्रोत्साहित करने में विशेष रूचि रखते हैं। दोनों एक्सपर्ट द्वारा अंतरराष्ट्रीय बिजनेस मापदंड एवं कार्यप्रणाली को सरल सुगम एवं व्यवहारिक तरीके से 46 एम. बी. ए. के छात्रों एवं ऑनलाइन माध्यम से जुड़े 78 एग्री स्टार्टअप्स को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में संस्था के निदेशक डॉ. मोनी थॉमस, श्रीमति लक्ष्मी सिंह, डॉ. दीपक पाल, श्री दीपांशु पटेल ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई एवं एम.बी.ए. के छात्रों की सहभागिता रही है।

# जी 20 एवं बजट पर द्वि दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** संत अलॉयसियस महाविद्यालय, जबलपुर के वाणिज्य विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रदत्त द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन 24 नवंबर को किया गया। संगोष्ठी शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रार्थना गीत से एवं अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी.ए. नीरज अग्रवाल ने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य है। उन्हें जी 20 की नीतियों को साकार करना है तो विविध क्षेत्रों में सक्रिय सहभागिता दिखानी होगी।



उप-प्राचार्य डॉ. कल्लोल दास ने अपने संदेश में कहा कि - हम सभी जी 20 एवं सप्तर्षि बजट के उद्देश्यों को पूरा करते हुए प्रकृति को पुन: संरक्षित एवं समृध्द कर सकते हैं। इसके उपरांत संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. रुपाली आहलूवालिया (विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग) द्वारा संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात द्वि-दिवसीय संगोष्ठी की स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं अध्यक्ष शासी निकाय बिशप जेराल्ड अल्मेड़ा ने अपने संदेश में कहा कि- पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना एवं इसे संरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है, जिसके माध्यम से हुम आगामी पीढ़ी को सुंदर भविष्य प्रदान कर सकेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री प्रो. कन्हैया आहूजा (डीन, फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेस, देवी अहिल्या यूनीवर्सिटी, इंदौर) ने अपने संदेश में कहा कि - राष्ट्र के सतत विकास के लिए जी.20 एक श्रेष्ठ मंच है, जिसमें भारत बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत में विकास की अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शुभाशीष भट्टाचार्य (डायरेक्टर, नरसी मुंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीस, मुंबई) का उद्बोधन इस प्रकार था सप्तर्षि बजट आज के समय की मांग है। इसके माध्यम से सामाजिक विकास के विविध लक्ष्य प्राप्त किये जा सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डॉ. चित्रांशी वर्मा एवं श्री एनोश फिलिप्स एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कुदशिया रजा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपप्राचार्य डॉ. अंजली डिसूजा, फा, प्रदीप रॉडरिक्स, डॉ. सोनल राय, डा. तरविंदर कौर घई, डॉ. संजय रजक, डा. प्रीति जैन, डॉ. सुनील तिवारी, डॉ. दिलीप कोष्टा, डा. आशु जैन, योगेश अशर, डा. हरबक्श मूलचंदानी, डॉ. निधि खुराना, डॉ. कोमल रावत, डॉ. सुरभि जैन, डॉ. सरिता गोयल, डा एकता मुक्कर, डॉ. प्रिया साहनी, श्री जतिन आनंद, सुश्री निधि रजक, सुश्री तरनप्रीत कौर सलूजा एवं श्रीमती दसप्रीत कौर की मुख्य भूमिका रही।

# मतगणना एजेन्ट को मोबाईल ले जाने की अनुमति नहीं होगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की मतगणना में जितनी मतगणना टेबल होगी उतने ही मतगणना एजेन्ट उम्मीदवार द्वारा नियुक्त किए जा सकेंगे। उम्मीदवारों को रिटर्निंग ऑफिसर की टेबल पर मतगणना के अवलोकन के लिए भी एक काउंटिंग एजेंट की नियुक्ति की अनुमति होगी। इस तरह किसी भी उम्मीदवार द्वारा सामान्यत: अधिकतम 15 काउंटिंग एजेंट की नियुक्ति की जा सकेगी। इसके अलावा उम्मीदवार उस स्थान पर भी अपना गणना अभिकर्ता नियुक्त कर सकेगा जहां डाकमत पत्रों की गिनती की जायेगी।

निर्वाचन आयोग के अनुसार रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नियत तारीख से कम से कम एक सप्ताह पहले प्रत्येक उम्मीदवार एवं उसके निर्वाचन अभिकर्ता को उस स्थान की, जहाँ मतों की मतगणना की जाएगी तथा उस तारीख व समय की जब मतगणना प्रारंभ होगी, लिखित सूचना दी जायेगी, जिससे उम्मीदवार अपने मतगणना एजेन्ट की नियुक्ति कर सके। मतगणना एजेन्ट की नियुक्ति स्वयं उम्मीदवार अथवा उसके निर्वाचन एजेन्ट द्वारा की जाएगी। निर्वाचनों का संचालन 1961 के प्रारूप 18 के तहत ऐसी नियुक्ति की जाएगी। इस प्रारूप में मतगणना एजेन्ट का नाम और पता होगा। प्रारूप में उम्मीदवार अथवा उसके निर्वाचन अभिकर्ता के हस्ताक्षर होंगे। सभी मामलों में एजेन्ट की फोटो सहित प्रारूप की दो प्रतियाँ तैयार की जाएगी तथा उन पर हस्ताक्षर किये जायेंगे। प्रारूप की एक प्रति उम्मीदवार द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर को भेजी जाएगी, जबकि दूसरी प्रति मतगणना एजेन्ट को दी जाएगी, जो वह रिटर्निंग ऑफिसर के सामने प्रस्तुत करेगा।

मतगणना में कोई भी उम्मीदवार अपने मतगणना एजेन्ट की नियुक्ति प्रारूप 18 में एक ही नियुक्ति पत्र द्वारा कर सकता है। उस दशा में सभी मतगणना एजेन्टों से यह अपेक्षा की गई है कि वे उस नियुक्ति पत्र पर नियुक्ति की स्वीकृति के रूप में हस्ताक्षर करें। उम्मीदवार को ऐसे मतगणना एजेन्टों की फोटो सहित सूची रिटर्निंग ऑफिसर को मतगणना के लिए नियत तारीख के तीन दिन पहले शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी। रिटर्निंग ऑफिसर सूची मिलने पर प्रत्येक एजेन्टों के लिए पहचान पत्र तैयार करवायेंगे।

रिटर्निंग ऑफिसर को यह शक्ति भी दी गई है कि मतगणना हॉल में प्रवेश के पूर्व मतगणना एजेन्ट की जाँच कर सके। मतगणना एजेन्ट एक बार मतगणना हॉल में प्रवेश करने के बाद बाहर नहीं जा सकेंगे। गणना केन्द्रों में मतदान एजेन्ट को मोबाईल ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## अभ्यर्थी को सुरक्षा गार्ड के साथ गणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसा कोई भी व्यक्ति जिसे केन्द्र अथवा राज्य सरकारों से सुरक्षा प्राप्त है, उम्मीदवारों का गणना एजेंट नहीं बन सकेगा आयोग के मुताबिक किसी भी चुनाव लड़ रहे किसी भी उम्मीदवार को उसके सुरक्षा गार्ड अथवा सशस्त्र सुरक्षा गार्ड के साथ मतगणना केन्द्र में प्रवेश करने नहीं दिया जायेगा । आयोग के अनुसार सुरक्षा गार्ड प्राप्त उम्मीदवार से मतगणना केन्द्र में प्रवेश के लिए अपनी मर्जी से सुरक्षा को समर्पण करने का सहमति पत्र प्राप्त होने के बाद ही मतगणना केन्द्र में प्रवेश करने दिया जायेगा ।

# अधिवक्ता यश सोनी सम्मानित



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वर्णकार समाज द्वारा अधिवक्ता यश सोनी को सामाजिक एवं लोकहित कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने सोनी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# भूटान में त्रिदिवसीय दिवसीय संगोष्ठी में सहभागिता करेंगी डॉ आशा रानी



**जबलपुर, देशबन्धु।** हिंदी भाषा पर बौद्ध साहित्य का प्रभाव विषय पर भूटान के भारतीय दूतावास में आयोजित त्रिदिवसीय संगोष्ठी में शामिल होने के लिए हिंदी एवं भाषाविज्ञान विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की प्राध्यापक डॉ आशा रानी को आमंत्रित किया गया। संगोष्ठी 25 नवंबर 2023 से 27 नवंबर 2023 तक विभिन्न भारतीय भाषाओं पर आधारित है। संगोष्ठी में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश से डॉ आशा रानी गत दिवस भूटान के लिए रवाना हुई ।

# इंडियन इंजीनियरिंग कांग्रेस का आयोजन 27 दिसम्बर से

**जबलपुर, देशबन्धु।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) जबलपुर लोकल सेंटर के तत्वावधान में भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस का 38वाँ अधिवेशन 27 से 29 दिसंबर तक आयोजित है। मध्यप्रदेश के इतिहास में यह पहला अवसर है कि जब अंतर्राष्ट्रीय स्तर का इतना बड़ा अधिवेशन हो रहा है और इसकी जिम्मेदारी इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर जबलपुर लोकल सेंटर को मिली है। रीइमेजनिंग टुमॉरो: शेपिंग द फ्यूचर थ्रू डिसरपटिव एंड इंटरडिसिप्लीनरी टेक्नॉलजीस थीम पर यह अधिवेशन आयोजित हो रहा है।

इस अधिवेशन के आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के काउन्सिल मेम्बर इंजीनियर राकेश राठौर तथा जबलपुर लोकल सेंटर, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के चेयरमैन एवं आयोजन सचिव ब्रिगेडियर विपिन कुमार त्रिवेदी ने बताया कि उक्त अधिवेशन में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल की तकनीकी भागीदारी रहेगी एवं इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन र टेक्नोलॉजी डिजाइन एंड मैनेजमेंट आईआईआईटीएम जबलपुर नॉलेज पार्टनर रहेंगे।

## प्रसिद्ध इंजीनियर एंव डिफेंस साइंटिस्ट डा.सुधीर मिश्रा सहित देश विदेश के प्रख्यात इंजीनियर लेंगे हिस्सा

इस अधिवेशन का उदेश्य तकनीकी बिरादरी को जागरुक कर इंजीनियरिंग के विभिन्न क्षेत्रों मे विकास करना तथा भविष्य की चुनौतियों का सामना करते हुए राष्ट्र के विकास को सुनिश्चित करना है।

**देश- विदेश के प्रसिद्ध इंजीनियरों की रहेगी भागीदारी**-देश और विदेश के अभियांत्रिकी संस्थानों से प्रसिद्ध अभियंता इस अधिवेशन में भाग लेंगे, जिसमें प्रमुख रूप से डी. आर. डी. ओ. के प्रसिद्ध इंजीनियर एवं रक्षा वैज्ञानिक डाक्टर सुधीर मिश्रा, रेलवे इंजीनियरिंग क्षेत्र के विशेषज्ञ, देश के विभिन्न प्रसिद्ध अभियांत्रिकी महाविद्यालयों से उनके प्राध्यापक, उद्योगपति एवं अन्य कई संस्थानो के गणमान्य पदाधिकारियों के अलावा कोरिया इजिप्त तथा गल्फ देशों सहित अन्य अनेक देशों के विशेषज्ञ शामिल रहेंगे।

**200 से ज्यादा शोध पत्र होगें प्रस्तुत**-इसके अलावा इसमें इंजीनियरिंग की 15 प्रमुख शाखाओं के 200 से ज्यादा शोध पत्र प्रस्तुत किये जायेंगे । इस अधिवेशन में विभिन्न हस्तियो के नाम पर मेमोरियल लेक्चर भी प्रस्तुत किये जायेंगे ,जिन्होने अभियांत्रिकी के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दिया है।

**अनेक अवार्ड भी दिये जायेगें**- अधिवेशन में विभिन्न क्षेत्रों में अवार्ड भी दिए जायेंगे जिनमे इंडस्ट्री एक्सेलेन्स अवार्ड, इंजीनियरिंग एजुकेशन अवार्ड आदि शामिल है। इसके अलावा एलम्नी मीट, वीमेन्स इंजीनियरिंग मीट, इंटरनेशनल मीट भी आयोजित होंगी जिसमे देश-विदेश के अनेक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

# मतगणना दल का प्रशिक्षण संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्ट र एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन के निर्देशन में मानस भवन में मतगणना दल का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत जयति सिंह व प्रशिक्षकों द्वारा मतगणना को लेकर हर एक बिंदु पर विस्तारर से जानकारी दी। जिसमें मतगणना दल के लिये की जाने वाली तैयारियां, मतगणना स्थंल पर प्रवेश, सामग्री, बैठक व्यिवस्थाभ, मतगणना टेबल पर मतदान मशीनों का वितरण, मशीनों के नंबरों की जांच, मतदान यूनिट के बॉक्सि के सीलों की जांच, कंट्रोल यूनिट पर लगी सीलों की जांच, रिजल्टण खण्ड से ऐड्रेस टेग व हरी पत्र मुद्रा को हटाना, पॉवर स्विच ऑन करना, रिजल्टप देखने के लिये रिजल्ट बटन को दबाना, परिणामों का प्रदर्शन, इस प्रकार मतगणना प्रक्रिया के विभिन्नप प्रक्रिया को विस्ताोर से बताकर मशीनों को सील करने आदि के साथ पोस्ट ल बैलेट गणना को लेकर विस्तृ त जानकारी दी गई।

# नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के एक दिन पूर्व होगा अतिथियों का नगरागमन



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 27 नवंबर को सुबह 8.30 बजे से 396 वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा निकाली जाएगी। परिक्रमा में शामिल होने अतिथियों का आगमन कार्यक्रम के एक दिन पूर्व हो जाएगा। विशेष रूप से शामिल होने आ रहे हैं, लोकमान्य तिलक के प्रापोत्र शैलेश तिलक, बद्रीनाथ धाम में 12 साल 12 महीने की तपस्या करने वाले बर्फानी बाबा किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर पवित्रा दीदी, मुंबई किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर पुष्पा दीदी, जयपुर हीरा दीदी सहित शहर के सभी संत महात्माओं के सानिध्य में निकाली जाएगी। पंचकोशी परिक्रमा आश्रम से प्रारंभ होकर पंचवटी 64 योगिनी, धुआंधार, कल्याण तपोवन, लम्हेटा घाट से होते हुए मां नर्मदा को नाव पार कर शनि मंदिर, डूंडवारा, इमलिया, न्यू भेड़ाघाट होते हुए सिद्धन माता जी के सामने से सरस्वती घाट से पुण्य सलिला माँ नर्मदा को नाव द्वारा पार करके आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। परिक्रमा में बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया जायेगा। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, अध्यक्ष डॉक्टर शिव शंकर पटेल, पंडित मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, सुरेश विश्वकर्मा, मनोज, गुलाब बनी, शीर्ष अग्रवाल एडवोकेट आदि ने नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में श्रद्धालुओं से उपस्थित होने का आग्रह किया है।


## माँ नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा गौरीघाट से


**जबलपुर, देशबन्धु।** कार्तिक पूर्णिमा में माँ नर्मदा की परिक्रमा स्नानदान, व्रत्त करने से यश प्राप्ति और मांगलिक कार्य का योग बनता है। यह नदी विश्व की पहली ऐसी नदी है, जो अन्य नदियों की अपेक्षा विपरीत दिशा में बहती है, जिसके दर्शन मात्र से मोक्ष प्राप्त होता है। परिक्रमा का एक कोस करीब 3.2 किलोमीटर का होता है, अर्थात पंच कोस यानी करीब 16 किलोमीटर की पदयात्रा 27 नवम्बर कार्तिक मास की पूर्णिमा को गौरीघाट जबलपुर से प्रातः 07 बजे आयोजित है। पदयात्रा गौरीघाट गुरूद्वारा से तिलवाराघाट (पुराना पुल) पार कर ललपुर होते हुए उमाघाट पर सम्पन्न होगी।

नर्मदा सभा के मुकेश चतुर्वेदी, दिनेश सिंगरौल, द्वारका मिश्रा, राजेश तिवारी, अशोक सोनी, राजेश बुदेंला गोपाल खत्री, महेश शर्मा, शारदा राजपूत, रमन सिंह, एस के अहिरवार, शम्भु सिंह, संतोष दुबे, केके दुबे, राजेश द्विवेदी, विशाल तिलवानी, सजीव सिंह लाली, प्रवीण चौहान, अनिल ठाकरे, कुशलपाल सिंह, अतुल दुबे, अनील खण्डेलवाल, अरविंद कपूर, सुरेश सिंगरौल, राजेश राउत, एसके नेमा, नगीन सोनकर, सुरेश कुमाद उददे, प्रमोद द्विवेदी, रूपेश त्रिपाठी, रूपनारायण शुक्ला, संतोष सराठे, हरप्रसाद पटेल, अशोक यादव, अशोक मिश्रा, रोहित चंदेल, प्रशांत सावंत, गौरव आनंद, सतपाल सिंह, हरनाम सिंह आदि नर्मदा भक्तों ने पंचकोसी पदयात्रा में सहभागिता की अपील की है।

# गोवा और जयपुर के सेट बनाकर डेस्टिनेशन वेडिंग इन सिटी

## न्यू वेडिंग ट्रेंड-वेडिंग सीजन में नए ट्रेंड पर काम करेंगे वेडिंग प्लानर्स





**जबलपुर, देशबन्धु।** बैंड, बाजा और बारात का सीजन शुरू हो चुका है। न्यू सीजन में वेडिंग के डिफरेंट फंक्शन को लेकर इनोवेशन का दौर भी जारी है। ऐसा ही इनोवेशन डेस्टिनेशन वेडिंग को लेकर किया जा रहा है। सेलिब्रेटीज की तर्ज पर अब शहरवासियों के बीच भी डेस्टिनेशन वेडिंग का ट्रेंड बढ़ रहा है। लाखों रुपए खर्च करके लोग डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए जयपुर, गोवा, दमन, द्वीप जैसी जगहों पर जाना पसंद कर रहे हैं। वहीं जो लोग शहर में ही डेस्टिनेशन वेडिंग का एंजॉयमेंट चाहते हैं, वेडिंग प्लानर्स उनके के लिए स्पेशल सेट तैयार रहे हैं।

**वेडिंग के स्पेशल पैकेज**-सिटी वेडिंग प्लानर्स का कहना है कि शहर में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए स्पेशल पैकेज तैयार किए गए हैं। इसमें टॉप मोस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन और फंक्शन के पैकेज लोगों की डिमांड के अकॉर्डिंग सेट किए जाते हैं। मेहंदी से लेकर संगीत और बारात को डेस्टिनेशन वेडिंग वाले डिफरेंट प्लेसेज पर पूरा करवाया जाता है।

**सेट से रियल प्लेस वाला लुक**-वेडिंग प्लानर्स का कहना है कि शहर में जो वेडिंग डेस्टिनेशन के सेट तैयार किए जा रहे हैं, उन्हें तैयार करने में तीन से चार दिन का समय लगता है। इसमें सेट को हूबहू सिटी और वैन्यू की तरह सजाया जाता है। यदि किसी ने जयपुर को डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए चुना है, तो इसमें पिंक सिटी के लुक को ढाला जाता है। जयपुर महल बनाया जाता है। रेतीले टीले बनाए जाते हैं और ऊंट और करतब वालों को बुलाया जाता है।

### इस तरह हो रहा काम

- गोवा और अदर बीच का सेट
- जयपुर, उदयपुर से रेतीले टीले
- विदेशों से डांस परफॉर्मर्स
- इवेंट में सेलिब्रेटीज को इन्विटेशन
- हर फंक्शन के लिए सेपरेट प्लानिंग

# केन्द्रीय विद्यालय टीएफआरआई में टीचर्स हर विषय में कर रहे नवाचार



**जबलपुर, देशबन्धु।** केन्द्रीय विद्यालय टीएफआरआई में वाणिज्य विषय का क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग के सभी वाणिज्य के पीजी शिक्षकों ने सहभागिता की। शिक्षकों ने न्यूनतम अध्ययन सामग्री से तैयार की गई किट निर्माण की प्रक्रिया समझाई। इस दौरान मुख्य अतिथि सौमित श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त किरण शर्मा, प्राचार्य प्रवीण नायडू, सहायक आयुक्त डॉ. सरोज डबास, प्राचार्य अमित दाहिया मौजूद थे।

# लघु काशी गढ़ा में रजत जयंती वर्ष पर प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिभा सम्मान समिति के संस्थापक एवं संयोजक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक पंडित रमेश बसेड़िया अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र उपाध्याय एवं सचिव विजय मिश्रा ने बताया कि लघु काशी गढ़ा जबलपुर का प्रतिभा सम्मान समारोह रजत जयंती वर्ष पर आज शनिवार को दोपहर 1 बजे हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक शाला देवताल गढ़ा में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में गढ़ा क्षेत्र की कक्षा पांचवी से लेकर कक्षा 12वीं तक की क्षेत्रीय स्तर में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त नवोदित प्रतिभाओं एवं सभी विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता है।

इसी क्रम में क्षेत्रीय स्तर पर ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को और आदर्श छात्र-छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया जाता है। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कार्यक्रम के अध्यक्ष साहित्यकार आचार्य भगवत प्रसाद दुबे, विशिष्ट अतिथि अंजू क्षेत्रपाल, प्राचार्य एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक सह शिक्षा विद्यालय गढ़ा, रजनीश श्रीवास्तव प्राचार्य हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवताल के सानिध्य में संपन्न होगा। समिति के सदस्य सुमन तिवारी, शरद दुबे, डॉक्टर श्याम सुंदर, डॉ बी. पी. अवस्थी, भोलाराम खत्री, मनोज गुप्ता, अभय शंकर प्यासी एवं समिति सदस्यों ने इस सम्मान समारोह के कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनों से उपस्थित का आग्रह किया है।

# लायंस क्लब जबलपुर में हाउजी खेलकर मनाया दीपोत्सव



**जबलपुर, देशबन्धु।** लायंस क्लब जबलपुर के तत्वावधान में दीप उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां पेश की। इस मौके पर रीजन आर्किड चैयरमेन कमलकांत गुमास्ता, जोन चेयरमेन एमजेएफ हरिलाल पटेल की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष ज्ञानचंद्र गोलछा, सचिव एमजेएफ लायन उमेश जैन, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गर्वनर लायन राजीव अग्रवाल, श्वेता तिवारी, अध्यक्ष ज्ञान गोलछा, मनीषा सोनी, प्रबोध तिवारी मौजूद थे।



# विचारों पर नियंत्रण सिखाता है ध्यान : पूजा बहन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मेडिटेशन लोगों को विचारों पर नियंत्रण करना सिखाता है। विशेषकर युवाओं के लिए ध्यान की प्रक्रिया आवश्यक है। यह जानकारी ब्रह्माकुमारी पूजा बहन ने आयुर्वेद कॉलेज में आयोजित स्वप्रबंधन नेतृत्व विषय पर व्याख्यान के दौरान दी। कार्यक्रम में कटंगा स्थित ब्रह्मकुमारी केन्द्र के विशेषज्ञों ने कहा कि विचार ही हमारे परम मित्र हैं। जिनसे हर परिस्थिति से निपटने की शक्ति मिलती है। मुख्य वक्ता पूजा बहन ने कहा कि विद्यार्थियों ने समय प्रबंधन सीखा, तो दुनिया जीत सकते हैं।

# दैनिक राशिफल

**शनिवार 25 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक शुक्लपक्ष की त्रयोदशी। नक्षत्र-अश्वनी**

### मेष -
कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप फंस सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के विषय में न पड़ने की सलाह आपको दी जाती है।

### वृषभ
आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोपहर के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मिथुन
आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है।

### कर्क
अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

### सिंह
आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। सरकार या नियम विरोधी कामों से दूर रहें।

### कन्या
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क. 257-260

### तुला
आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

### वृश्चिक
साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

### धनु
आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

### मकर
जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। भाइयों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे।

### कुंभ
अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

### मीन
आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

मा. 118-357

3,5,7,9,31,55,75,90,81,50,48,21

# रंगोली से हुई सजावट, दिखा पारम्परिक अंदाज

### क्लब कल्चर-अधारताल लेडीज क्लब का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** पारम्परिक परिधान में लेडीजों ने त्यौहार की खुशियां मनाई। अलग-अलग थीम पर आधारित ड्रेसकोड में लेडीजों ने रंगोली सजाई और पटाखे फोड़कर सेलिब्रेशन भी किया। महिलाओं के परिधानों में विभिन्न प्रांतों की झलक दिखी। अधारताल लेडीज क्लब के तत्वावधान में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने जहां डिफरेंट एक्टिविटी में हिस्सा लिया, वहीं आगामी चुनाव परिणाम को लेकर भी चर्चा की गई।

### कलश डेकोरेशन

कार्यक्रम में रंगोली से जहां अलग-अलग डिजाइन बनाई गई, वहीं कलश सज्जा में भी हुनर दिखाया गया। इस मौके पर रश्मि पहारिया, सीमा शुक्ला, निर्मला माहेश्वरी, जयंती निगम, मधु गुलाटी, सुनैना, संगीता, रेनू, राधिका, स्वाति, सारिका, उमा, हंसा, अर्चना मौजूद रहीं।



# एपीएन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** सहोदय स्कूल कॉम्लेक्स के तत्वाधान में एपीएनसीबीएसई सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल सदर में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था क्या शहरी जीवन ग्रामीण जीवन से बेहतद है ? प्रतियोगिता में नगर की 23 शालाओं ने भाग लिया और उपरोक्त विषय के पक्ष विपक्ष में छात्र छात्राओं ने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। प्रतिभागियों द्वारा शहरी जीवन बेहतर है, या ग्रामीण जीवन इस पर विचार व्यक्त करतेहुए एक ओर जहाँ शहरी जीवन की आधुनिकता विकासशीलता और विशेषताओं पर विस्तार से बताया गया। वही दूसरी ओर ग्रामीण जीवन द्वारा संयुक्त परिवार, संस्कृति संस्कार को वर्तमान समय में भी किस तरह संयोजकर रखा गया है यह बताया कार्यक्रम के आर्मी पब्लिक स्कूल नम्बर 2 जैक को प्रथम स्थान, सेंट ग्रेबियल रांझी को द्वितीय स्थान, सेंट जोसेफ कान्वेन्ट सदर को तृतीय स्थान दिया गया। विजेता स्कूल को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक डा पूनम शर्मा सहायक प्राध्यापक माता गुजरी कॉलेज, डॉ महेन्द्र कुशवाहा सहायक प्राध्यापक महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं डॉ सुनीता खुजूर सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय बरगी ने निभाई। कार्यक्रम में एपीएन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, प्रबंधक तुलसी दास द्रविड, सीबीएसई, प्राचार्य महेश मोरे, एपीएन महाविद्यालय के रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ सोनल खरे, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा सहित, अनीता तिवारी,ज्योति तिवारी, शुभम सिंगोर, ममता दीक्षित उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अनामिका राय एवं ज्योति मिश्रा द्वारा किया गया।

# नगर निगम द्वारा तैयार किए जा रहे स्कूलों में हों सर्व सुविधाएं : संघ

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी-कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शहर में जितनी भी नगर निगम की बिल्डिंगों में शासकीय शालाएं संचालित की जा रही हैं, वहां पर फर्नीचर की उचित व्यवस्था की जाए। उसमें शिक्षकों एवं बच्चों के लिए फर्नीचर की पूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए। तभी स्कूलों का कार्य सुचारू रूप से चल सकेगा। जिन बिल्डिंगों में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाएं संचालित हो रही हैं, वहां पर सभी कक्षों में बैंच, डेस्क एवं टेबिल, कुर्सी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, और कई स्कूलों में बिजली भी नहीं है। जिससे विद्यार्थियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। संघ ने आगे बताया स्कूलों की नई बिल्डिंगो में नई डेस्क, बैंच, कुर्सी, टेबल एवं नल जल की व्यवस्था के साथ ही बालक, बालिकाओं के लिए पृथक से टॉयलेट की व्यवस्था की जानी चाहिए। जिससे छात्राओं को किसी प्रकार से दिक्कतों का सामना न करना पड़े। साथ ही लाईट एवं पंखों की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं होगी। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, हेमन्त ठाकरे, राकेश श्रीवास, दिनेश गौंड़, क्रिस्टोफर नरोन्हा, धनराज पिल्ले, एनोस विक्टर, रऊफ खान, उमेश सिंह ठाकुर, गुडविन चार्ल्स, सुनील झारिया, ओम प्रकाश झारिया, राजेश सहारिया, गोपीशाह, रामकुमार कतिया, सुधीर अवधिया, आशा राम झारिया, मनीष मिश्रा, राजकुमार यादव, फिलिप अन्थोनी, सुधीर पावेल, विनोद सिंह, राजेन्द्र सिंह, संतोष चैरसिया, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, मनीष झारिया, रवि जैन, नेत राम, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, सुनील स्टीफन, विनय रामजे, सरीफ अहमद अंसारी, आशीष कोरी, मनीष मिश्रा, एस.बी.रजक, सुखराम विश्वकर्मा आदि ने नगर निगम कमिश्नर एवं महापौर से मांग की है, कि जिन नगर निगम की बिल्डिंगों में शासकीय शालाएं संचालित हो रही हैं। वहां पर सर्वसुविधायुक्त वातावरण के तहत सभी आवश्यक चीजें मुहिया कराई जाए।

# निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान



**श्री नारायण विष्णु पोल**-भोले बाबा कुटी के पास पुष्पांजलि स्कूल के पीछे 76 शक्तिनगर निवासी नारायण विष्णु पोल का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे संजय व सुमित के पिता थे। अंतिम यात्रा आज शनिवार 25 नवम्बर को 11.00 बजे निज निवास से ग्वारीघाट मुक्तिधाम प्रस्थान करेगी।



**कु. पूनम कोरी**- बाबा टोला जानकी दास मंदिर के पास निवासी दीपक कोरी की पुत्री कु. पूनम कोरी (15) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्ण बाई श्रीवास्तव**- पंचशील नगर नर्मदा रोड निवासी श्रीमती कृष्णा बाई श्रीवास्तव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ज्ञानी देवी खत्री**- बड़ी ओमती निवासी श्री शखावत राय खत्री की धर्मपत्नी श्रीमती ज्ञानी देवी खत्री (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री दया शंकर कनौजिया**- आलोक नगर अधारताल निवासी श्री दया शंकर कनौजिया (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री अंजू चौधरी**- प्रेमसागर पुलिस चौकी की पास निवासी श्री प्रीतम चौधरी की पुत्री सुश्री अंजू चौधरी (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती वीणा सैलट**- घड़ी चौक विजय नगर निवासी श्री अरविंद सैलट की धर्मपत्नी श्रीमती वीणा सैलट (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री अमित पांडे**- संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री अमित पांडे (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तुलसा बाई सेंगर**- करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री गजराज सिंह सेंगर की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा बाई सेंगर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती गंगा चौहान**- साईं विहार रामपुर छापर निवासी श्री जय करण सिंह चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती गंगा चौहान (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भूपत बर्मन**- राइट टाउन प्रेम मंदिर के पास निवासी श्री भूपत बर्मन (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती नीलोय सरकार**- सिद्धि विनायक कॉलोनी मड़ई व्हीकल निवासी श्री एचके सरकार की धर्मपत्नी श्रीमती नीलोय सरकार (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनूप दवे**- शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री अनूप दवे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# सिर पर पत्थर पटक कर अधेड़ की हत्या



**जबलपुर,देशबन्धु।** बरगी पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों से मुंगेली नहर के पास एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर पहुंच कर जांच करने पर मृतक की पहचान 50 वर्षीय प्रेम सिंह मरावी निवासी हिनोतिया बरेला के रूप में हुई। परिजनों से बात करने पर पता चला कि मृतक एक दिन पहले घर से कहीं निकला हुआ था, जिसकी परिजनों द्वारा तलाश की जा रही थी। पुलिस के मुताबिक मृतक की हत्या सिर पर पत्थर पटक कर की गई है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पमरे ने चालू वित्तीय वर्ष में 4700 करोड़ रुपये से अधिक ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया

## अकेले अक्टूबर माह में 670 करोड़ रूपये ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया




**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के अप्रैल से अक्टूबर यानी सात माह में पमरे ने कुल रुपये 4753 करोड़ 74 लाख का राजस्व (ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू) प्राप्त हुआ, जो विगत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व रुपये 4374 करोड़ 70 लाख से लगभग 09 प्रतिशत से अधिक है। अकेले अक्टूबर माह की बात करे तो पमरे ने कुल रुपये 669 करोड़ 64 लाख का राजस्व (ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू) प्राप्त हुआ, जो विगत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व रुपये 594 करोड़ 50 लाख से लगभग 13 प्रतिशत से अधिक है। इस तरह यदि मद वाइस आय पर नजर डालें तो चालू वित्तीय वर्ष के सात माह यानी अप्रैल से अक्टूबर 2023 तक पमरे की ओरिजनेटिंग रेवेन्यू के अंतर्गत यात्री यातायात से रुपये 1393 करोड़ 04 लाख, माल यातायात से रुपये 3150 करोड़ 03 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 88 करोड़ 15 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 122 करोड 52 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

इस प्रकार अकेले अक्टूबर माह की बात करे तो पमरे की ओरिजनेटिंग रेवेन्यू के अंतर्गत यात्री यातायात से रुपये 185 करोड़ 14 लाख, माल यातायात से रुपये 454 करोड़ 03 लाख अन्य कोचिंग मद में रुपये 11 करोड़ 51 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 18 करोड 96 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है। पश्चिम मध्य रेलवे तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा द्वारा रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

# सड़क हादसो में दो महिलाओ की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना चरगवा में पुरानी तहसील के सामने गोटेगांव चरगवां रोड में एक्सीडेंट होने की सूचना पर पहुँची पुलिस को एक्सीडेण्ट में गुड्डी बाई गौड़ उम्र 40 वर्ष एवं बंदना गौड़ उम्र 50 वर्ष दोनों निवासी बेनीसिंह पिपरिया की घायल अवस्था में मिली जिन्हे 108 एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज ले जाया गया।

मेडिकल कालेज में रेखा गौड़ उम्र 30 वर्ष निवासी बेनीसिंह पिपरिया थाना चरगवां बताया कि वह मजदूरी करती है दिनांक 23/11/23 को गांव की गुड्डी बाई, बंदना बाई, मरई डेहरिया, विन्नू ठाकुर, विरजू ठाकुर और गांव के अन्य लोगों के साथ ट्रेक्टर ट्राली से बटरा तोड़ने ग्राम सुनवारा गये थे। शाम को ट्रेक्टर ट्राली से अपने गांव वापिस जा रहे थे चरगवां बाजार में पुरानी तहसील के सामने ट्रेक्टर ट्राली खड़ा करके बाजार में सब्जी भाजी लेने चले गये थे। शाम लगभग 05/30 बजे सभी लोग ट्राली में बैठ गये थे। तभी गोटेगांव तरफ से एक ट्रक का चालक तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते लाया और ट्रेक्टर की ट्राली में पीछे से टक्कर मार दिया ट्राली में टक्कर लगने से गुड्डी बाई पति पाल सिंह गौड़ एवं बंदना बाई पति प्रीतम गौड़ दोनों ट्राली से नीचे गिर गयी और ट्रक गुड्डी एवं बंदना बाई के पैरों के ऊपर से निकल गया और आगे जाकर एक आटो से टकराकर खड़ा हो गया, ट्रक का पहिया ऊपर चढ़ने से गुड्डी बाई को सिर में दाहिने तरफ एवं आंख के पास दोनों पैरों के घुटनों के नीचे एवं शरीर में तथा बंदना बाई को पैरों एवं शरीर में चोट आ गई।

रिपोर्ट पर धारा 279,337 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सुवह मेडिकल कॉलेज में दौरान उपचार श्रीमती गुड्डी बाई गौड़ उम्र 40 वर्ष एवं श्रीमती बंदना गौड़ उम्र 50 वर्ष दोनों निवासी बेनीसिंह पिपरिया की मृत्यु हो गयी है। प्रकरण में धारा बढाई जा रही है।



# पूर्व पार्षद पर हमले के खिलाफ एसपी को ज्ञापन

**जबलपुर,देशबन्धु।** पूर्व पार्षद एवं सिख संगत के सचिव नरिंदर सिंह पांधे जी के ऊपर हुए अमानवीय हमले के खिलाफ आज शुक्रवार दिनांक 24,11,23 दोपहर 3/30 बजे एसपी महोदय को एक ज्ञापन जबलपुर सिख समाज, पांधे परिवार एवं समाज के सभी वर्गों आम नागरिको व्यापारी बंधुओं की तरफ से सौपा जाएगा आप सभी से हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि परिवार सहित समय से *एसपी कार्यालय हाई कोर्ट के पास पहुंचने की कृपा करें जी।

सिख समाज,जबलपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स,सिख अकाल फोर्स, खालसा अकाल फोर्स, महाकौशल चैम्बर ऑफ कॉमर्स, जबलपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स महिला विंग, मध्यप्रदेश चैम्बर ऑफ कॉमर्स, मोटर पार्ट्स डीलर्स एसोसिएशन जबलपुर, पूर्व पार्षद गण, पार्षद गण, होटल एसोसिएशन, हाउबाग व्यापारी संघ, गोरखपुर व्यापारी संघ, लोहा व्यापारी संघ, जबलपुर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच,आल इंडिया ट्रक ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन, बाईपास व्यापारी संघ, मिष्ठान संघ जबलपुर, लार्ड गंज व्यापारी संघ, जबलपुर क्रिकेट एसोसिएशन, जबलपुर सीनियर एसोसिएशन, पूर्व छात्र संघ जबलपुर, तरंग मॉर्निंग वॉक क्लब जबलपुर,विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ जबलपुर, फर्नीचर व्यापारी संघ जबलपुर, समस्त कॉंग्रेस पार्टी पदाधिकारी व सदस्य गण, सभी राजनीतिक पार्टी सदस्य गण, मित्रगण जबलपुर।

# जुए के फड़ों पर छापा, 31 जुआरी गिरफ्तार, 15090 रुपये जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस न मुखबिर से सूचना पर स्मार्ट नाला आफिस के बाहर स्ट्रीट लाईट के नीचे कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ मन्ना खेल रहे हैं को धरदबोचा। स बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां कुछ ताश पत्तों पर जुआ खेलते दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपने नाम क्रमशः अमित अग्रवाल निवासी छोटा फुहारा मिलौनीगंज गोहलपुर, शाहिद खान निवासी बैदराना मोहल्ला गढ़ा, सचिन शर्मा निवासी कंचनपुर अधारताल, खालिक खान निवासी बैदराना मोहल्ला, अविनाश मिश्रा तुलसीनगर थाना कोतवाली बताये जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 5 हजार 570 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

वहीं थाना बेलबाग में मुखबिर से सूचना मिली कि मछली मार्केट गुरंदी में कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये स्थान पर कुछ जुआरी जुआ खेलते दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम राजेश गुजराती निवासी कदम तलैया, वसीम खान निवासी पम्प हाउस मैदान रजा चौक अधारताल, अजहर अली निवासी कार्तिक होटल के पीछे घंटाघर ओमती बताये जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 2 हजार 110 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

इसी तरह गोरखपुर पुलिस ने कैलाशापुर में दबिश देते हुये अनमोल एवं अन्य 2 साथियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा कब्जे से नगद 950 रू0 तथा ताश के 52 पत्ते जप्त करते हुए आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

वहीं थाना बेलखेडा पुलिस ने रेतटीला एवं ग्राम लम्हेटा में दबिश देते हुये जहीर एवं लखन तथा अन्य 5 साथियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा कब्जे से नगद 3810 रू0 तथा ताश के 52 पत्ते जप्त करते हुए आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

इधर थाना शहपुरा पुलिस ने वार्ड न. 2 में दबिश देते हुये संजय सैनी एवं अन्य 8 साथियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा कब्जे से नगद 140 रू0 तथा ताश के 52 पत्ते जप्त करते हुए आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। थाना खितौला पुलिस ने हरगढ में दबिश देते हुये शिवकुमार एवं अन्य 3 साथियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा कब्जे से नगद 1200 रूपये तथा ताश के 52 पत्ते जप्त करते हुए आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

# सट्टा लिखते सटोरिया पकड़ा गया, नगद 3 हजार 150 रूपये जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना प्रभारी ग्वारीघाट संजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि लाईन पार दुर्गानगर बल्लू गडरिया की डेयरी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखकर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है सूचना पर थाना एवं क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का लड़का सट्टा पट्टी लिखते दिखा जिसके आसपास कुछ लोग खड़े होकर सट्टा लिखवा रहे थे।

जो पुलिस को देखकर भागने लगे, सट्टा लिखा रहे लोग भागने में सफल हो गये, सट्टा लिखने वाले को घेराबंदी कर पकडा गया जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम सुमित सोनी उम्र 34 वर्ष निवासी लाईन पार दुर्गानगर बल्लू गड़रिया की डेयरी के पास ग्वारीघाट बताया जिसके कब्जे से 2 नग सट्टा पट्टी, एवं सट्टा की लगवाड़ी रकम 3 हजार 150 रूपये जप्त करते हुये आरोपी सुमित सोनी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



# जीसीएफ में हुआ ऐतिहासिक मतदान

**जबलपुर,देशबन्धु।** ज्वाइंट फोरम फॉर रिस्टोर ओल्ड पेंशन स्कीम के तत्वाधान में श्रम संगठन द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल के संबंध में मतदान कराया जाना सुनिश्चित किया गया जिसका एकमात्र उद्देश्य ओल्ड पेंशन बहाली था छठ पर्व के कारण जीसीएफ निर्माणी में कर्मचारियों की संख्या कम था उसके बावजूद निर्माणी में 1124 कर्मचारी उपस्थित थे जिसमें 1122 कर्मचारियों ने हड़ताल के पक्ष में मतदान किया मात्र दो कर्मचारियों ने हड़ताल के विपक्ष में मतदान किया अर्थात 99.82 परसेंट कर्मचारी हड़ताल चाहते हैं गौरतलब है कि इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए डिफेंस एवं रेलवे में मतदान कराया जाना सुनिश्चित किया गया है सभी जगह के परिणाम आने के पश्चात अनिश्चितकालीन हड़ताल हेतु दिन तय किया जाएगा जीसीएफ के मीडिया प्रभारी उत्तम विश्वास के द्वारा जानकारी के अनुसार सुबह से ही जीसीएफ के कर्मचारियों में मतदान हेतु काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में मिठाई लाल रजक रोहित यादव राजा पांडे उत्तम विश्वास पार्थ ओझा बीरबल सिंह राहुल गुप्ता अमित गुप्ता रितेश राजेश भारती मुकेश साहू अनिल कोस्टा विजय सिंह राजेश शर्मा उदय ठाकुर विवेक शुक्ला इत्यादि उपस्थित थे।

# फेडरल काउंसिल मेंबर नियुक्त



**जबलपुर,देशबन्धु।** ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के द्वारा जीसीएफ मजदूर संघ हथोड़ा के राजा पांडे एवं अमित रामकिशोर चंदेल को फेडरल काउंसिल मेंबर बनाया गया इस अवसर पर मजदूर संघ हथोड़ा कार्यालय में रोहित यादव उत्तम विश्वास एवं यूनियन के सभी पदाधिकारी द्वारा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई

# लोन चुकाने के बाद भी बैंक काट रहा पैसा, टीए ने दिए जांच के निर्देश

## दोषियों पर कार्रवाई की बात कही

**जबलपुर,देशबन्धु।** कटनी जिले की महिलाएं स्माल फिनो बैंक से परेशान हैं। महिलाओं ने समूह बनाकर ऋण लिया था, लेकिन लोन दे देने के बाद भी बैंक उनके पैसे काट रहा है। कटनी जिले की आधा दर्जन से अधिक महिलाएं स्मॉल फाइनेंस बैंक से परेशान होकर माधवनगर थाना प्रभारी (टीआई) के पास जा पहुंची। जहां उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 2018 में फिनो स्मॉल फाइनेंस बैंक से 9 लोगों ने समूह बनाकर 25 हजार से लेकर 35 हजार रुपए का लोन लिया था, जिसकी साप्ताहिक किस्त 2 हजार रुपए एजेंट आकर ले जाते थे। इस तरह 2020 में पूरा पैसा चुक गया, लेकिन शासन से मिल रही राशि लाडली बहना की 1250 रुपए और मजदूरी का पैसा भी बैंक द्वारा लगातार काटा जा रहा था।



जिसकी शिकायत लेकर बैंक पहुंचे तो उन्होंने कर्ज होना बताया है जबकि हमारे द्वारा पूरा पैसा चुका दिया गया है, इसी की शिकायत लेकर बुधवार को माधवनगर थाना प्रभारी मनोज गुप्ता से न्याय दिलाने की गुहार लगाने आए थे, जिन्होंने जांच करने की बात कही है। आपको बता दें कि सभी महिलाएं स्लिमानाबाद थाना क्षेत्र के सरस्वाही ग्राम की बताई गई है, जो आज शिकायत करने थाने पहुंची थीं। गोमती बाई ने बताया कि उसने भी 35 हजार का लोन लिया, जो लगातार किस्त देती गई लेकिन सालभर के अन्दर ही उसके पति की मौत हो गई। लेकिन अब बैंक वाले उन्हें धमकी दे रहे हैं। पैसे तो देने ही होंगे फिलहाल मामले की शिकायत मिलते ही माधवनगर थाना प्रभारी मनोज गुप्ता ने सभी पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। साथ ही 2 पुलिसकर्मियों को तत्काल फिनो स्मॉल फाइनेंस बैंक भेजते हुए जांच के निर्देश जारी किए हैं।




# रेलवे में संविधान की प्रस्तावना का किया गया वाचन

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय संविधान के प्रति लोगो कि आस्था में वृद्धि एवं उसकी उद्देशिका तथा उपयोगिता के प्रति जागरूकता हेतु प्रति वर्ष देश में 26 नवम्बर को मनाये जाने वाले संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जबलपुर रेल मंडल में रविवार को अवकाश के कारण आज शुक्रवार को संविधान दिवस मनाया गया. इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण में डी.आर.एम.श्री विवेक शील के द्वारा भारतीय संविधान पर प्रकाश डालते हुए भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया ।

इस अवसर पर कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा, विश्व रंजन , वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक यशवंत कुमार, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर मनीष पटेल, मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक, गुन्नार सिंह , सहायक कार्मिक श्रीमती शबाना अली खान, सचिपती नंदन एवं सभी विभागों के विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि उपस्थित थे।

# लिंग प्रतिषेध अधिनियम का उल्लंघन करने वाले डॉक्टर को दो साल की सजा

## मिनोचा सोनोग्राफी सेंटर का संचालक है आरोपी

**जबलपुर,देशबन्धु।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने गर्भधारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकी (लिंग प्रतिषेध) अधिनियम के नियम 9(1) व 9(4) के उल्लंघन करने के मामले को सख्ती से लिया। अदालत ने आरोपी मिनोचा सोनोग्राफी सेण्टर के संचालक डॉ. पीसी मिनोचा को भ्रूण परीक्षण का दोषी पाते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास व चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि उक्त परिवाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि मप्र शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाक के आदेश पर 4 जुलाई 2007 के द्वारा उक्त अधिनियम की धारा के तहत राज्य स्तरीय निरीक्षण दल व पर्यवेक्षण दल का गठन किया गया था। 13 फरवरी 2017 को जांच दल ने सोनोग्राफी सेंटरों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण उपरांत फार्म एफ और एएनसी रजिस्टर में गर्भवती महिलाओं की पूर्णतः जानकारी का उल्लेख न होना पाया गया। जिस पर आरोपी सोनोग्राफी सेंटर के संचालक डॉक्टर पीसी मिनोचा के खिलाफ प्रकरण बनाकर उक्त परिवाद दायर किया गया। जिसमें आठ अभियोजन साक्षी शासन की ओर से पेश किये गये। अदालत ने गर्भधारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकी (लिंग प्रतिषेध) अधिनियम के नियम 9(1) व 9(4) के उल्लंघन करने का दोषी पाते हुए डॉक्टर मिनोचा को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से भारती उइके ने पक्ष रखा।




## प्रोविजनल डिग्री की फीस 48 सौ डॉलर मांगने पर कोर्ट सख्त

### मेडिकल छात्रा के मामले में अनावेदकों से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रोविजनल डिग्री के लिए आवेदन करने पर मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी द्वारा स्पोटर्स, कल्चर, यूनिवर्सिटी डेवलेंपमेंट सहित अन्य मद की फीस डॉलर में मांगे जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। चीफ जस्टिस रवि विजय कुमार मलिमठ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

याचिकाकर्ता अर्पिता चौहान की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि कि उसने एनआरआई कोटे के तहत इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया था। उसने एमबीबीएस कोर्स की पढ़ाई के बाद इंटरशिप पूर्ण की थी। उसने मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी में प्रोविजनल डिग्री के लिए आवेदन किया था। यूनिवर्सिटी ने पुस्तकालय शुल्क, विश्वविद्यालय विकास शुल्क, खेल व सांस्कृतिक शुल्क आदि के रूप में 48 सौ यूएस डॉलर की मांग की है, जबकि उक्त डिग्री के लिये निर्धारित राशि ही ली जानी चाहिये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने युगलपीठ को बताया कि छात्राप की डिग्री उसकी व्यक्तिगत सम्पत्ति है। विभिन्न मदों के नाम पर डिग्री के लिए 4800 डॉलर मांगे जा रहे है, जो भारतीय रूपये के लिये लगभग 3 लाख 75 हजार रूपये है। याचिका की सुनवाई के बाद युगलपीठ ने मेडिकल चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## मेडिकल रिपोर्ट पेशः महिला नहीं कर सकती संतानोत्पत्ति

### पति की स्थाई जमानत के लिए दायर की गई थी याचिका

**जबलपुर,देशबन्धु।** संतानोत्पत्ति के लिए पति को अस्थाई जमानत प्रदान करने एक महिला ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर न्यायालय ने मेडिकल जांच के लिये पांच सदस्यीय डॉक्टरों की टीम गठित कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये थे। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष महिला की मेडिकल रिपोर्ट पेश कीगई। जिसमें बताया गया कि याचिकाकर्ता महिला संतानोत्पत्ति नहीं कर सकती।

उल्लेखनीय है कि खंडवा निवासी महिला की ओर से यह याचिका हाईकोर्ट में दायर की गई थी। जिसमें कहा गया कि था कि एक अपराधिक प्रकरण में न्यायालय ने उसके पति को कारावास की सजा से दंडित किया हे। वर्तमान में उसका पति इंदौर जेल में कारावास की सजा काट रहा है। याचिका में कहा गया था कि वह मातृत्व सुख चाहती है। इसके लिए उसके पति को एक माह की अस्थाई जमानत प्रदान की जाये। याचिकाकर्ता की ओर से सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए कहा गया कि संतानोत्पत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकार माना गया है। याचिका में कहा गया कि सजा से दंडित दोषी कैदी का विवाह याचिकाकर्ता महिला से हुआ है। शादी के बाद से उनकी शादी में कोई परेशानी नहीं है। वंश के संरक्षण के उद्देश्य से संतान उत्पन्न करना धार्मिक दर्शन, भारतीय संस्कृति और विभिन्न माध्यम से मान्यता प्राप्त है। कैदियों के वैवाहिक अधिकारों और इन्हें प्राप्त करने के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में दोनों को साथ में रहने के राहत प्रदान की है। याचिकाकर्ता भी प्रजनन का लाभ उठाना चाहती है, चाहे वह प्राकृतिक हो या कृत्रिम।

**पांच सदस्यीय चिकित्सकों की टीम हुई थी गठित-**


मामले में सरकार की ओर से दलील दी गई थी कि याचिकाकर्ता रजोनिवृत्ति की उम्र पार कर चुकी है। उसके प्राकृतिक या कृत्रिम तरीके से गर्भधारण की कोई संभावना नहीं है। भारत में 40 से 50 साल के बीच महिलाओं में मासिक धर्म आना बंद हो जाता है। याचिकाकर्ता की ओर से हलफनामा प्रस्तुत करते हुए कहा गया था कि वह संतानोत्पन करने सक्षम है। याचिका की सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने मेडिकल कॉलेज की पांच सदस्यी डॉक्टरों की टीम से याचिकाकर्ता की मेडिकल जांच कराने के आदेश दिये थे।

**महिला नहीं कर सकती संतानोत्पत्ति**

हाईकोर्ट के निर्देश पर पांच सदस्यीय डॉक्टरी टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट पेश की गई। जिसमें बताया गया कि संतानोत्पत्ति के लिए महिला अयोग्य है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने मेडिकल रिपोर्ट पर पक्ष प्रस्तुत करने समय प्रदान करने का आग्रह किया। एकलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 18 दिसम्बर को निर्धारित की है।

# दो दिन से छाए बादल, किसानों की चिंता बढ़ी

## दलहनी व तिलहनी फसलों को नुकसान होने के आसार




**गांधीग्राम, देशबन्धु।** क्षेत्र में दो दिनों से आसमान में बदरी छाई हुई है। आसमान पर बदरी अभी भी छाए रहने से बारिश होने की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बदली छाने व आसमान की बदलती करवट ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों की धान की गहाई होकर खुले आसमान में खेतों में बने खलिहानों में रखी हुई है।गौरतलब है कि इन दिनों क्षेत्र में किसान के खेतों में चना, मटर लगे हुए हैं।

ऐसे में मौसम में अचानक से हुए परिवर्तन पर किसानों का चिंता करना भी जाहिर सी बात है। उन्हें भय है कि यदि अचानक बारिश हो गई तो उनकी चने,मटर, अरहर भीग जाएगी।मौसम के मिजाज से किसान परेशान हैं कि यदि इस वक्त बारिश हुई तो उनकी हुई फसल खराब हो जाएगी और उनके करे कराए मेहनत पर भी पानी फि?र जाएगा।कई किसानों ने बताया कि उनकी चने की फसल इससे उन्हें खासा आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा। गांधीग्राम व आसपास के ग्रामीणों के किसानों राम निरंजन दुबे, प्रकाश मिश्रा, वासुदेव,राजेश पटेल,भूपत चौरसिया, अरविन्द गौर, भानु प्रताप सिंह, कंछेदी लाल ने बताया कि बारिश के आसार तो लग रहे हैं। यहां आसमान में बादल छाए हुए है जो कि शुक्रवार को भी दिन भर बने रहें। यदि हम बात करे फसलों पर इसके असर की तो चने,मटर की फसलों में बादलों के रहने से माहू का प्रकोप हो सकता है, इससे फसल चौपट होगी। उन्होंने बताया कि बदरी के छटते ही तेजी से ठंड बढ़ेगी। इस प्रकार का मौसम एक सप्ताह तक लंबा खिंचने और अच्छी धूप न होने की वजह से दलहनी व तिलहनी फसलों को नुकसान होने के आसार बने हुए हैं।

## बादल छटते ही और बढ़ेगी ठंड

# जल संसाधन विभाग की लापरवाही से दर्जनों किसानों की मेहनत पर फिरा पानी, खेत जलमग्न होने से फसल बर्बाद



**दमोह, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में आने वाले बैलढाना गांव के दर्जनों किसानों के खेत में नहर का पानी भरने से उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है। यहां पर सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने बिना किसी जानकारी के तालाब की नहर खोल दी। नहरों में कचरा जमा हुआ था इसलिए नहरों का पानी ऊपर से होकर सीधे खेतों में पहुंच गया। इस जलभराव के कारण किसानों द्वारा खेतों में की गई बुवाई अब खराब हो जाएगी और उनका अनाज भी बर्बाद हो जाएगा। नहर का पानी तालाब में भरने की खबर कर्मचारियों को मिली तो उन्होंने नहर को बंद कर दिया। लेकिन तब तक काफी खेतों में पानी भर चुका था।

**तालाब से पांजी तक जाती है नहर**-तालाब बैलढाना रैयत गांव में बना है और नहर पांजी गांव तक बनाई गई हैं। किसान सूरज केवट ने बताया कि रैयत में बने तालाब से जो नहर गई हैं, उनमें काफी कचरा जमा है। पानी की निकासी नहीं होती है। उसी तालाब से पानी छोड़ा गया है, जिसके कारण ये हालत बने हैं।

किसान कमल केवट ने बताया कि नहरें क्षतिग्रस्त हैं और कचरे से भरी हुई हैं। पानी की निकासी होती नहीं हैं। उसके बाद भी पानी पहुंचाने के लिए तालाब का पानी छोड़ा गया और पानी आगे नहीं जाकर नहरों के ऊपर से खेतों में भर गया, जिसके कारण खेत जलमग्न हो गए।

**बुवाई और फसल नष्ट होने की कगार पर**- किसान लोकराम केवट ने बताया कि तेज बहाव होने और नहरों से निकासी न होने के कारण तालाब का पानी खेतों में भर गया है और खेत जलमग्न हो गए हैं। ऐसी स्थिति में उनमें लगी फसल पूरी तरह खराब होने की कगार पर पहुंच गई है। किसान हलवा केवट और किसान गणेश केवट ने बताया कि गेहूं की फसल लगाई थी जो काफी छोटी थी। लेकिन तेज बहाव से पानी खेतों में पहुंचा और खेत जलमग्न हो गए। ऐसी स्थिति में जो फसल उग रही थी, वह पूरी तरह नष्ट हो गई, वहीं, जल संसाधन विभाग के एसडीओ राहुल जैन का कहना है कि पानी किसानों की मांग पर ही छोड़ा जाता है। नहरों की कहीं-कहीं साफ-सफाई चल रही है। अगर किसानों के खेतों में पानी भर गया है तो पता करेंगे किसकी लापरवाही से हुआ है।

## सार-समाचार



### श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय सिहोरा में फीस बढ़ोतरी के विरोध में सौंपा ज्ञापन


**सिहोरा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिहोरा की नगर इकाई द्वारा शासकीय संसाधन अग्रवाल महाविद्यालय सिहोरा कॉलेज के व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। महाविद्यालय की फीस पिछले सत्र जो फीस छात्रों से ली जाती थी उसे बढ़ाकर 1000 रुपए कर दी गई है महाविद्यालय के छात्रों के ऊपर आर्थिक संकट आ रहा है , छात्र बढ़ी हुई फीस देने में असमर्थ है अत: आपसे निवेदन है कि बढ़ोतरी फीस को काम किया जाए जिससे छात्र - छात्राओं को आर्थिक दंड न सहना पड़े विगत वर्ष सन 2022-23 में बीए प्रथम वर्ष की परीक्षाएं ली गई थी उसमें जिन परीक्षार्थियों का परिणाम पूरक आया था इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा अभी तक न ही पेपर लिए गए ना किसी प्रकार का परिणाम घोषित किया गया और द्वितीय वर्ष में उनसे एडमिशन परीक्षा फीस ली जाने लगी महोदय इससे छात्र - छात्राएं असमंजस में फंसे हुए हैं इसका शीघ्र निराकरण किया जाए ।

महाविद्यालय में लगे सभी वाटर कूलर की सफाई करवाई जाए ताकि छात्र स्वच्छ पानी पी सके। प्राचार्य महादेय को नगर इकाई एवं महाविद्यालय कार्यकारिणी द्वारा ज्ञापन सौंपा गया , जिसमें परिषद के यह लोग उपस्थित थे, विभाग संयोजक ॠषभ मिश्रा , जिला संयोजक आनन्द श्रीवास , नगर मंत्री आकाश पटेल, महाविद्यालय अध्यक्ष देवचंद पटेल, महामंत्री राशि जैन,

कपिल बाघरी, कृष्णा लोधी, आयुष यादव, लकी पटेल , निसंत यादव , आनन्द यादव, अर्जुन, अंकित चक्रवर्ती, आयुष महोबिया, रोशन ठाकुर , निखिल श्रीवास ,रूपाली कोरी, रंजीत पटेल ,एवं समस्त कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

### समाधि स्थल जमुनिया में की गई महाआरती

**बरेला, देशबन्धु।** एकादशी देवउठनी ग्यारस तुलसी विवाह* के शुभ अवसर पर सिद्ध पीठ दादा दरबार मंदिर समिति बस स्टैंड बरेला के द्वारा नर्मदा खंड के सिद्ध संत परमहंस अनंत श्री दादा ठन ठन पाल जी महाराज की समाधि स्थल ग्राम जमुनिया में महा आरती का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री दादाजी के चरण पादुका पूजन एवं आरती की गई तथा महाप्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राजेश सोनी (गुड्डू भैया ), उपाध्यक्ष कैलाश प्रसाद केसरवानी, संरक्षक श्री मुन्नालाल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष समर सिंह पटेल सरपंच श्रीमती श्वेता भानु नेवेरिया, रमेश नवेरिया, उमेश नेवरिया, अखिलेश नवेरिया, प्रदीप ठाकुर अधिक संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### पत्नी की चाकू मारकर की हत्या

**कुम्हारी, देशबन्धु ।** जिले के पटेरा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 में रहने वाली तलाकशुदा महिला की उसके पहले पति ने चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार सुबह की बताई जा रही है।घायल महिला को इलाज के लिए पटेरा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां खून अधिक निकल जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। वहीं यह बात भी सामने आ रही है कि आरोपित पर पहले से भी कई मामले दर्ज हैं पुलिस के द्वारा इसकी जानकारी ली जा रही है। स्वजनों ने बताया कि 32 वर्षीय मरजीना बी की पहली शादी दमोह के सीताबावड़ी निवासी नफीस खान के साथ हुई थी और कुछ साल पहले ही दोनों का तलाक हो गया है जिसके बाद मरजीना की दूसरी शादी पटेरा के वार्ड क्रमांक 14 निवासी मुस्ताक खान से हुई थी।

# पराली की आग से उठने वाले धुएं से वाहन चालक परेशान

## आग की लपटों से मिट्टी की उर्वरा शक्ति हो रही कम

**पाटन, देशबन्धु।** जिले की पाटन तहसील में इन दिनों किसान धान की कटाई के उपरांत नरवाई (पराली) जला रहें हैं जिससे पाटन से शहपुरा मार्ग पर आवागमन करने वाले वाहन चालक बहुत परेशान हैं। केंद्र व राज्य सरकार के अंतर्गत आने वाले कृषि विभाग के अधिकारियों की तमाम समझाइशों के बाद भी पाटन के किसान इसे नजर अंदाज करके बड़ी नादानी कर रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन शहपुरा मार्ग के किसानों ने बताया कि हमारे क्षेत्र में धान की कटाई लगभग हो गई हैं और मटर एवं गेहूं की बुआई के लिए किसान खेत तैयार कर रहे हैं। चुकी धान की कटाई हार्वेस्टर के द्वारा किसान कराते हैं जिसकी वजह से खेतों में बची धान की नरवाई (पराली) किसान जलाते हैं। किसान रवि सिंह ने बताया कि जब हम खेतों की नरवाई जलाते है उसके पहले खेत की मेढ़ के चारों ओर कल्टीवेटर से एक कूड की जुताई कर देते है जिससे पलारी की आग दूसरे खेत में पहुंचने की संभावना न के बराबर होती है। वही ट्रक ड्राइवर दिनेश मरावी ने बताया कि पाटन शहपुरा मार्ग पर किसान खेतों में आग लगा रहे है जिसका धुंआ रोड़ पर फैल रहा हैं जिससे कारण सामने की सड़क से आ रहे वाहन दिखाई नहीं पड़ते और एक्सीडेंट होने की आशंका बनी रहती है।

कृषि विशेषतों के मुताबिक फसलों के गिरते उत्पादन और किसानों को हो रहे घाटे के पीछे पराली का जलाना एक मुख्य वजह है। धान की कटाई के दौरान किसान नीचे से कटाई करें। धान कटवाने के बाद उसे कृषि वेटर यंत्र का उपयोग करना चाहिए। इससे बचे हुए टूठ व डंठल की कटिंग हो जाती है।

# जमतरा-खिरहनी घाट पर हो रहा रेत का अवैध उत्खनन : प्रशासन मौन

**बरेला, देशबन्धु।** वर्षा काल वीत जाने के पश्चात जहां तहां नदियों में पानी की मात्रा कम हो जाने के पश्चात पानी की मात्रा स्थिर बनी हुई है तो कहीं कुछ जगहों पर नदियों के बीच में टापू भी उभरकर आ गए हैं। टापुओं पर जमी हुई रेत खनन माफियाओं के लिए वरदान साबित हो रही है तथा इन माफियाओं ने जिला प्रशासन व पुलिसप्रशासन से सांठगांठ कर टापू नुमा टीलों पर अवैध रेत का उत्खनन शुरू कर दिया है इसका प्रत्यक्ष नजारा नर्मदा नदी के खिरहनी घाट पर देखा जा सकता है जहां पर दिनभर रेत के अवैध संग्रह का कार्य चलता रहता है

**दो थानों के बीच का फायदा उठा रहे हैं खनन माफिया**-शहर से कुछ दूरी पर स्थित नर्मदा नदी का खिरहनी घाट बरेला और बरगी थाने के मध्य पड़ता है जहां इसका एक पाट गौर पुलिस चौकी के अंतर्गत आता है तथा दूसरा घाट बरगी थाना अंतर्गत आता है ।खनन माफियाओं ने दोनों थानों की पुलिस को सेट कर रखा है जिसके कारण खनन माफिया धड़ल्ले से नर्मदा नदी का सीना छलनी कर रहे हैं तथा रेत का अवैध दोहन कर करोडों के वारे न्यारे कर रहे हैं

**खनिज विभाग और जिला प्रशासन भी मौन**- अवैध रेत के उत्खनन के लिए जबाबदेह खनिज विभाग और जिला प्रशासन भी मौन धारण किया हुआ है जिसके कारण ही खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं । खनन माफिया दिन रात को इसका परिवहन करते रहते हैं तथा निश्चित स्थानों पर इसका विक्रय भी कर रहे हैं तथा तय रकम कमीशन के रूप में अधिकारियों तक पहुंच रहा है यही कारण है कि के नर्मदा नदी के खिरहनी घाट पर रेत निकासी का अवैध खेल लंबे स्तर पर खेला जा रहा है।

**अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग** -खनन माफियाओं द्वारा खिरहनी घाट पर अवैध रेत का जमकर दोहन किया जा रहा है पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन से नर्मदा भक्त राम जी रैकवार, विपिन झारिया, शेख सलीम , सुमन वर्मा ने अवैध रेत की निकासी पर रोक लगाने की मांग की है।

**इनका कहना**

खिरहनी घाट पर अबैध रेत की जांच करवा लेता हूँ।

**सुनील नेमा,** सीएसपी, बरगी

बरगी तहसीलदार को भेजकर दिखवाता हूँ।

**पीके सेनगुप्ता,** एसडीएम

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नरसिंहपुर श्रीमती रश्मिना चतुर्वेदी के न्यायालय द्वारा आरोपी मुनीर आलम उम्र 34 वर्ष आत्मज इन्तसार आलम निवासी बागोवली थाना नई मण्डी जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को धारा.366क भादवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास 3000 रूपये अर्थदंड धारा.506 भाग दो भादवि में 3 वर्ष के सश्रम कारावास 1000 रूपये के अर्थदंड तथा धारा.5(उ)6 पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास तथा 10000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

जिला मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि दिनांक 6/12/2022 को अभियोक्त्री की मां द्वारा अभियोक्त्री को जिला अस्पताल नरसिंहपुर में बच्चा वार्ड में भर्ती कराये जाने पर डॉक्टर द्वारा बच्ची के साथ कुछ गलत होने की सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कर प्रकरण अनुसंधान में लिया गया। अनुसंधान के दौरान अभियोक्त्री के बताये अनुसार कथन लेखबद्ध कर न्यायालय में कथन कराये गये घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अभियोक्त्री के गुप्तांगों का मुलाहिजा कराकर डॉक्टर द्वारा प्रिजर्व अभियोक्त्री के जप्तशुदा वैजाइनल स्लाईड परीक्षण हेतु भेजी गई। अभियोक्त्री की मां व पिता एवं अन्य साक्षियों के कथन लेखबद्ध कर जन्मतिथि के संबंध में अभियोक्त्री का दाखिल खारिज रजिस्टर व जन्मतिथि रजिस्टर पत्र जप्त किया गया था तथा अभियुक्त मुनीर आलम को गिरफ्तार कर संपूर्ण अनुसंधान पश्चात् अभियोग पत्र इस न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। थाना करेली द्वारा मामले की संपूर्ण विवेचना उपरांत मामले का अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्रीमती सोनाली तिवारी द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी को सजा सुनाई।

# बाइक और बस की भिंडत, एक की मौत

## साईंखेड़ा झिकोली के बीच सड़क दुघर्टना

**गाडरवारा, देशबन्धु।** साईखेडा झिकोली के बीच स्टेट हाईवे 44 पर गाडरवारा से भोपाल जा रही अटवाल बस क्रमांक एमपी 38 पी 8155 ने कान्नीबाडा से बाहरबाडा जा रहे दो मोटरसाइकिल चालक बस से टकरा गये जिसमें एक मोटर साइकिल सवार चालक ब्रजेश पिता शौकिया चौधरी लगभग 30 बर्ष की घटना स्थल पर मौत और पत्नी और दो बच्चे घायल हो गये अन्य मोटर साइकिल सवार को भी चोटे आई जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साईखेडा में इलाज चल रहा है। परिजनो ने बताया कि हम सभी कान्नीबाडा बिटिया की गोद भराई कार्यक्रम शामिल होने ट्रेक्टर से कान्नीबाडा गये थे दामाद और अन्य रिश्तेदार मोटरसाइकिल से साथ साथ आगे-पीछे चल कर अपने गांव बारहबडा लौट रहे थे । पुलिस ने शव वाहन से मृतक को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा कि बस चालक मौके से भाग गया।




# नाबालिग से गैंगरेप के मामले में थाना प्रभारी लाइन अटैच

**डिंडोरी, देशबन्धु ।** थाना बजाग क्षेत्र में विगत दिवस एक नाबालिग के साथ गैंगरेप के मामले में पुलिस कप्तान संजीव कुमार सिंहा द्वारा गंभीरता से संज्ञान में लेते हुये थाना प्रभारी बजाग निरीक्षक एम.एस.धुर्वे जिन्होंने गंभीर अपराध में स्वंय रूचि न लेकर अपराध पंजीबद्ध नहीं किया और न ही तत्समय वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया महिला संबंधी अपराध पंजीबद्ध करने में थाना प्रभारी द्वारा गंभीर लापरवाही बरती गई। उक्त मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक एम.एस.धुर्वे को तत्काल प्रभाव से लाईन अटैच किया गया।

# प्रदीप कोल का निधन



शिवाजी वार्ड सिहोरा निवासी श्री हजारी लाल कोल के सुपुत्र प्रदीप कोल का लंबी बीमारी के चलते 58 वर्ष की आयु में निधन हो गया अंत्येष्टि आज दोपहर 12:00 बजे बाबाताल इमलहापुरा मुक्तिधाम सिहोरा में होगी! आप शिक्षिका किरण कोल एवं शिक्षक दीपक कोल के छोटे भाई थे ।

# शहर के साथ ही गांवों में भी इस साल तेजी से बढ़ रहे डेंगू के मामले

**रीवा, देशबन्धु।** जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या में इस साल तेजी से वृद्धि हुई है। अन्य वर्षों की तुलना में इस साल डेंगू के मामले शहर के साथ ही गांवों में भी बढ़े हैं। लगातार इसकी जांच भी बढ़ाई गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले में 386 मरीज अब तक इस वर्ष मिले हैं। जिसमें शहर में 151 मरीज हैं। अधिकांश मरीज जो उपचार के लिए बाहर चले गए उनका डाटा नहीं है।

जिला मलेरिया कार्यालय की ओर जारी आंकड़ों के अनुसार जिले में अबतक डेंगू के 386 प्रकरण तथा चिकनगुनिया के 3 एवं मलेरिया के 41 प्रकरण पाए गए हैं। वाहक जनित बीमारियो के संकमण एवं प्रसार को रोकने के लिए जिला व ब्लाक स्तरीय दलों द्वारा जनवरी से अब तक




226241 घरों का सर्वे किया गया तथा 249115 कंटेनर चेक किए गए। जिनमें 414 घरो के कुल 613 कंटेनरों में लार्वा पाए गए जिन्हें लार्वीसाइड दवा डालकर एवं कंटेनर खाली कराकर नष्ट कराया गया।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- घर के आसपास तथा कंटेनरों में पानी 3-5 दिन से ज्यादा जमा न होने दें।
- कुलर तथा पानी के बड़े बर्तनों की सप्ताह में एक बार सफाई अवश्य करें।
- छत पर एवं घर के पीछे रखे अनुपयोगी सामान टूटे बर्तन, मटके, खुली टंकियां, बेकार फेंके हुए टायर, गमले इत्यादि में बारिश का पानी जमा न होने दें।



- पानी से भरे कंटेनरों का ढककर रखें ताकि मच्छर उसमें अंडे न दे सकें।
- लार्वा विनिष्टीकरण के लिए अनुपयोगी पानी में जला हुआ इंजन आयल, कैरोसीन, खाने का तेल डाला जा सकता है
- सोते समय मच्छरदानी लगाएं। खिड़की-दरवाजे पर मच्छररोधी जाली लगाएं।
- फुल बांह के कपड़े पहनें।
- बुखार आने पर सरकारी जांच केन्द्र में जांच कराएं।

**जिले में 14 फाइलेरिया रोगी मिले**

फाईलेरिया उनमूलन प्रोग्राम के तहत जिले के फाईलेरिया अति प्रभावित ब्लाक जवा, त्योथर, सिरमौर, नईगढ़ी व हनुमना में एमडीए प्रोग्राम अंतरगत फरवरी महीने में फाइलेरिया की दवाएं खिलाई गई थी और जांच कराई गई थी। दवाओं के समुदायिक प्रभावों के आकलन हेतु छह माह बाद माईक्रो फाईलेरिया संक्रमण स्तर की जांच के लिए पांचों ब्लाकों में दो साइट (सेन्टिनल साइट और रेन्डम साइट) का चयन कर अक्टूबर महीने में प्रत्येक साइड में 20 वर्ष से उपर के व्यक्तियों की 300 रक्त नमूनों की जांच की गई। जिले में अभियान के तहत कुल 3000 रक्त नमूनों की जांच में 14 माईक्रो फाईलेरिया पाजिटिव रोगी पाये गये जिन्हें 12 दिवस का फाईलेरिया रोधी रेडिकल ट्रीटमेंट प्रदाय किया गया है।

## परिवर्तन की चाहत रखने वाली जनता देगी आशीर्वाद: सारस्वत

**अजमेर, ( एजेंसियां )।** राजस्थान में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी ज्ञानचंद सारस्वत ने कहा है कि वे राजनीति के साथ- साथ अपने सामाजिक कार्यों के बूते अपनी क्षेत्र की जनता के आग्रह पर मैदान में हैं और मुझे पूरी उम्मीद है कि परिवर्तन की चाहत रखने वाली जनता उन्हें आशीर्वाद देगी। अजमेर में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री सारस्वत ने कहा कि मैं , न किसी को हरा रहा हूं और न किसी को जीता रहा हूँ । मैं चाहता तो गद्दारी भी कर सकता था लेकिन मैंने जनता की भावनाओं और अपेक्षाओं का ख्याल रखा । मैं भाजपा में भी अपने प्रयास से आगे बढ़ा। मुझे दुख तब हुआ, जब मैं बड़ी समस्या सामने रखता तो भाजपा नेता मुझे पार्षद होने का हवाला देकर वार्ड का रास्ता दिखाते। उन्होंने कहा कि मुझे मौका मिला तो मैं क्षेत्र की पानी, कच्ची बस्ती नियमन जैसी समस्याओं को प्राथमिकता से दूर करेंगे और विधानसभा में पत्रकार संरक्षण के लिए आवाज उठाएंगे। श्री सारस्वत ने अजमेर उत्तर की 197 वार्ड में मतदाता पर्ची नहीं बांटने का भी निर्णय लिया तथा पोलिंग एजेंट नियुक्त भी नहीं करने की घोषणा की।

# आईडीएफ ने अल-शिफा अस्पताल के निदेशक व डॉक्टरों को किया गिरफ्तार



शिफा अस्पताल से 190 मरीजों को दूसरे अस्पतालों में भेजा गया

**गजा पट्टी, (एजेंसियां)।** इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने गजा पट्टी के सबसे बड़े मेडिकल कॉम्प्लेक्स अल-शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया और कुछ अन्य डॉक्टरों को गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल के एक डॉक्टर और मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।


फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने कहा कि 190 घायल और बीमार लोगों साथ ही उनके साथियों और कई चिकित्सा टीमों को गाजा के शिफा अस्पताल से गाजा पट्टी के दक्षिणी भाग में स्थित अन्य अस्पतालों में ले जाया गया है। 'अल जजीरा' चैनल ने रिपोर्ट में बताया कि अल शिफा अस्पताल के निदेशक डॉ सेल्मिया, कई अन्य 'वरिष्ठ डॉक्टरों', अस्पताल के एक विभाग प्रमुख खालिद अबू समरा के साथ गिरफ्तार किया गया है। इनकी सभी गिरफ्तारी की रिपोर्ट इज़रायली ब्रॉडकास्टिंग अथॉरिटी द्वारा दी है। इसके अलावा अस्पताल निदेशक सेलेम्या के चचेरे भाई अधम अबू सेलेम्या ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इसकी पुष्टि की गई थी। अल जजीरा ने दक्षिणी गाजा से रिपोर्टिंग में बताया कि अल-शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के निदेशक डॉ. सेल्मिया को इजरायली कब्जे वाली सेना ने गिरफ्तार कर लिया है और इससे पहले भी, दो फ़िलिस्तीनी पैरामेडिक्स को आईडीएफ ने गिरफ्तार किया था। यह स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहा है कि गाजा पट्टी के अंदर कोई सुरक्षित नहीं है। गाजा में न ही चिकित्साकर्मी, नागरिक सुरक्षा दल या यहां तक कि पत्रकार भी सुरक्षित नहीं है। हमले आम नागरिक ठिकानों पर भी हो रहे है।

## आईडीएफ ने वेस्ट बैंक में 90 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया

**वेस्ट बैंक।** इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार रात उनके कब्जे वाले वेस्ट बैंक से कम से कम 90 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 36 कल्किल्या के अज्जुन गाँव और अर्रूब शरणार्थी शिविर के लोग शामिल हैं। फ़िलिस्तीनी कैदी सोसायटी ने यह जानकारी साझा की है। उसने कहा कि आईडीएफ ने कल रात जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उनमें पूर्व कैदी भी शामिल हैं। गौरतलब है कि सात अक्टूबर से कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 3,130 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया है। फिलीस्तीन का इस्लामिक चरमपंथी समूह हमास के पिछले महीने सात अक्टूबर को इजरायल पर रॉकेट से भारी बमबारी की थी और इजरायल के नागरिकों को बंधक बनाकर अपने साथ ले गए थे। इजरायल की ओर से इसी हमास के हमलों का करार जावब दिया गया और आईडीएफ ने हवाई और जमीनी हमलों से गाजा पट्टी में स्थित हमास के कई ठिकानों को निशाना बनाकर निस्तेनाबूत कर दिया है। इस युद्ध में दोनों पक्षों को काफी नुकसान हुआ है। हमास शासित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उसने इजरायल-हमास की जंग में मारे गए फलस्तीनियों की विस्तृत जानकारी के साथ गणना फिर से शुरू कर दी है और अभी तक 13,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। उन्होंने बताया है कि वास्तविक मृतक संख्या इससे अधिक हो सकती है। इसके अलावा 6000 लोग लापता हैं।

### चेक राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने कहा

# नाटो यूरोप में उच्च तीव्रता वाले संघर्ष की कर रहा तैयारी



**मॉस्को, (एजेंसियां)।** चेक गणराज्य के राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने कहा कि चेक गणराज्य सहित सभी नाटो सदस्य रूस को सबसे बड़ा सैन्य खतरा मानते हैं और यूरोप में संभावित उच्च तीव्रता वाले संघर्ष की तैयारी कर रहे हैं। चेक गणराज्य, पोलैंड, स्लोवाकिया और हंगरी के सांस्कृतिक और राजनीतिक गठबंधन, विसेग्राड ग्रुप के देश,बुधवार को प्राग कैसल में वी फोर नेताओं की बैठक के लिए एकत्र हुए।

श्री पावेल ने वी फोर नेताओं के शिखर सम्मेलन के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, न केवल चेक गणराज्य बल्कि सभी नाटो सदस्य रूस को यूरोप के लिए खतरा मानते हैं। इसका मतलब है कि यथार्थवादी परिस्थितियों में ऐसे युद्ध के लिए तैयारी करने की आवश्यकता है, सभी नाटो सेनाएं संभावित युद्ध की तैयारी कर रही हैं। यूरोप में उच्च तीव्रता वाला संघर्ष। साथ ही, राष्ट्रपति ने कहा कि नाटो ऐसा विकास नहीं चाहता है और संभावित संघर्ष की भविष्यवाणी एक यथार्थवादी चेतावनी है, ऐसा कुछ नहीं जो घटित होना ही है। रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन में अपना विशेष सैन्य अभियान शुरू किया। पश्चिमी देशों ने मॉस्को के खिलाफ व्यापक प्रतिबंध लगाकर जवाब दिया, साथ ही कीव के लिए अपना सैन्य समर्थन भी बढ़ाया।रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल तब से कई दौर की शांति वार्ता में लगे हुए हैं, लेकिन वार्ता अंततः गतिरोध पर पहुंच गई।

## आज का इतिहास

1538 – तुर्की का नौसैन्य अभियान जो भारत पहुंचा था, पुर्तगाल का बेड़ा पहुंचने के बाद वापस लौट गया।
1716– अमेरिका में पहली बार किसी शेर को प्रदर्शनी में रखा गया।
1741 – रूस की महारानी एलिजाबेथ ने इंपीरियल रशियन गार्डस की मदद से तख्ता पलट कर सेंट पीटर्सबर्ग की सत्ता पर कब्जा जमाया।
1866– इलाहाबाद हाईकोर्ट का उद्घाटन।
1867 – अल्फ्रेड नोबल ने डायनामाइट का पेटेंट कराया।
1890– प्रसिद्ध भाषाविद, साहित्यकार एवं विद्याशास्त्री सुनीति कुमार चटर्जी का जन्म।
1930– जापान में एक ही दिन में भूकंप के 690 झटके रिकॉर्ड किए गए।
1936– जर्मनी और जापान के बीच कोमिंटन (कम्युनिस्ट इंटरनेशनल) विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर।
1941– लेबनान को फ्रांस से आजादी मिली।
1945– अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में आए बर्फीले तूफान के कारण हुई स्कूल बस दुर्घटना में 15 बच्चों की मौत हो गई।
1949– स्वतंत्र भारत के संविधान पर संवैधानिक समिति के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किए और इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया।

## सुडोकू 6386

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | 5 | | | |
| | 5 | 1 | | | 6 | | 4 | |
| 8 | | | | | | 1 | | |
| 7 | | | | 8 | 9 | | 3 | |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| | 1 | | 2 | 5 | | | | 6 |
| | | 2 | | | | | | 4 |
| | 4 | | 1 | | | 3 | 5 | |
| | | | 5 | | | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### राजशरण एबीवीपी के अध्यक्ष और याज्ञवल्क्य महामंत्री निर्वाचित हुए

**नई दिल्ली।** राजशरण शाही और याज्ञवल्क्य शुक्ल, छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में सत्र 2023-24 हेतु पुनर्निर्वाचित हुए हैं। यह घोषणा गुरुवार को अभाविप केन्द्रीय कार्यालय से की गई। अभाविप के केन्द्रीय कार्यालय से चुनाव अधिकारी डॉ. सी.एन. पटेल द्वारा जारी वक्तव्य के अनुसार उपरोक्त दोनों पदों का कार्यकाल एक वर्ष रहेगा एवं दोनों पदाधिकारी दिल्ली में दिनांक 7, 8, 9 व 10 दिसम्बर, 2023 को होने वाले 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन में अपना पदग्रहण करेंगे। राजशरण शाही मूलतः उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले से हैं। शाही ने शिक्षाशास्त्र में पीएचडी की है। वर्तमान में वे बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में शिक्षाशास्त्र विभाग में सह-आचार्य के पद पर कार्यरत हैं। विद्यार्थी परिषद के आशुतोष सिंह ने बताया कि राजशरण शाही ने अब तक छह पुस्तकों का लेखन व संपादन किया है। अभी तक 109 से अधिक शोधपत्र एवं लेख राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं एवं संगोष्ठियों में रखे जा चुके हैं। साथ ही शिक्षा से जुड़े विषयों पर दैनिक पत्रों में राजशरण शाही के लेख प्रकाशित हुए हैं। वह प्रतिष्ठित भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला में असोसिएट रहे हैं। वहीं, महामंत्री निर्वाचित हुए याज्ञवल्क्य शुक्ल मूलतः झारखंड के गढ़वा जिले से हैं। उनकी शिक्षा रांची विश्वविद्यालय से भूगोल विषय में पीएचडी तक हुई है। एबीवीपी परिषद के मुताबिक उनका शोध झारखंड के पलामू प्रमंडल में कोरबा जनजाति का सांस्कृतिक भूगोलीय अध्ययन विषय पर हुआ है।

### लोगों का पेट नौकरी देने से भरेगा, मंदिर में घंटा बजाने से कुछ नहीं होगा: तेजस्वी

**पटना।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के यूपी की तर्ज पर बिहार में भी हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट्स पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा के लोग अच्छी तरह से जान ले, लोगों का पेट नौकरी देने से भरेगा, विकास करने से भरेगा। मंदिर-मस्जिद करने और मंदिर में घंटा बजाने से कुछ नहीं होगा। पटना में जब पत्रकारों ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के संबंध में पूछा तो तेजस्वी ने कहा कि ये लोग तो सिर्फ हिंदू-मुसलमान ही करते हैं। उनमें और हम लोगों में यही फर्क है। हमलोग रोजगार देने की बात करते हैं और विकास की बात करते हैं तो वे लोग हिंदू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों को बस हिंदू-मुसलमान पर राजनीति करना है। नौकरी पाने के लिए यूपी के लोग बिहार आ रहे हैं। दरअसल, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में हलाल सर्टिफाइड उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने यूपी के तर्ज पर बिहार में भी हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट्स पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने आशंका जताते हुए यह भी कहा कि इस बात की आशंका निराधार नहीं है कि हलाल सर्टिफिकेशन और कारोबार के पीछे एक बड़ा षड्यंत्र है। भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र में हलाल कारोबार ना सिर्फ संविधान के खिलाफ है अपितु देशद्रोह भी है।

## दो हजार से अधिक इजरायलियों, फिलिस्तीनियों को ऑस्ट्रेलियाई वीजा

**कैनबरा, (एजेंसियां)।** इजरायल और हमास के बीच संघर्ष बढ़ने के बाद से दो हजार से अधिक फिलिस्तीनियों और इजरायलियों को अस्थायी ऑस्ट्रेलिया का वीजा दिया गया है। आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। गृह विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार गत सात अक्टूबर से 20 नवंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया से संबंध रखने वाले 2,500 से अधिक फिलिस्तीनियों और इजरायलियों को वीजा दिए गए। इनमें से 860 फिलिस्तीनियों के लिए और 1,793 इजरायलियों के लिए थे। श्री वांग ने कहा कि जाहिर तौर पर इस क्षेत्र में पात्र लोगों के लिए ऑस्ट्रेलियाई वीजा की बहुत मांग है। सरकारी मीडिया ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) के अनुसार इन लोगों को ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल और अधिकारियों द्वारा उसी सुरक्षा जांच के अधीन किया गया है जैसा कि किसी भी वीजा आवेदक को इसकी आवश्यकता होगी। समूह को उपवर्ग 600 आगंतुक वीजा जारी किए गए हैं, जो उन्हें तीन से 12 महीने के बीच ऑस्ट्रेलिया में रहने की अनुमति देते हैं।



## अमेरिका में गोलीबारी, भारतीय छात्र की मौत

**न्यूयॉर्क, ( एजेंसियां )।** अमेरिकी राज्य ओहियो में गोलीबारी की घटना के बाद सिनसिनाटी विश्वविद्यालय में 26 वर्षीय एक भारतीय डॉक्टरेट छात्र अपनी कार के अंदर मृत पाया गया। ओहियो स्थित डब्ल्यूएलडब्ल्यूटी समाचार चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य अदलखा सिनसिनाटी के वेस्टर्न हिल्स वायाडक्ट पर गाड़ी चला रहे थे, जब इस महीने की शुरुआत में हुई गोलीबारी में उनके वाहन पर कई बार हमला किया गया। पुलिस ने कहा कि उन्हें अदलखा उस वाहन के अंदर मिला, जो एक दीवार से टकरा गया था, और चालक की तरफ की खिड़की में कम से कम तीन गोलियों के छेद दिखाई दे रहे थे। हैमिल्टन काउंटी कोरोनर कार्यालय ने कहा कि गोलीबारी के बाद यूसी मेडिकल सेंटर ले जाने के दो दिन बाद 11 नवंबर को अदलखा की मृत्यु हो गई।


## सिफर मामले में इमरान की पेशी के आदेश



■ राजनयिक दस्तावेज से संबंधित है सिफर मामला

**इस्लामाबाद, (एजेंसियां)।** पाकिस्तान में गुप्त राजनयिक केबल (सिफर) मामले की सुनवाई कर रहे विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने गुरुवार को पाकिस्तान तहरीक ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को 28 नवंबर को इस्लामाबाद में संघीय न्यायिक परिसर (एफजेसी) में पेश करने का निर्देश। उल्लेखनीय है कि सिफर मामला राजनयिक दस्तावेज़ से संबंधित है। इसके बारे में संघीय जांच एजेंसी के आरोप पत्र में श्री खान पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने इसे कभी वापस नहीं किया। पीटीआई लंबे समय से इस पर कायम है कि श्री खान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए अमेरिका की ओर से धमकी दी गई थी। पूर्व प्रधानमंत्री और उनके सहयोगी श्री कुरेशी मौजूदा समय में सलाखों के पीछे बंद हैं और दोनों को 23 अक्टूबर को इस मामले में दोषी ठहराया गया था, लेकिन उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है। अदियाला जेल में मुकदमे पर सुनवाई चल रही है और चार गवाहों ने पहले ही अपने बयान दर्ज कर लिए हैं।

## वर्ग पहेली 6386



**बायें से दायें:-**

१.चरम सीमा, आखिरी हद
३. अनियंत्रित
५. निवेदक (उर्दू)
६. झण्डा, ध्वज
७. हिंसा, खूनखराबा (उर्दू)
९. दुर्गा
१०. 'हाईकमिश्नर'
१२. पक्का, मजबूत जो कभी न टूटे
१३. विस्मय
१४. अयोग्य, नाकाबिल (उर्दू)
१६. अन्यथा (उर्दू)
१८. पीड़ित, उत्सुक
२०. महत्ता
२१. अज्ञानता
२३. सेंध मारी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पूरी तरह पका हुआ
२. सुनी सुनाई बातों पर तुरंत विश्वास कर लेने वाला (उपमा)
३. अविश्सनीयता, लेन-देन में खोटापन(उर्दू)
४. गीत गाने वाली
५. अविभाजित, अखंड
८. तर्राना, बहुत ज्यादा बातें करना
१०. प्रकाश, रोशनी
११. लड़ाकू
१२. कमी, कसर
१३. बल्कि, किंतु
१४. मूर्ख, अविवेकी
१५. पूजा करने या कराने वाला
१७. रसदार आम, गन्ना, गेहूं
१८. सहारा, भरोसा, टेक
१९. रात्रि, रात
२२. अंधकार

# यूक्रेनी हमले में मारी गई रूसी अभिनेत्री



■ जवानों के लिए दे रहीं थी कार्यक्रम

**मास्को, (एजेंसियां)।** रूसी सैन्य अवकाश के मौके पर कार्यक्रम पेश कर रहीं अभिनेत्री पोलिना मेन्शिख की यूक्रेन के हमले में निधन हो गया है।

अभिनेत्री रूस अधिकृत यूक्रेन के क्षेत्र के एक डांस हॉल में 19 नवंर को 'रूसी सैन्य अवकाश' मनाने के लिए एक शो कार्यक्रम पेश कर रही थीं। इस दौरान हुए हमले में वह घायल हो गयीं और बाद में उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, 19 नवंबर को हमले के दौरान मेन्शिख रूसी सैन्यों के लिए प्रस्तुति दे रही थीं। हमले के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड हुआ है, जिसमें अभिनेत्री मंच पर गाते और गिटार बजाती हुई दिखाई देती हैं।

उसी दौरान एक विस्फोट हुआ और हॉल की रोशनी बुझ जाती है। इस हमले में घायल सुश्री मेन्शिख बाद में अस्पताल में निधन हो गया। बीबीसी के अनुसार यूक्रेनी सेना के प्रवक्ता ने हमले की मीडिया रिपोर्टिंग की पुष्टि की है। अभिनेत्री से जुड़े सेंट पीटर्सबर्ग स्थित एक थिएटर स्टूडियो पोर्टल ने बताया गया कि उनके द्वारा पहले निर्देशित एक नाटक का आगामी प्रदर्शन उनकी स्मृति को समर्पित किया जाएगा।



# स्पेन में ट्रेड यूनियनों की हड़ताल, हजारों ट्रेनें रद्द

**मेड्रिड, 23 नवम्बर (एजेंसियां)।** स्पेन में ट्रेड यूनियनों के हड़ताल के आह्वान के मद्देनजर राष्ट्रीय रेल नेटवर्क रेनफे ने 1,548 मध्यम और लंबी दूरी की ट्रेनों को रद्द कर दिया है। श्रमिकों के अधिकारों की गारंटी की मांग को लेकर स्थानीय ट्रेड यूनियनों ने 24 और 30 नवंबर तथा 01, 04 और 05 दिसंबर को हड़ताल का आह्वान किया है। हड़ताल में 15,000 श्रमिकों के शामिल होने की उम्मीद है। रेनफे ने ट्रेनों के रद्द किये जाने से प्रभावित यात्रियों को यथासंभव शेड्यूल पर रहने वाली अन्य ट्रेनों के लिए अपने टिकटों का आदान-प्रदान करने की पेशकश की है। यात्री अपना टिकट निःशुल्क रद्द या दूसरी तारीख के लिए बदल भी सकेंगे। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने मंगलवार को अपना पदभार संभाला है। उन्होंने कहा है कि विवाद के समाधान के लिए यूनियनों के साथ फिर से संपर्क शुरू करेंगे। इससे पहले पूर्व मंत्री की टीम के साथ बैठकें विफल रही थी।

## आयोजन | दक्षिण पूर्व एशिया के बाजार में भारत के ज्वार-बाजरा उत्पादों का शोर

# इंडोनेशिया में लगा 5 दिवसीय 'मिलेट मेला'

**जकार्ता, 22 नवम्बर (एजेंसियां)।** मिलेट यानी ज्वार-बाजरा श्रेणी के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बना कर भोजन में जलवायु-अनुकूल अनाज को प्रोत्साहित करने के लिए दक्षिण पूर्व एशियायी देशों के संघ आसियान के लिए भारतीय मिशन ने कृषि मंत्रालय के साथ मिलकर बुधवार को यहां इंडोनेशिया की राजधानी में आसियान-भारत मिलेट्स फेस्टिवल का आयोजन किया है।


इस उत्सव का उद्देश्य ज्वार-बाजरा, जिसे भारत ने श्री अन्ना कहा जाता है, उसके गुणों और उपयोगिता के बारे में जागरूकता पैदा करना और इसे भोजन के पसंदीदा पसंदीदा भोजन विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है। आसियान में भारत के राजदूत जयंत खोबरागड़े ने यहां विशेष रूप से आयोजित भारतीय नृत्य और संगीत कार्यक्रम के बीच महोत्सव के उद्घाटन के बाद अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 7 सितंबर को आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया और उसमें अपनाए गए संयुक्त बयानों में से एक खाद्य सुरक्षा पर था, और देखिए, उसके बाद दो महीने में ही हम बाजरा उत्सव मना रहे हैं जिसमें खाद्य सुरक्षा का विषय भी शामिल है । यह दर्शाता है कि हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी कितने प्रभावी ढंग से काम कर रही है।,



उद्घाटन समारोह में इंडोनेशिया की राष्ट्रीय खाद्य एजेंसी के प्रतिनिधि एरीफ प्रासेत्यो आदि ने कहा कि आसियान-भारत मिलेट्स महोत्सव पोषण और पर्यावरणीय दशाओं से लेकर आर्थिक विकास तक ज्वार-बाजरा श्रेणी के उत्पादों के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने कहा, चूंकि मिलेट्स कोई एक एकल फसल नहीं हैं बल्कि और बहुत ही विविधता वाली विभिन्न फसलों का एक समूह है, जिसमें एक सामान्य विशेषता है कि ये फसले जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने में सहायक, कृषकों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के लिए भी स्वस्थ फसल हैं, ज्वार-बाजार श्रेणी की फसलों की खेती दुनिया भर के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पोषण प्रदान कर सकते हैं।'' इस कार्यक्रम में ज्वार-बाजार के बाजार में काम कर रहे भारतीय उद्यमियों के अलावा, कई इंडोनेशियाई फर्मों ने भी भाग लिया है।


## वर्ग पहेली-6385



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## जोकोविच का शानदार खेल,सर्बिया अंतिम चार में



**मलागा।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की बदौलत सर्बिया ने गुरुवार को डेविस कप के क्वार्टर फाइनल में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने ब्रिटेन के कैमरन नोरी को 6-4,6-4 से हराया। सर्बिया ने पिछले तीन साल में दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। सेमीफानइल में सर्बिया का मुकाबला सोमवार को इटली से होगा। जोकोविच की यह डेविस कप में रिकॉर्ड 44वीं जीत थी। उधर, इटली ने क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड को 2-1 से हराकर लगातार दूसरे सत्र में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने कहा, देश के लिए खेलना हमेशा सबसे अधिक दबाव और प्रेरणा भरा होता है। लंबे सत्र के बाद हम पैरों में थकान महसूस कर सकते हैं। अब हमें इटली ने खेलना है। वे काफी मजबूत टीम हैं। हम कड़ी टक्कर देंगे।

# मैं कप्तानी के बोझ को ड्रेसिंग रूम में ही छोड़ आया था : सूर्यकुमार

- जब भी बल्लेबाजी के लिए उतरता तो मैं उसका पूरा लुत्फ उठाने की कोशिश करता हूं
- हमारे गेंदबाजों ने आखिर में हमारी मैच में वापसी कराई

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




**नई दिल्ली।** सूर्य कुमार ने विस्फोटक 80 रन की तूफानी खेल कर बतौर कप्तान अपने पहले ही मैच भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम में पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के पहले ही मैच में फिनिशर रिंकू सिंह के मिलकर दो विकेट से जीत दिला बीते रविवार को सम्पन्न आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के औसत से भी कम प्रदर्शन की निराशा को भुला दिया। भारत के कप्तान सूर्य कुमार ने कप्तानी के बोझ की बाबत कहा, % मैं कप्तानी के बोझ को ड्रेसिंग रूम में ही छोड़ आया था। मैं जब भी बल्लेबाजी के लिए उतरता तो मैं उसका पूरा लुत्फ उठाने की कोशिश करता हूं चाहे मैं 10 गेंदें खेलूं या 40 गेंदे। शुरू के दस ओवर में हमारे लिए स्थिति एक दम बढिय़ा थी हमें अंतिम 60 गेंदों में जीत के लिए मात्र 103 बनाने थे। इस तरह की स्थिति आईपीएल में हर दूसरे मैच में आती है। मेरा मानना था जब हम बाद में बल्लेबाजी करने जाएंगे तो ओस पड़ेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मैं जानता था कि विशाखापट्टनम का मैदान छोटा है और पिच बाद में बल्लेबाजी के लिए बेहतर होती जाएगी। जिस तरह हमारे लड़कों ने मैदान पर अपनी प्रतिभा दिखाई उससे बहुत खुश हूं। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने हम पर दबाव बनाया लेकिन जिस तरह हमारी टीम में हर किसी ने मैच में वापसी की वह शानदार थी, जहां तक कप्तानी का की बात तो मेरे लिए भारत को जिताना गौरव का क्षण था। जब भी आप क्रिकेट खेलते हैं तो भारत के लिए खेलने की बाबत सोचते है। हमने एक समय सोचा था कि हमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के लिए 230 रन के लक्ष्य का पीछा करना होगा लेकिन आखिर में हमारे गेंदबाजों ने हमारी मैच में वापसी कराई। हम मैच में सकारात्मक रहना चाहते थे। रही बात बल्लेबाजी की तो हम खुलकर कर खेल इसका पूरा लुत्फ उठाना चाहते थे। मैंने इशान किशन से बस यही कहा कि बस अपने अंदाज में बल्लेबाजी करते रहे, लक्ष्य की बाबत न सोचे। शुरू के दस ओवरों के बाद हालात एकदम हमारे माफिक थे। हम जानते थे कि बाद में क्या हो सकता है। जिस तरह लड़कों ने संयम दिखाया वह शानदार था। रिंकू के लिए यह स्थिति उनके मनमाफिक थी। उनके धैर्य ने मुझे एकदम सहज कर दिया। रही बात मुकेश कुमार के पारी के आखिरी ओवर की तो 16 वें ओवर के बाद हमारे तीनों गेंदबाज ने जिस तरह हमारी वापसी कराई वह शानदार थी।'

ऑस्ट्रेलिया के लिए तूफानी शतक जडऩे वाले जोश इंग्लिश ने मैच के बाद सूर्य कुमार यादव की पारी की तारीफ करते हुए कहा, %सूर्य ने वही किया जैसा वह अमूमन करते हैं।सच तो यह है कि भारत की बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया पर पहले टी-20 मैच की जीत ने मेजबान टीम के क्रिकेट प्रेमियों को ऑस्ट्रेलिया के हाथों बीते रविवार को वन डे विश्व कप में फाइनल की इकलौती हार के साथ खिताब चूकने का दर्द जरूर कुछ कम दिया। सूर्य ने वन डे विश्व कप में फाइनल सहित कुल सात मैच खेले और इनमें वह इंग्लैंड को छोड़ कर बाकी छह में 25 रन के पार नहीं पहुंच पाए।>

जोश इंग्लिश (110) के तूफानी शतक और स्टीव स्मिथ (52) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 130 रन की भागीदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 208 रन बनाए। बृहस्पतिवार को जब सूर्य बल्लेबाजी के लिए उतरे तब भारत ने शुरू के पांच ओवर में ऋतुराज गायकवाड़ (0) और यशस्वी जायसवाल (21 रन) के रूप में दो विकेट 22 रन पर खो दिए थे। सूर्य (80 रन, 42 गेंद, 4 छक्के, 9 चौके) पहले इशान किशन (58 रन, 39 गेंद, पांच छक्के , दो चौके)के साथ तीसरे विकेट के लिए 112 और फिर पांचवें विकेट के लिए फिनिशिर रिंकू सिंह(अविजित 22 रन, 14 गेंद, चार चौके) के साथ 40 रन की भागीदारी करने के बाद जब पारी के 18 वें ओवर में जेसन बेहरनडर्फ की गेंद को उड़ाने के फेर में हार्डी को कैच थमा पांचवें बल्लेबाज के रूप में आउट होकर पैवेलियन लौट तो तब भारत का स्कोर पांच विकेट पर 194 था। भारत ने अंतिम के मैच और स्यां एबट के अंतिम ओवर में उनकी तीसरी गेंद पर अक्षर पटेल(0) का , चौथी गेंद पर रवि बिश्नोई (0) और पांचवीं पर अर्शदीप के रूप में तीन गेंद पर तीन विकेट खोए अगली गेंद पर हालांकि रिंकू सिंह ने छक्का जड़ा, लेकिन इसे छक्का नहीं माना गया क्योंकि यह नो बॉल थी और भारत ने एक गेंद के बाकी आठ विकेट पर 209 रन बना मैच जीत लिया।

# कमिंस के जादू ने भारत को विश्वकप से दूर किया : अश्विन




> एकदिवसीय गेंदबाज के रूप में पैट कमिंस विश्व कप में काफी समय से संघर्ष कर रहे थे लेकिन फाइनल तक पहुंचने वाले पिछले 4-5 मैचों में उनकी करीब 50 फीसदी गेंदें कटर थीं। फाइनल में, मुझे नहीं पता कि कितने लोगों ने टीवी पर इसे समझा मगर एक ऑफ स्पिनर की तरह उन्होने गेंदबाजी के दौरान ऑफ साइड पर चार और लेग साइड पर पांच क्षेत्ररक्षक रखे और अपने पूरे 10 ओवर बिना मिड-ऑफ के फेंके: आर अश्विन

**मुंबई।** भारत का विश्वकप जीतने का सपना टूट गया है और इसके लिये भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को जिम्मेदार मानते हैं। अपने नवीनतम यूट्यूब वीडियो 'विश्व कप 2023: ए रिफ्लेक्शन' में अश्विन ने फाइनल मुकाबले में पैट कमिंस की प्रतिभा का विश्लेषण किया और उनके जादू को 'गेम-ब्रेकिंग' घटना के रूप में संदर्भित किया। टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा। यह निर्णय एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कमिंस ने अपने कोटे के पूरे 10 ओवर फेंके और सिर्फ 34 रन दिए। उन्होंने श्रेयस अय्यर (4) और इन-फॉर्म विराट कोहली (54) के दो बड़े विकेट भी लिए।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अपने 10 ओवर पूरे करने वाले सभी गेंदबाजों में कमिंस ने 3.40 के स्ट्राइक रेट पर सबसे किफायती स्पैल फेंका जिसके बाद एडम ज़म्पा (4.40), मिशेल स्टार्क (5.50) और जोश हेज़लवुड (6.00) थे। अश्विन ने कमिंस के मास्टरमाइंड की गहराई से पड़ताल की और बताया कि क्यों भारतीय बल्लेबाजों को उनका सामना करना चुनौतीपूर्ण लगता था। अश्विन ने कहा, एकदिवसीय गेंदबाज के रूप में पैट कमिंस विश्व कप में काफी समय से संघर्ष कर रहे थे लेकिन फाइनल तक पहुंचने वाले पिछले 4-5 मैचों में उनकी करीब 50 फीसदी गेंदें कटर थीं। फाइनल में, मुझे नहीं पता कि कितने लोगों ने टीवी पर इसे समझा मगर एक ऑफ स्पिनर की तरह उन्होने गेंदबाजी के दौरान ऑफ साइड पर चार और लेग साइड पर पांच क्षेत्ररक्षक रखे और अपने पूरे 10 ओवर बिना मिड-ऑफ के फेंके।

अश्विन ने जोर देकर कहा, ' कमिंस ने पूरे 10 ओवर के स्पैल में स्टंप लाइन की ओर छह मीटर के दायरे में केवल तीन गेंदें फेंकी । उनकी स्टंप लाइन पर पांच क्षेत्ररक्षक स्क्वायर लेग, मिडविकेट, डीप स्क्वायर लेग, मिड-ऑन और लॉन्ग लेग पर थे। गौरतलब है कि भारत को 240 रन पर आउट करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड के प्लेयर ऑफ द मैच 137 रन और मार्नस लाबुशेन के नाबाद 58 रन की बदौलत 43 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया था।

# चाइना मास्टर्स में चिराग-सात्विक की जोड़ी सेमीफाइनल में




- इंडोनेशियाई जोड़ी को 46 मिनट में 21-16, 21-14 से हराया
- सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना सेमीफाइलन में चीनी जोड़ी से होगा
- क्वाटर फाइनल में भारतीय जोड़ी ने जापान के अकीरा कोगा-ताइची सैतो को हराया था

**शेनझेन ( चीन )।** एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने यहां चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया के लियो रोली कारनांडो और डैनियल मार्थिन पर शुक्रवार को सीधे गेम में जीत के साथ पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने वर्ल्ड नंबर 13 इंडोनेशियाई जोड़ी को 46 मिनट में 21-16, 21-14 के स्कोर के साथ हराया। सात्विक और चिराग का सामना अब दो चीनी जोड़ियों - हे जी टिंग और रेन जियांग यू और आठवीं वरीयता प्राप्त लियू यू चेन और ओउ जुआन यी के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता से होगा। इससे पहले टूर्नामेंट में यह जोड़ी जापान के अकीरा कोगा-ताइची सैतो को 21-15, 21-16 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।

पूर्व विश्व नंबर 1 भारतीय संयोजन ने नियमित रूप से स्थान बदलकर और अपने तीखे हमले के साथ उत्कृष्ट समन्वय प्रदर्शित किया, जिससे इंडोनेशिया के उनके प्रतिद्वंद्वियों के लिए चीजें मुश्किल हो गईं, जो दबाव में कमजोर हो गए थे।

दोनों साझेदारों ने मैच को बराबरी की शुरुआत दिलाने के लिए जी जान से संघर्ष किया। हालाँकि, आक्रामक शॉट्स की बौछार के साथ खेल पर तुरंत नियंत्रण हासिल करने के बाद भारतीय संयोजन से 14-14 से बराबरी कर ली।

चिराग के कुछ समझदारी भरे फैसलों की बदौलत वे जल्द ही 19-16 से आगे हो गए और मुंबईकर ने फिर तेजी से वापसी के साथ मैच को समाप्त करने की सेवा के बाद फ्रंट कोर्ट में आकर एक बार फिर अपना आक्रामक इरादा दिखाया। आधे समय में, भारतीयों ने जोरदार प्रहारों की बदौलत 11-6 की बढ़त बना ली।

भारतीय शुरू से ही अडिग थे और इंडोनेशियाई उनके आक्रमण का मुकाबला करने में असमर्थ थे। दोनों तेजी से 17-10 तक आगे बढ़े। इसके बाद, मार्थिन ने एक पिनपॉइंट स्मैश बनाया और मैच की सबसे लंबी रैली - 48 शॉट - शुरू की।

भारतीयों ने भाग्यशाली नेट कॉर्ड की बदौलत तीन अंकों की बढ़त ले ली और मार्थिन ने नेट पर जाकर उन्हें सात मैच प्वाइंट हासिल करने में मदद की। एक को बर्बाद करने के बाद, सात्विक और चिराग ने एक वीडियो रेफरल जीता और अपना अंतिम चार में स्थान सुरक्षित कर लिया।

# विश्वकप के दौरान किया गया अभ्यास टी20 मुकाबले में काम आया : इशान

**विशाखापत्तनम।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 मुकाबले में कप्तान सूर्य कुमार यादव के साथ शतकीय साझीदारी निभाने वाले इशान किशन ने कहा कि विश्वकप के दौरान नेट पर कड़े अभ्यास का नतीजा है कि वह अपने बल्लेबाजी को निखार सके जो आखिरकार कड़े प्रतिद्वंदी के खिलाफ जीत में मददगार साबित हुआ।

भारत ने गुरुवार को आस्ट्रेलिया को पांच मैचों की टी20 श्रखंला के पहले मैच में दो विकेट से हरा दिया था। मैच के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इशान ने कहा यह सच है कि मुझे शुरुआती मैचों के बाद विश्व कप में अंतिम एकादश में खेलने का मौका नहीं मिला मगर इस दौरान मैने नेट में कड़ा अभ्यास किया और बल्लेबाजी में की जा रही गल्तियों में सुधार किया। इसका नतीजा है कि आज मै अपने कप्तान के साथ बड़ी साझीदारी बनाने में सफल रहा।

आस्ट्रेलियाई स्पिनर तनवीर संघा की पिटाई के बारे में पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा कि ''लेग स्पिनर के खिलाफ बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के नाते मैं अच्छी स्थिति में था। मैंने सोच लिया था कि मैं संघा के खिलाफ बड़े शॉट खेलूंगा, फिर वह चाहे जहां भी गेंदबाजी करे। इसका मकसद हमें तेज गति से स्कोरबोर्ड को चलाना था। हम पुछल्ले बल्लेबाजों के लिये बड़ा लक्ष्य छोड़ने के बारे में कतई नहीं सोच रहे थे। हमें खुद पर भरोसा था जो हमने किया।

विकेटकीपर बल्लेबाज ने मात्र 39 गेंदों में 58 रन बनाये थे। उन्होने सूर्यकुमार (80) के साथ मिल कर शतकीय साझीदारी निभायी जिसकी बदौलत भारत ने 209 रन के लक्ष्य को रोमांचक मुकाबले में हासिल कर श्रृखंला को 1-0 कर दिया। इशान ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला हमेशा से तनाव भरा होता है मगर कल का दिन हमारा था जिसमें हम सफल भी हुये हैं ।

> 'लेग स्पिनर के खिलाफ बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के नाते मैं अच्छी स्थिति में था। मैंने सोच लिया था कि मैं संघा के खिलाफ बड़े शॉट खेलूंगा, फिर वह चाहे जहां भी गेंदबाजी करे। इसका मकसद हमें तेज गति से स्कोरबोर्ड को चलाना था। हम पुछल्ले बल्लेबाजों के लिये बड़ा लक्ष्य छोड़ने के बारे में कतई नहीं सोच रहे थे। हमें खुद पर भरोसा था जो हमने किया: इशान किशन



## सूर्यकुमार को अगले छह महीने तक बस टी20 खेलना चाहिए : आकाश चोपड़ा

**मुबंई।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्य कुमार यादव के बारे में भारतीय टीम के पूर्व सदस्य और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा की राय है कि कुमार को अगले छह महीने तक सिर्फ टी20 मैच ही खेलना चाहिये। भारत ने गुरुवार को पहले टी20आई में भारत को दो विकेट से जीत मिली जिसमें सूर्यकुमार ने 80 रन की पारी खेली। आकाश ने कहा, टी20आई में सूर्यकुमार यादव अलग तरह के खिलाड़ी लगते हैं। उनकी अप्रोच बिल्कुल अलग होती है। वह रूकने वालों में से नहीं लगते। ऐसा क्यों होता है ऐसा इसीलिए होता है क्योंकि उनका डीएनए इसमें रंग गया है। उन्हें लगता है कि वह प्रारूप की ज़रूरतों को अच्छे से समझते हैं और परिस्थिति के हिसाब से प्लान बनाते हैं। यहां तक कि विरोधी टीम भी उनकी विस्फ़ोटकता से वाकिफ़ हैं और उनके लिए अलग तरह की फ़ील्ड लगाते हैं। उन्होने कहा मेरे नजरिए में, यह जरूरी नहीं है कि तीनों ही प्रारूपों में खिलाड़ी हिस्सा हों। सूर्या टी20 क्रिकेटर बन सकते हैं। अगले छह महीनों के लिए उनको टी20 क्रिकेट पर छोड़ना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि तीनों प्रारूपों में उन्हें चाहने की वजह से हम एक टी20 रॉकस्टार खो दें। आकाश ने मुकेश कुमार के अहम 20वें ओवर पर भी बात की। उन्होंने कहा, मुकेश का आख़िरी ओवर शानदार था। उन्होंने इस ओवर में केवल पांच ही रन दिए, जिसमें एक नो बॉल भी थी। लेकिन उनकी सटीक यॉर्कर ने बल्लेबाज़ों को बांधे रखा। अगर वह इस ओवर में 15 रन तक दे देते तो भारत को 220 रन चेज़ करने होते और यह और भी मुश्किल हो जाता।

## सार संक्षेप

### एक दिवसीय विश्वकप में दर्शक संख्या ने बनाए कीर्तिमान

**मुबंई।** आईसीसी और उसके प्रसारण साझेदार डिज्नी स्टार के अनुसार, भारत में 2023 पुरुष वनडे विश्व कप ने स्टेडियम में उपस्थिति और प्रसारण व्यूअरशिप की संख्या के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आईसीसी ने कहा कि भारत के मैदानों पर हुए 48 मैचों को सबसे अधिक 1,250,307 दर्शकों ने देखा जिससे ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में 2015 विश्व कप के 1,016,420 दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड टूट गया। डिज़्नी स्टार ने कहा कि टूर्नामेंट के छह हफ्तों में विश्व कप के लिए 51.8 करोड़ ट्यूनिंग के साथ भारत में रैखिक टेलीविजन दर्शकों की संख्या आधे अरब से अधिक हो गई है। भारत में ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) के आंकड़ों के अनुसार, टीवी पर कुल ख़पत 422 (अरब मिनट थी, जो इसे अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप बनाती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुआ विश्व कप फ़ाइनल टीवी पर 30 करोड़ लोगों ने देखा, जो 13 करोड़ अधिक था, जिससे डिज्नी स्टार के मुताबिक यह सबसे अधिक टीवी पर देखा जाने वाला क्रिकेट मैच बना। फ़ाइनल में डिजिटल व्यूअरशिप का रिकॉर्ड भी टूटा। डिज़्नी + हॉटस्टार पर 5.9 करोड़ व्यूअरशिप मिली जो सबसे बड़ा लाइव स्पोर्ट्स इवेंट बन गया।

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा का दल होगा सबसे बड़ा


**नई दिल्ली।** पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा 242 पैरा एथलीटों का सबसे बड़ा दल मैदान में उतारेगा जबकि राजस्थान के 140 और उत्तर प्रदेश के 125 पैरा एथलीट टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगे। इस बीच भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने शुक्रवार को पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स की मेजबानी के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय की पहल की सराहना की। पीसीआई की अध्यक्ष दीपा मलिक ने कहा मैं बहुत रोमांचित और अभिभूत हूं कि पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स इस दिसंबर में नई दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे।

# पाकिस्तान की बार-बार कप्तान बदलने की आदत पुरानी है : इयान चैपल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा कि अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलिया के तीन मैचों के टेस्ट दौरे से पहले, अपने कप्तानों को बार-बार बदलना पाकिस्तान के लिए आम बात है।

विश्व कप 2023 में पांचवें स्थान पर रहने और घर में हर तरफ से भारी आलोचना के बाद, बाबर आजम ने पाकिस्तान के सभी प्रारूपों के कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया। अब इस इस्तीफे के बाद पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज शान मसूद को नया टेस्ट कप्तान बनाया है।

मसूद 2009 के बाद से पाकिस्तान के नौवें टेस्ट कप्तान हैं, क्योंकि पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ (14-18 दिसंबर), मेलबर्न (26-30 दिसंबर) और सिडनी (3-7 जनवरी, 2024) में तीन टेस्ट खेलने हैं। लेकिन, उन्होंने कभी भी कोई श्रृंखला नहीं जीती है।



चैपल ने वाइड वर्ल्ड ऑफ पर कहा, यह दुख की बात है, मुझे लगता है कि बाबर एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है। वह पाकिस्तान की टीम में अब भी शामिल है और हो सकता है कि वे एक बेहतर कप्तान ढूंढ सकें। लेकिन यह पाकिस्तान की खासियत है, वे अक्सर कप्तान बदलते हैं।

पाकिस्तान ने आखिरी बार 2019/20 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, क्योंकि मेजबान टीम ने दोनों मैचों में पारी के अंतर से जीतकर श्रृंखला 2-0 से जीत हासिल की थी। पाकिस्तान के साथ समस्या यह है कि उनका ऑस्ट्रेलिया में कोई अच्छा रिकॉर्ड नहीं है, तब भी जब उनके पास अच्छी टीमें थीं जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर सकती थी।

> यह दुख की बात है, मुझे लगता है कि बाबर एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है। वह पाकिस्तान की टीम में अब भी शामिल है और हो सकता है कि वे एक बेहतर कप्तान ढूंढ सकें। लेकिन यह पाकिस्तान की खासियत है, वे अक्सर कप्तान बदलते हैं : इयान चैपल

इस समय उनके पास कुछ अच्छे तेज़ गेंदबाज़ हैं। लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई पिचों की उछाल ने उन्हें हमेशा परेशान किया है। यदि आप ऑस्ट्रेलियाई टीम को देखें, तो वे थोड़ा कमजोर हो सकते हैं।

चैपल ने कहा, इस समय उनके पास कुछ अच्छे तेज़ गेंदबाज़ हैं। लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई पिचों की उछाल ने उन्हें हमेशा परेशान किया है। यदि आप ऑस्ट्रेलियाई टीम को देखें, तो वे थोड़ा कमजोर हो सकते हैं। स्टार्क, कमिंस, हेज़लवुड, ये लोग उस अतिरिक्त उछाल से पाकिस्तानी बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

## लॉरा वोल्वार्ट सभी प्रारूपों में द.अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त

**जोहान्सबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बताया कि सलामी बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट को सभी प्रारूपों के लिए दक्षिण अफ्रीका का पूर्णकालिक कप्तान नियुक्त किया गया है और उनका कार्यकाल अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से शुरू होगा । पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरों के दौरान अंतरिम कप्तान के रूप में काम करने के बाद लॉरा ने पूर्णकालिक नेतृत्व की भूमिका संभाली। 24 वर्षीय लॉरा 86 वनडे मैचों में खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने इस प्रारूप में 30 अर्द्धशतक और चार शतक के साथ 3,421 रन बनाए हैं। इसके अलावा उन्होंने 59 टी20 में नौ अर्धशतक के साथ 32.82 के औसत से 1,313 रन बनाए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 3 से 8 दिसंबर तक होने वाली टी20 सीरीज में लॉरा दक्षिण अफ्रीका टीम की देखरेख करेंगी। जिसमें युवा खिलाड़ी अयंदा ह्लुबी और एलिज़-मारी मार्क्स शामिल हैं, जो खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय कॉल-अप अर्जित कर रहे हैं। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ लॉरा वोल्वार्ट का आधिकारिक कप्तान होना हमारी उत्तराधिकार योजना के लिए अच्छा संकेत है। इससे युवा खिलाड़ियों को मौका देने में टीम में मौजूद उत्साह में भी मदद मिलेगी और इसलिए हम इस आगामी दौरे में उन्हें अपना हाथ बढ़ाते और प्रभावशाली प्रदर्शन करते देखने के लिए उत्सुक हैं। इसके अलावा, नए सीज़न की शुरुआत में घरेलू और उभरते स्तर पर कुछ ठोस प्रदर्शन करने के बाद, सर्दियों के दौरान हाथ में चोट लगने के बाद ऑलराउंडर एनेरी डर्कसेन राष्ट्रीय टीम में लौट आईं।

## सुडोकू 6386 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 2 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |

पर




SENSEX BSE 65970.00 ▼ 47.77 19794.70 ▼ 7.30 MCX Gold 61263 ▲ 191 silver 73420 ▲ 522


देशबन्धु

# [ अर्थ जगत

## रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.37 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.37 (अस्थायी) पर बंद हुआ। आयातकों की डॉलर मांग बढ़ने और एशियाई मुद्राओं में कमजोर रुख के बीच रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजार में नरमी का असर भी स्थानीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.33 पर खुला। कारोबार के दौरान वह अपने सर्वकालिक निचले स्तर 83.38 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.37 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है।





## अनसिक्योर्ड लोन को लेकर नियम सख्त किए जाने से बफर कैपिटल पर प्रभाव

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक देवदत्त चंद ने बृहस्पतिवार को कहा कि रिजर्व बैंक के असुरक्षित माने जाने व्यक्तिगत उपभोक्ता कर्ज के लिये जोखिम भार बढ़ाने से बैंक के पूंजी 'बफर' पर 0.50 प्रतिशत तक का प्रभाव पड़ेगा।उन्होंने यहां उद्योग मंडल फिक्की और भारतीय बैंक संघ के कार्यक्रम (एफआई-बीएसी) के दौरान संवाददाताओं से अलग से बातचीत में कहा कि बैंक की पूंजी पर्याप्तता पर 0.40-0.50 प्रतिशत का प्रभाव पड़ेगा। बीओबी प्रमुख ने कहा कि यह प्रभाव उद्योग के अनुरूप है। तीस सितंबर की स्थिति के अनुसार बैंक की पूंजी पर्याप्तता संतोषजनक स्तर 15.30 प्रतिशत के स्तर पर थी। बैंक के मोबाइल ऐप बीओबी वर्ल्ड मामले के बारे में पूछे जाने पर चंद ने कहा कि मौजूदा मामले का बैंक के जमा आकर्षित करने पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने 10 अक्टूबर को कुछ गड़बड़ियों का पता चलने के बाद बैंक को अपने मोबाइल ऐप बॉब वर्ल्ड पर नये ग्राहकों को जोड़ने से प्रतिबंधित कर दिया था। फिलहाल मामले में फॉरेंसिक जांच जारी है।

## महंगाई की मार! भारत में 14 फीसदी तक पहुंचा मेडिकल इन्फ्लेशन रेट

***नई दिल्ली।** देश में दवाइयां और चेकअप कराने की महंगाई दर पूरे एशिया में सबसे ज्यादा है। इसका असर सीधे आम आदमी की जेब पर पड़ता दिख रहा है। इसका खुलासा हाल ही में जारी हुई एक रिपोर्ट में हुआ है।*



**क्या कहा गया है रिपोर्ट में**

इंश्योरटेक कंपनी प्लम की 'कॉर्पोरेट इंडिया की स्वास्थ्य रिपोर्ट 2023' के अनुसार, मेडिकल महंगाई दर 14 फीसदी तक पहुंच गई है। बढ़ते मेडिकल खर्चों के कारण कर्मचारियों पर एडिशनल फाइनेंशियल बर्डन बढ़ता जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 71 फीसदी कर्मचारी अपने मेडिकल बिल का भुगतान खुद करते हैं, जबकि 15 फीसदी ही ऐसी कंपनियां है जो अपने एम्प्लॉई को मेडिकल कवर प्रदान करती हैं।

**बीमारियों के इलाज पर ज्यादा होता है खर्चा**

'कॉर्पोरेट इंडिया की स्वास्थ्य रिपोर्ट 2023' के मुताबिक, बढ़ते मेडिकल खर्च के कारण लगभग 9 करोड़ से अधिक देश के कर्मचारियों की जिंदगी पर असर पड़ा है। साथ ही उनकी कमाई का 10 फीसदी से ज्यादा हिस्सी इलाज में चला जाता है। कंपनी की ओर से दी जाने वाली मेडिकल हेल्थ इंशोयरेंस सर्विस के बारे में 20 से 30 साल के कर्मचारियों के बीच में जानकारी कम है। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में नौकरीपेशा लोगों की संख्या की बढ़ने की उम्मीद है, जो 2022 में 52.2 करोड़ व्यक्तियों से बढ़कर 2030 तक अनुमानित 56.9 करोड़ हो जाएगा। इस बढ़ोतरी के बावजूद, केवल 15 प्रतिशत ही कर्मचारियों को अपने नियोक्ताओं से कोई स्वास्थ्य बीमा सहायता प्राप्त होती है।

**नहीं कराते हेल्थ चेकअप**

इंश्योरटेक कंपनी प्लम की रिपोर्ट से यह भी सामने आया है कि देश में केवल हेल्थ इंश्योरेंस ही नहीं बल्कि लोग हेल्थ चेक अप कराने के मामले में भी पीछे रहते हैं। इसके अलावा, देश के 59 फीसदी ऐसे लोग हैं जो अपना सालाना हेल्थ चेकअप नहीं कराते और 90 फीसदी लोग अपनी हेल्थ पर ध्यान ही नहीं देते।

## आरबीआई ने 5 को-ऑपरेटिव बैंक पर लगाया जुर्माना

***नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक का नियम पूरे न करने वाले या नियमों का उल्लंघन करने वाले बैंकों के खिलाफ कड़े एक्शन जारी है. रिजर्व बैंक ने आज 5 को-ऑपरेटिव बैंक के ऊपर पेनल्टी लगाई है ।*



आरबीआई के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री महिला सेवा सहकारी बैंक, पोरबंदर विभाग नागरिक सहकारी बैंक, सर्वोदय नागरिक सहकारी बैंक, खंभात नागरिक सहकारी बैंक और वेजलपुर नागरिक सहकारी बैंक पर जुर्माना लगाया गया है.

**क्या दी है रिजर्व बैंक ने जानकारी** - रिजर्व बैंक के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वेजलपुर नागरिक सहकारी बैंक वेजलपुर गुजरात पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगा है. ये जुर्माना दूसरे बैंको में डिपॉजिट रखने से जुड़े नियमों के उल्लंघन को लेकर लगाया गया है.वहीं खंभात नागरिक सहकारी बैंक गुजरात पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगा है. ये जुर्माना डायरेक्टर और उनके करीबियों और उनसे जुड़ी कंपनियों को लोन देने से जुड़े नियमों के उल्लंघन पर लगाया गया है.पोरबंदर विभाग नागरिक सहकारी बैंक पर भी अन्य बैंकों के साथ डिपॉजिट रखने से जुड़े नियमों के पालन न करने पर जुर्माना लगा है. इस मामले में रिजर्व बैंक ने 2 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई है.इसके साथ ही हिम्मतनगर गुजरात स्थित सर्वोदय नागरिक सहकारी बैंक पर भी दूसरे बैंकों के साथ डिपॉजिट रखने से जुड़े नियमों का पालन न करने पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है.

**कई अन्य बैंकों और वित्तीय संस्थानों पर भी एक्शन** - इससे पहले रिजर्व बैंक ने नियमों का उल्लंघन न करने पर एक्सिस बैंक, मण्णापुरम फाइनेंस, पीएनबी, फेडरल बैंक सहित कई को-ऑपरेटिव बैंकों पर जुर्माना लगाया है. इन बैंकों पर नियमों को पूरा न करने की वजह से कार्रवाई की गई है।

## सेना के जवानों को योग एवं आयुर्वेदिक के माध्यम से स्वस्थ्य रखने का काम करेगा पतंजलि योगपीठ

***बरेली/हरिद्वार।** राष्ट्र की सीमाएं जिनके पुरुषार्थ और तप से सुरक्षित है उन पराक्रमी सैनिकों की सेवा के लिए हम उनका कुछ भी उपकार कर पाए, यह हमारा सौभाग्य होगा। पतंजलि योगपीठ अब देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने वाले सेना के जवानों को योग एवं आयुर्वेदिक के माध्यम से स्वस्थ्य रखा हेतु एवं सेवानिवृत्त सैनिक भाइयों को प्राथमिकता के आधार पर सेवा कार्यों में नियुक्ति देने की दिशा में आगे बढ़ेगा।*

### पतंजलि योगपीठ तथा भारतीय सेना के मध्य एम.ओ.यू.पर हस्ताक्षर

इसी भाव के साथ सेना मुख्यालय, उत्तर भारत क्षेत्र, बरेली हेडक्वाटर में भारतीय सेना तथा पतंजलि योगपीठ के मध्य विविध विषयों पर केन्द्रित एक महत्वपूर्ण एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए। इस गौरवशाली क्षण में पतंजलि ओर से पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी तथा भारतीय सेना से लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रामणी (जीओसी इन सी सेंट्रल कमांड), लेफ्टिनेंट जनरल आर.सी. तिवारी (जीओसी उत्तर भारत क्षेत्र), ब्रिगेडियर अमन आनंद (कमांडर, मुख्यालय 9 स्वतंत्र माउंटेन ब्रिगेड ग्रुप), मेजर विवेक जैकोब उपस्थित रहे। इस एम.ओ.यू. के अन्तर्गत योग, आयुर्वेद चिकित्सा एवं वेलनेस के क्षेत्र में, हमारे सैनिक भाइयों की स्वास्थ्य रक्षा हेतु आवश्यक आयुर्वेदिक दवाइयों के अनुसंधान के क्षेत्र में, जैव विविधता के अनुरूप उच्च हिमालयी क्षेत्रों में जीवन रक्षक पेड़ पौधों पर अनुसंधान के क्षेत्र में, सेना में सूचना एवं प्रौद्योगिकी से लेकर ऑटोमेशन के विभिन्न प्रयोगों के क्षेत्र में साथ मिलकर महत्वपूर्ण कार्य किया जाएगा। साथ ही पतंजलि की सहयोगी संस्थाओं द्वारा सेवानिवृत्त सैनिक भाइयों को प्राथमिकता के आधार पर सेवा कार्यों में नियुक्ति देने पर विचार किया जाएगा। इस परिचर्चा में पहाड़ों से पलायन रोकने व सीमाओं की रक्षा के लिए विबरेन्ट विलेज आदि को बढ़ावा देकर तथा रोजगार के लिए एडवेंचर आदि में संसाधनों को पैदा करने इत्यादि विषयों पर भी दोनों पक्षों में सहमति बनी। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि हमें गर्व भी है और जिम्मेदारीपूर्ण अनुभव भी है कि इस कार्य को पूर्ण करने में तथा राष्ट्र के प्रति अपनी कृतज्ञता को ज्ञापित करने में पतंजलि कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा।






**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

**फोन- 4067270, 9826035338**

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।


## सरकारी बीमा कंपनियों के शेयर खरीदने की लगी होड़, एलआईसी सहित 3 स्टॉक खूब चढ़े

***नई दिल्ली ।** सरकारी बीमा कंपनियों के शेयरों पर आज यानी शक्रवार, 24 नवंबर को निवेशक टूट पड़े. भारतीय जीवन बीमा निगम , न्यू इंडिया एश्योरेंस और जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया में आज तूफानी तेजी दर्ज की गई है.एलआईसी का शेयर दोपहर बाद 3:15 बजे 9.41 फीसदी की तेजी के साथ 675.80 रुपये पर तो जीआईसी का स्टॉक 16.08 फीसदी की तेजी के साथ 306.10 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था. न्यू इंडिया एश्योरेंस का शेयर भी आज सरपट दौड़ रहा है और यह 19.98 फीसदी की तेजी के साथ 209 रुपये पर ट्रेड कर रहा था।*



एलआईसी ने आने वाले महीनों में तीन से चार प्रोडक्ट लॉन्च लॉन्च करने की तैयारी में है. कंपनी का इरादा चालू वित्त वर्ष में डबल डिजिट ग्रोथ हासिल करने का है. यह बात एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती भी कह चुके हैं. मोहंती का कहना है कि वे पिछले साल के मुकाबले डबल डिजिट ग्रोथ का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं. हाल के एक ट्रेंड के मुताबिक कंपनी के रिटेल बिजनेस में बेहतर ग्रोथ देखने को मिल रही है. इस वजह से इस लक्ष्य को हासिल करना आसान नजर आ रहा है.

**जीआईसी 52-वीक हाई पर** - जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया का शेयर भी आज रॉकेट बना हुआ है. शुक्रवार को 17 फीसदी की तेजी के साथ यह शेयर 316 रुपये के स्तर पर पहुंच गया. यह इसका नया 52-वीक हाई है. पिछले दो हफ्तों में जीआईसी का शेयर 27 पर्सेंट तक चढ़ चुका है. एएम बेस्ट ने जीआईसी को बी प्लस+ (गुड) रेटिंग दी है और आउटलुक को स्टेबल से पॉजिटिव कर दिया है. इस शेयर ने पिछले छह महीनों में निवेशकों का 72 फीसदी और एक महीने में 38 फीसदी रिटर्न दिया है.

**न्यू इंडिया एश्योरेंस के शेयर में भी तेजी** - न्यू इंडिया एश्योरेंस का शेयर 24 नवंबर को कारोबार के दौरान 19 पर्सेंट से भी ज्यादा उछला और 52 हफ्ते का नया उच्चतम स्तर बना डाला. इंश्योरेंस कंपनी ने बताया है कि एनालिस्ट्स और इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर कंपनी के सीनियर मैनेजमेंट से 29 नवंबर को मुंबई में मुलाकात करेंगे।

## बाजार में लगातार दूसरे दिन सपाट क्लोजिंग

मुंबई। शेयर बाजार शुक्रवार को हल्की गिरावट के साथ सपाट बंद हुआ। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 47.77 अंक नीचे 65,970.04 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी भी 7.30 अंक फिसलकर 19,794 पर आ गया। शेयर बाजार में सोमवार यानी 27 नवंबर को गुरु नानक जयंती के मौके पर छुट्टी है। अब बाजार में मंगलवार को कारोबार होगा। शुक्रवार को बाजार में सबसे ज्यादा बिकवाली आईटी, एफएमसीजी और सरकारी बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में दिखी। हालांकि, मेटल और फार्मा सेक्टर में खरीदारी देखी गई। इस दौरान मिडकैप इंडेक्स में लगातार 17वें दिन तेजी आई। इससे पहले गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 66,017 के स्तर पर बंद हुआ था।

## डीजीसीए ने हवाई क्षेत्र में नेविगेशन प्रणाली में हस्तक्षेप से निपटने के लिए परिपत्र जारी किया

***नयी दिल्ली ।** विमानन क्षेत्र की नियामक डीजीसीए ने वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (जीएनएसएस) को जाम करने या छेड़छाड़ करने (स्पूफिंग) के खतरों से निपटने के संबंध में एक परिपत्र जारी किया है। पश्चिम एशिया में इस तरह के छेड़छाड़ की खबरों के बीच एयरलाइंस और भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण (एएआई) को यह परिपत्र जारी किया गया।*

परिपत्र में विमान परिचालकों, पायलटों, एयर नेविगेशन सेवा प्रदाताओं (एएनएसपी) और हवाई यातायात नियंत्रकों के लिए व्यापक कार्य योजना और बचाव के उपायों के बारे में बताया गया है। इन उपायों में उपकरण विनिर्माताओं के साथ तालमेल के साथ आकस्मिक प्रक्रियाओं को तैयार करना और परिचालन जोखिम का आकलन करना शामिल है। एएआई देश का एएनएसपी है और हवाई यातायात नियंत्रक भी इसके तहत आते हैं। नागर विमानन महानिदेशालय ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि उसने हवाई क्षेत्र में जीएनएसएस हस्तक्षेप पर एक परिपत्र जारी किया है। आमतौर पर, जीएनएसएस को जाम करने या छेड़छाड़ करने का तात्पर्य गलत सिग्नल देकर उपयोगकर्ता की नेविगेशन प्रणाली में हेरफेर की कोशिश करना है।


**सोहन लाल एण्ड संस**

**रसल चौक फोन- 9425156095**

**सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62100 चांदी रिफाइन - 74600**

**दुल्हन श्री आभूषण**

**कमानिया गेट, सराफा बाजार-**

**मो. 9425860998,9826307100**

**सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62100 चांदी रिफाइन - 74600**


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.36 |
| एक यूरो | 91.01 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104.82 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54.74 |
| एक जापानी येन | 00.55 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 92 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 110 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-120 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -76 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

**शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070 भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5880, 10 एम एम 5760,12 एम एम, 5700 एवं 16 एम 5700 रु.। तार- 76 रु. किलो।**




## देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 5.08 अरब डॉलर का इजाफा

### 595.40 अरब डॉलर पर पहुंचा आंकड़ा

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 5.08 अरब डॉलर बढ़कर 595.40 अरब डॉलर हो गया। इससे पहले 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.32 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 17 नवंबर को समाप्त हफ्ते के दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 4.39 अरब डॉलर बढ़कर 526.39 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर में अभिव्यक्त किए जाने वाले एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है।

## अनाज से एथनॉल बनाने वाले चाहते हैं ज्यादा दाम

***नई दिल्ली।** अनाज आधारित एथनॉल निर्माताओं ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को क्षतिग्रस्त खाद्यान्न और मक्के से बने एथनॉल का खरीद मूल्य तुरंत बढ़ाने का निर्देश देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय से संपर्क किया है।*

इन एथनॉल निर्माताओं के मुताबिक क्षतिग्रस्त अनाज से बनने वाले एथनॉल का खरीद मूल्य 69.54 और मक्के से बने एथनॉल का खरीद मूल्य 76.80 रुपये प्रति लीटर किया जाए। ऐसा करने पर नवंबर से शुरू हो रहे 2023-24 के एथनॉल आपूर्ति वर्ष में निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। एथनॉल आपूर्ति वर्ष 2022-23 में क्षतिग्रस्त अनाज से बने एथनॉल का खरीद मूल्य 64 रुपये प्रति लीटर और मक्के से बने एथनॉल का खरीद मूल्य 66.07 रुपये प्रति लीटर तय किया गया था। खरीद मूल्य बढ़ाने की मांग तब की गई है जब भारतीय खाद्य निगम ने अतिरिक्त चावल की आपूर्ति कायम कायम नहीं रखी है। अनाज आधारित एथनॉल प्रमुख तौर पर क्षतिग्रस्त अनाज और मक्के से बन रहा है। अभी भारत में दो स्रोतों से बना एथनॉल प्राप्त किया जाता है । इनमें एक गन्ना और दूसरा अनाज है। यह मांग ऐसे समय में हुई है जब केंद्र ने गन्ने से तैयार होने वाले एथनॉल का खरीद मूल्य भी घोषित नहीं किया है जबकि यह सत्र नवंबर से शुरू हो गया। हाल में गठित अनाज एथनॉल निर्माता एसोसिएशन (जीईएमए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पेट्रोलियम



मंत्री हरदीप पुरी से मांग की है कि वर्तमान समय में खुले बाजार में उपलब्ध फीडस्टॉक (क्षतिग्रस्त अनाज और मक्के) की लागत के आधार पर लागत मूल्य तय किया जाए। पत्र के अनुसार एथनॉल आपूर्ति वर्ष 2023-24 में तेल विपणन कंपनियों को 2.9 अरब लीटर अनाज आधारित एथनॉल मुहैया करवाया गया है। इसमें क्षतिग्रस्त अनाज (टूटे हुए चावल) की हिस्सेदारी 54 फीसदी, एफसीआई से सब्सिडी प्रदान की गई आपूर्ति की 15 प्रतिशत और मक्के की हिस्सेदारी 31 फीसदी रही। प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र के अनुसार, 'यह केंद्र के एथनॉल के मिश्रण कार्यक्रम में अनाज एथनॉल उद्योग की व्यापक भागीदारी प्रदर्शित करता है।'तेल विपणन कंपनियों ने एथनॉल आपूर्ति वर्ष 2023-24 में 15 फीसदी सम्मिश्रण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8.25 अरब लीटर एथनॉल की आपूर्ति की निविदा जारी की है। इसमें से 2.9 अरब लीटर एथनॉल की आपूर्ति अनाज आधारित स्रोतों से होती है और शेष गन्ना आधारित शीरे से होती है। अनाज आधारित निर्माताओं ने कहा कि वे 15,000 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। यह निवेश 2025 में बढ़कर 30,000 करोड़ रुपये हो जाएगा। उत्पादन क्षमता को 3.7 अरब लीटर से बढ़ाकर 6.5 अरब लीटर किया जा रहा है। अनाज आधारित एथनॉल के निर्माताओं ने इंगित किया कि पूरे साल के लिए गन्ना आधारित एथनॉल को खरीदने का दाम तय किया जा सकता है। इसका कारण यह है कि गन्ने के दाम स्थिर रहते हैं। हालांकि अनाज आधारित एथनॉल की के दाम रोजाना के आधार पर तय होते हैं।

(साभार -बिजनेस स्टैंडर्ड )


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।

देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# मौसम के मिजाज में बदलाव: मावठा की बारिश के संकेत



## जबलपुर, इंदौर, भोपाल में एक डिग्री पारा उतरा, हल्की ठंडक बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में मौसम के मिजाज में बदलाव होने लगा है। इसका असर जबलपुर सहित अन्य शहरों में महसूस किया जा रहा है। जबलपुर में रात के तापमान में गिरावट आई है। हालाकि आसमान में बीच-बीच में बादल भी छाने से अभी लोगों को ठंडी से थोड़ी राहत है। लेकिन जैसे ही बादल छटेंगे, उसी के साथ तेज ठंड पड़ने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पहले दिन और रात के तापमान में हल्की सी गिरावट आई है। जबलपुर, इंदौर, भोपाल व उज्जैन सहित कई शहरों में दिन का तापमान एक डिग्री से ज्यादा कम हो गया है. वहीं पचमढ़ी की रात सबसे ठंडी रही, यहां पर देर रात 11.04 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया है। प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान नरसिंहपुर में 19.4 डिग्री रहा।

मौसम विशेषज्ञों की माने तो उत्तर भारत में 25 नवम्बर तक पश्चिमी विक्षोभ पहुंच रहा है, जिसका सबसे ज्यादा प्रभाव प्रदेश में होगा, यह सिस्टम स्ट्रांग हो सकता है। ऐसे में बारिश भी हो सकती है यदि ऐसा हुआ तो यह मौसम का पहला मावठा होगा। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि सिस्टम के चलते जबलपुर, इंदौर, भोपाल, उज्जैन व पश्चिमी हिस्से के कई जिलों में हल्की बारिश भी होने की संभावना है। यदि चार बड़े शहरों की बात की जाए तो इंदौर में 15.8, ग्वालियर में 12.4, जबलपुर में 14.4 व भोपाल में 15.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। यह भी कहा जा रहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पहले एमपी में मौसम का मिजाल बदला हुआ है, कभी दिन-रात के तापमान में वृद्धि हो रही है तो कभी गिरावट हो रही है। शुक्रवार को भी कई शहरों के तापमान में गिरावट हुई है।

इस बीच जिस तरह मौसम का रूख बना है। उसके बाद यह कहा जा सकता है आने वाले दिनों में ठंड अपने तेवर दिखायेगी, इसलिये सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। वैसे भी जब भी ऋतु में परिवर्तन होता है उसी के साथ लोगों पर इसका असर होता रहा है। चिकित्सक भी इस समय विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं, ताकि मौसमी बीमारी से बचाव भी किया जा सके।

## युवक ने तलाकशुदा पत्नी की चाकू मारकर की हत्या

**कुम्हारी, देशबन्धु।** जिले के पटेरा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 में रहने वाली तलाकशुदा महिला की उसके पहले पति ने चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार सुबह की बताई जा रही है।घायल महिला को इलाज के लिए पटेरा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां खून अधिक निकल जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। वहीं यह बात भी सामने आ रही है कि आरोपित पर पहले से भी कई मामले दर्ज हैं पुलिस के द्वारा इसकी जानकारी ली जा रही है। स्वजनों ने बताया कि 32 वर्षीय मरजीना बी की पहली शादी दमोह के सीताबावड़ी निवासी नफीस खान के साथ हुई थी और कुछ साल पहले ही दोनों का तलाक हो गया है जिसके बाद मरजीना की दूसरी शादी पटेरा के वार्ड क्रमांक 14 निवासी मुस्ताक खान से हुई थी। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे मरजीना का पहला पति नफीस उर्फ नफ्फू पटेरा पहुंचा और मरजीना को साथ चलने के लिए कहने लगा और इसी दौरान उसने चाकू से हमला कर दिया जो पेट में जाकर लगे।

# जबलपुर के आसमान पर सुखोई 30 ने भरी कई उड़ानें



## तेज आवाज से गूंज उठा शहर, लड़ाकू विमान को देखने घरों से बाहर निकले लोग

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सखोई 30 के विमान की गड़गड़ाहट से जबलपुर का आसमान गूंज उठा। आवाज सुनते ही लोग अपने घरों से बाहर निकले और लोगों के कौतूहल का विषय सखोई लड़ाकू विमान बन गया था।

शुक्रवार की सुबह 11 बजे के लगभग उस वक्त चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। जब भारतीय वायुसेना का फायटर जेट जबलपुर के चक्कर लगाने लगा. फायटर जेट की तेज आवाज सुनकर लोग सहम गए और घर से बाहर निकल आए। जिसके बाद शहर में कयासों का दौर शुरू हो गया। यह फायटर जेट काफी नीची उड़ान भर रहा था, जिससे घरों की खिड़कियां तक थरथरा रही थीं। लोग उसे काफी उत्सुकता से देख रह थे।

जानकारी के मुताबिक भारतीय वायु सेना का यह सामान्य अभ्यास था। जहां सुखोई 30 ने ग्वालियर एयरबेस से उड़ान भरी थी। विमान की तेज आवाज सुनने के बाद लोग घर से बाहर निकल आए. जिससे शहर में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया था।

बताया जा रहा है की एक फाइटर जेट सुखोई 30 ने विशेष एक्सरसाइज के तहत उड़ान भरी थी, जो प्रदेश के कई जिलों के ऊपर से होकर गुजरा था। इसी तरह फाइटर जेट जबलपुर भी पहुंचा था। जहां करीब तीन चक्कर सुखोई 30 ने शहर के लगाए थे।

वहीं अब सोशल मीडिया में सुखोई 30 की उड़ानें वायरल हो रही हैं। जहां लोगों ने अपने छत में जाकर सुखोई 30 की तस्वीर अपने मोबाइल में कैद की और सोशल मीडिया में पोस्ट किया हैं।

# स्कूल शिक्षा व जनजातीय कार्य विभाग से मांगा जवाब

## आरक्षित वर्ग के प्राथमिक शिक्षकों की अवैधानिक पदस्थापना का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** आरक्षित वर्ग के प्राथमिक शिक्षकों की अवैधानिक पदस्थापना को चुनौती संबंधी मामले को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया। जस्टिस शील नागू व जस्टिस देवनारायण मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में स्कूल शिक्षा विभाग व जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव और आयुक्त लोक शिक्षण सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।

हाईकोर्ट में दायर याचिकाओं में शिक्षकों की भर्तियों में आरक्षिक वर्ग के प्रतिभावान पच्चीस सौ से अधिक अभ्यार्थियों के साथ स्कूल शिक्षा विभाग ने दंडात्मक स्वरूप नियम विरुद्ध अनारक्षित वर्ग में ट्रायवल विभाग में की गई पदस्थापन को चुनौती दी गई है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर पैरवी कर रहे है। जिन्होंने बताया कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को सामान्य वर्ग में परिवर्तित करके नियुक्तियां कर दी गई हैं।

कैटेगिरी बदलने से उसकी संवैधानिक वैधता चुनौती योग्य है। आवेदकों की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ताओं सहित अन्य अनारक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को उनके गृहनगर से सैकड़ों किलोमीटर दूर पदस्थ कर दिया गया। जबकि अपेक्षाकृत कम प्रतिभावान अभ्यर्थियों को उनके गृहनगर में पदस्थ किया गया। यह रवैया सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के विपरीत है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।



# सिविल जज भर्ती नियम संशोधन की वैधानिकता कटघरें में

## हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में सिविल जज भर्ती नियम में किए गए संशोधन की वैधानिकता को कटघरे में रखते हुए चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में विधि एवं विधायी कार्यविभाग और हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को निर्धारित की है।

यह जनहित याचिका नरसिंहपुर निवासी अधिवक्ता वर्षा पटेल की ओर से दायर की गई है। जिसमें न्यायिक सेवा नियमों में किए गये संशोधन को कटघरे में रखा गया है। इसके साथ अन्य जिलों के उम्मीदवारों ने भी याचिकाए दायर कर नियमों का चुनौती दी है। आवेदकों की ओर से कहा गया कि उक्त संशोधन के तहत एलएलबी में 70 फीसदी से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को तीन साल की वकालत का अनुभव के बाद सिविज जज परीक्षा के लये योग्य माना है, जोकि अनुचित है। आवेदकों की ओर से कहा गया कि सिविल जज के साक्षात्कार परीक्षा में 50 अंको में से न्यूनतम 20 अंक प्राप्त किए जाने पर ही सिविल जज के पद के योग्य मान्य किया गया है। याचिका में सिविल जज परीक्षा में ओबीसी तथा सामान्य वर्ग को एलएलबी में न्यूनतम 70 प्रतिशत योग्यता बाले नियम को आरक्षण नीति के विरुद्ध बताया गया है। याचिका में मांग की गई थी कि हाईकोर्ट की समस्त भर्तियों को निष्पक्ष तथा पारदर्शी बनाने के लिए लोक सेवा आयोग या राज्य की किसी परीक्षा एजेंसी से कराई जाये। दलील दी गई कि उक्त नियमों में कहीं भी यह प्रावधान नहीं किया गया है कि अनारक्षित पदों को परीक्षा के प्रथम तथा द्वितीय चरण में कैसे भरा जायेगा। इसके अलावा ओबीसी वर्ग के लिए समस्त योग्यताएं अनारक्षित वर्ग के समान निर्धारित की गई हैं, जो कि संविधान के अनुछेद 14 एवं 16(4) तथा आरक्षण अधिनियम 1994 का उल्लंघन है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ व अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक शाह ने पैरवी की।

# शिकारियों ने किया बाघ का शिकार



**शहडोल देशबन्धु।** जिले के जैतपुर वन परिक्षेत्र के शाही लफदा बीट में एक बाघ का क्षत-विक्षत शव मिला है। शिकारियों ने इस टाइगर को बिजली का करंट लगाकर मारा है। ऐसी चर्चा व्याप्त है कि शिकारियों ने बाघ का नाखून, दांत व मूंछ को निकालने के बाद उसके अवशेष को जला दिया, ताकि बाघ की शिनाख्त न हो सके। लेकिन वन विभाग के अधिकारी इस बात से इनकार कर रहे हैं और उनका कहना है कि बाघ के सभी अंग थे और सिर्फ मूंछ ले गए थे जिसे रिकवर कर लिया गया है। इस मामले में 11 ग्रामीणों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है। ऐसा बताया जा रहा है कि बाघ का शव लगभग 10 से 15 दिन पुराना है।

दक्षिण वन मंडलाधिकारी सुश्री श्रद्धा पन्द्रे ने बताया कि जैतपुर वन परिक्षेत्र के शाही लफदा बीट में जंगली सुअर के लिए कुछ लोगों ने खेत में करंट का जाल बिछाया था। लेकिन इसमें एक बाघ फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि वन विभाग के कर्मचारी जब जंगल में नियमित सर्चिंग कर रहे थे, तभी गुरुवार को एक खेत के पास बाघ का शव उन्हें पड़ा हुआ मिला। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों के अनुसार बाघ का शव लगभग 10 से 15 दिन पुराना है। उन्होंने यह भी बताया कि बाघ के सभी अंग रिकवर हुए हैं और यह बाघ लगभग 12 वर्ष का था। वन मंडलाधिकारी सुश्री पन्द्रे ने यह भी बताया कि इस मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ वन प्राणी संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# देख-रेख के अभाव में सड़ गई 13 करोड़ रुपये की धान



## भंडारण करने वाली कंपनी के अधिकारियों पर केस दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** पिछले साल समर्थन मूल्य पर 40 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी गई थी। अधिकांश उपज को खुले आसमान के नीचे ओपन कैप में रखी गई धान को फटी त्रिपाल से ढांक दिया गया। बारिश और रखरखाव के अभाव में लगभग 13 करोड़ की धान खराब हुई है। मामले में केस दर्ज कराया गया है।

प्रदेश में करोड़ों की धान रखरखाव के अभाव में सड़ने का मामला सामने आया है। ये खुलासा धान के स्टॉक की जांच के बाद हुआ है। प्रशासन ने भंडारण का कार्य करने वाली कंपनी के डायरेक्टर सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई है।

बालाघाट जिला मध्य प्रदेश का सर्वाधिक धान उत्पादक जिला है। पिछले साल समर्थन मूल्य पर 40 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी गई थी। बालाघाट में वर्ष 2021-22 में उपार्जित धान के भंडार का अनुबंध गो ग्रीन कंपनी द्वारा जिले के डोगरिया, खापा, भेण्डारा, चिकमारा, मोहाडी, वारा, पालडोंगरी, नंदलेसारा में स्थित ओपन कैप में किया गया था, लेकिन कंपनी द्वारा खुले आसमान के नीचे ओपन कैप में रखी गई धान को फटी त्रिपाल से ढांक दिया गया। इसके कारण बारिश और कड़ी धूप में धान खराब हो गई। सुरक्षा के प्रबंध नहीं होने के कारण हजारों क्विंटल धान गायब हो गई। जांच में धान के स्टॉक में 6632.48 क्विंटल की कमी पाई गई, जिसकी कीमत लगभग 13 करोड़ रुपये है। स्टेट वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन बालाघाट के जिला प्रबंधक रमेश पटले ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी।

बारासिवनी पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए भंडारण करने वाली कंपनी गो ग्रीन डायरेक्टर संतोष साहू निवासी नवरंगपुरा अहमदाबाद एवं स्टेट हेड सौरभ मालवीय, कपनी के सलाहकार अखिलेश बिसेन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।






# जबलपुर समेत अन्य जिलों के आला अधिकारियों की शिकायत

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश विधान सभा चुनाव में कई जिलों के कलेक्टर और एसपी राजनीतिक दलों के आरोपों से घिर गए हैं। ये सभी दल सरकार बनने पर इन कलेक्टर और एसपी पर कार्रवाई करने की बात भी कह रहे हैं। इतना ही नहीं इन सभी की शिकायत इलेक्शन कमीशन से भी की जा चुकी है।

एक दर्जन जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ऐसे हैं जिनकी मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान इन सभी की शिकायतें चुनाव आयोग में पहुंचीं हैं। अलग-अलग राजनीतिक दलों ने अलग अलग मामलों में इन सभी की शिकायतें चुनाव आयोग से की हैं। इनमें करीब 9 कलेक्टर और पांच पुलिस अधीक्षको के नाम शामिल हैं।

कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही दलों ने सबसे अधिक शिकायतें की हैं। इनमें चुनाव के दौरान निष्पक्ष काम न करने, किसी एक दल विशेष के फेवर करने जेसी शिकायतें शामिल हैं। इतना ही नहीं मतदान और मतगणना को प्रभावित करने जेसी शिकायते भी हैं।

इधर, कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही दलों का कहना है कि वे ऐसे अधिकारियों की सूची बना रहे हैं जिन्होंने निष्पक्ष काम नहीं किया है। या फिर उन्होंने किसी के दवाब में काम किया है। सरकार आने पर इन सभी अधिकारियों पर एक्शन लिया जाएगा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ तो खुलकर इस बात का एलान भी का चुके हैं।

रिजु बाफना- कलेक्टर, नरसिंहपुर
भास्कर लक्षकार- कलेक्टर, रतलाम
संजीव श्रीवास्तव- कलेक्टर, भिंड
सुभाष कुमार द्विवेदी- कलेक्टर, अशोकनगर, दीपक आर्य- कलेक्टर, सागर
साकेत मालवीय कलेक्टर, सीधी
अनुराग वर्मा- कलेक्टर, सतना
संदीप माकिन- कलेक्टर, दतिया
संदीप जीआर- कलेक्टर छतरपुर हैं।
वहीं शैलेंद्र सिंह चौहान- मुरैना एसपी
प्रदीप शर्मा- दतिया एसपी
आदित्य प्रताप सिंह- जबलपुर एसपी
के साथ अन्य एसपी शामिल हैं।

# कटंगी रेलवे स्टेशन सड़क के बुरे हाल

**कटंगी, देशबन्धु।** रेलवे जो कि भारत सरकार का उपक्रम है जहां प्रतिदिन लाखों की मात्रा में रेल में यात्री सफर करते हैं और हजारों टन मालो की आवाजाही मालगाड़ी द्वारा ट्रेन से की जाती है प्रतिदिन रेलवे को लाखों रुपए की लागत होती है उसके बाद भी रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग की हालत खराब होना अच्छी बात नहीं है महीने में एक दो बार रेलवे के अधिकारी रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण करने ऐसी ट्रेन में बैठकर स्टेशन पहुंचते है और स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद चले जाते हैं अधिकारी तो ट्रेन में आते हैं पर स्टेशन में जो जनता आती है वह सड़कों से आती है सड़कों की हालत बहुत खराब कटंगी रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए तीन मार्ग है पहले पुराने पेट्रोल पंप से रेलवे स्टेशन जिसकी हालत भी बहुत खराब हो चुकी है दूसरा मार्ग कंटगी बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन जहां पर गुप्ता आरा मिल तक तो सड़क ठीक है उसके बाद सड़क की हालत खराब है तीसरा मार्ग सेलवा इस मार्ग में दर्जनों गांव आते हैं जहां के यात्री ट्रेन का सफर करते हैं परंतु वार्ड नंबर 12 नई रेलवे स्टेशन के पीछे सड़क की हालत बहुत खराब हो चुकी है कटंगी रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए तीनों सड़कों की हालत खराब है सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं।


आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है। 441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर मो. 9200000162 फोन- 2626496

सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 82
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 100
छोटा ब्रॉयलर - रु. 110
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 114
मुर्गा मीडियम - रु. 104
मुर्गा बड़ा - रु. 86
मुर्गा जम्बो - रु. 74
मो.-9039925000, 9425800409

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण

मामजेसिक

तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम

कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना पिंड़लियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक




लकवा रोगियों हेतु अत्यंत आवश्यक

चिपचिपाहट रहित

मामजेसिक

तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम

सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

व्यवसायिक पूछताछ 9826035091